राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-153
लखनऊ, शनिवार 20 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सरकार ने 86 लाख किसानों का कर्ज किया माफ : योगी 03

पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से नवाजे जाएंगे 19 बच्चे : मुर्मू 12


## संक्षिप्त समाचार

### मोरबी हादसा : कंपनी के मैनेजर को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** गुजरात में मोरबी पुल हादसे में ओरेवा कंपनी के मैनेजर दिनेश कुमार दवे को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के दिनेश दवे को जमानत के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हाई कोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे। दवे की जमानत रद्द करने की मांग करते हुए घटना में पीड़ित लोगों के संगठन की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। 2022 में मोरबी पुल ढहने से 135 लोग मारे गए थे और 56 गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने खाली किया बंगला

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा ने सरकारी बंगला नंबर 9 बी टेलीग्राफ लेन को आज शुक्रवार सुबह 10 बजे खाली कर दिया। मकान को संपदा निदेशालय को सौंप दिया गया है। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक मकान अधिकारियों के आने से पहले ही खाली कर दिया गया था और जबरन कोई निष्कासन नहीं हुआ। लोकसभा से सदस्यता जाने के बाद टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को आवंटित सरकारी बंगला खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया था।

### प्रसन्ना को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में कर्नाटक हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस प्रसन्ना बी. वाराले के नाम की अनुशंसा की है। कॉलेजियम ने जस्टिस वाराले की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस पीएस दिनेश कुमार को चीफ जस्टिस नियुक्त करने की अनुशंसा की है। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट के पांच एडिशनल जजों को स्थायी जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा की है। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट के एडिशनल जज जस्टिस राय चटोपाध्याय, जस्टिस सुभेंदु सामंता, जस्टिस शांपा दत्त, जस्टिस राजा बसु चौधरी और जस्टिस लापिता बनर्जी को स्थायी जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा की है।

### दो से जनता के लिए खुलेगा राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का 'अमृत उद्यान' 2 फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। घूमने-फिरने के शौकीन लोग फरवरी और मार्च माह में प्रत्येक सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन उद्यान में जाकर अलग-अलग फूलों की खूबसूरती देख सकते हैं। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से 31 मार्च तक जनता के देखने के लिए खुला रहेगा।

### दलजीत सिंह चौधरी को सौंपी एसएसबी की कमान

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी के महानिदेशक की कमान सौंपी है। केन्द्र सरकार ने बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर, 2025 तक के लिए दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी के महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया है।

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में बोइंग के सबसे बड़े परिसर का किया उद्घाटन

# नवाचार का केंद्र बनेगा बीआईईटीसी

### आकांक्षाओं को नवाचार से जोड़ता है बेंगलुरु : प्रधानमंत्री

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में नए अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) परिसर का उद्घाटन किया। 1,600 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित, 43 एकड़ का यह परिसर अमेरिका के बाहर बोइंग का सबसे बड़ा निवेश है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह नया सेंटर भारत और दुनिया भर में विमानन क्षेत्र को मजबूत करेगा। यह सेंटर नवाचार के केंद्र के रूप में काम करेगा और विमानन में प्रगति को आगे बढ़ाएगा। एक दिन भारत इस सुविधा में भविष्य के विमान डिजाइन करेगा। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु एक ऐसा शहर है, जो आकांक्षाओं को नवाचारों और उपलब्धियों से जोड़ता है। बेंगलुरु भारत की तकनीकी क्षमता को वैश्विक मांग से जोड़ता है। बोइंग का यह नया वैश्विक प्रौद्योगिकी परिसर बेंगलुरु की इस पहचान को मजबूत करेगा। मोदी ने कहा कि ये कैंपस मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के संकल्प को सशक्त करता है। ये कैंपस, भारत की योग्यता पर दुनिया के भरोसे को भी मजबूत करेगा। भारत इस सेंटर में भविष्य के विमान को भी डिजाइन करेगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा वैश्विक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार, डिजाइन और मांग को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सुविधा मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के संकल्प को मजबूत करती है। इस बीच प्रधानमंत्री ने पिछले 10 सालों में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केंद्र में स्थायी सरकार है तो इस बीच जनसमूह ने तालियां बजाकर मोदी-मोदी के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का समर्थन किया।

### प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देश के खिलाड़ियों की मेहनत और जुनून में पहले भी कोई कमी नहीं थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में उनमें नया आत्मविश्वास आया है और सरकार ने हर कदम पर उनका साथ दिया है। प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल स्वीकार की और इसे चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रोशनी के लिए रखा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हम युवाओं के खेलों में आने का इंतजार नहीं कर रहे हैं।

### रामराज्य से मिली सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास की प्रेरणा

**पीएम ने सोलापुर में 2,000 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए जनता से 22 जनवरी को अपने घरों को राम ज्योति से रोशन करने का एक बार फिर आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को जलाई जाने वाली राम ज्योति लोगों के जीवन से गरीबी दूर करने के लिए प्रेरणा बनेगी। प्रधानमंत्री सोलापुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान लगभग 2,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पहले दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन हो, देश में ईमानदारी का राज हो। ये रामराज्य ही है जिसने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा दी है। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओ के नारे लगते रहे लेकिन गरीबी नहीं हटी। गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती थीं, लेकिन उनका लाभ गरीबों को नहीं मिलता था। उनके हक का पैसा बिचौलिए लूट जाते थे। पहले की सरकारों की नीति, नीयत और निष्ठा कठघरे में थी। 10 वर्षों में मेरी सरकार ने गरीबी हटाने के उद्देश्य से योजनाएं लागू कीं।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने सीएम योगी को दी जान से मारने की धमकी

### तीन खालिस्तानियों की गिरफ्तारी के बाद तिलमिलाया गुरपतवंत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले से 3 खालिस्तानियों की गिरफ्तारी के बाद सिख फॉर जस्टिस संगठन का मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू तिलमिला गया है। इसी के चलते पन्नू ने सीएम योगी को जान से मारने की धमकी दे डाली है। बताया जा रहा है कि पन्नू ने एक ऑडियो के माध्यम से सीएम योगी को धमकी दी है। जिसमें उसने कहा है कि राम मंदिर कार्यक्रम में उन्हें कोई बचा नहीं पाएगा। साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को तहस-नहस करने की धमकी दी है। इस धमकी के बाद से यूपी पुलिस अलर्ट मोड पर है।

जानकारी के मुताबिक, यूनाइटेड किंगडम के एक नंबर से खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने एक रिकॉर्डिंग भेजी है। जिसमें उसने कहा है कि अयोध्या में यूपी पुलिस 3 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ झूठा केस बनाकर उन्हें प्रताड़ित कर रही है। ऐसे में अब 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एसएफजे से कोई नहीं बचा पाएगा। आगामी 22 जनवरी को एसएफजे की तरफसे इसका जवाब दिया जाएगा और मुख्यमंत्री योगी की राजनीतिक हत्या की जाएगी। दरअसल, बीते गुरुवार की शाम को यूपी एटीएस ने अयोध्या से 3 संदिग्धों को पकड़ा है। जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। यूपी एटीएस और इंटेलिजेंस के अधिकारी इन तीनों संदिग्धों से पूछताछ कर रहे हैं। पकड़े गए युवक राजस्थान के निवासी बताए गए हैं। इनकी गिरफ्तारी यहां पहुंची लखनऊ एटीएस की टीम ने की है। युवकों के बारे में एटीएस ने कोई जानकारी साझा नहीं की है। इन्हें रामनगरी की सीमा से गिरफ्तार किया गया है, लेकिन स्थान को सार्वजनिक नहीं किया गया है। इनकी खालिस्तानी आतंकी संगठनों के साथ संबंध होने की आशंका की जांच की जा रही है।



### क्यू.आर. कोड के मिलान के बाद ही मिलेगा प्रवेश

**अयोध्या।** भगवान श्री रामलला सरकार के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में 22 जनवरी को प्रवेश केवल श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा जारी की गई प्रवेशिका के माध्यम से ही संभव हो सकेगा। इतना ही प्रवेशिका पर बने क्यूआर कोड का मिलान होगा, उसके बाद ही अतिथियों को श्रीराम मंदिर परिसर में प्रवेश मिल सकेगा। जिनके पास केवल निमंत्रण-पत्र होगा, ऐसे आगंतुकों को प्रवेश नहीं हो पाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के जरिए शुक्रवार को यह जानकारी दी है।

# लापरवाही में निलंबित किए गए सिद्धार्थनगर के सीएमओ

### डिप्टी सीएम के निर्देश पर कार्रवाई, अयोध्या में डॉक्टर भी बर्खास्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने और चिकित्सा सेवाओं में लगातार लापरवाही के चलते सिद्धार्थनगर जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार बाजपेयी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद सिद्धार्थनगर के सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार बाजपेयी को सहारनपुर मंडल के अपर निदेशक के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। डॉ. बाजपेयी द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं से संबंधित जनपद में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रति भी गंभीर लापरवाही बरतने और पद के दायित्वों का ठीक से निर्वाहन न करने संबंधित जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। निदेशक, प्रशासन को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। रोगियों-सहकर्मियों से साथ खराब व्यवहार, चिकित्सकीय कार्यों में लापरवाही बरतने व बगैर जानकारी लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के चलते सहायक आचार्य (सर्जरी) डॉ. मेराज अहमद को तत्काल प्रभार से बर्खास्त कर दिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कहना है कि चिकित्सकीय कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बिलकिस बानो मामला : दोषियों को नहीं मिलेगा आत्मसमर्पण के लिए समय

### न्यायमूर्ति नागरत्ना व भुइयां की पीठ ने खारिज की याचिका

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सात लोगों की हत्या के दोषियों की आत्मसमर्पण करने के लिए समय बढ़ाने की उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोषियों की गुहार यह कहते हुए खारिज कर दी कि उनके आत्मसमर्पण के लिए मोहलत की मांग वाले आवेदनों में कोई ठोस आधार नहीं है, जिससे उस पर विचार किया जा सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी दोषियों को 21 जनवरी को जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा।

शीर्ष अदालत इस मामले के 11 दोषियों को गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत दी गई सजा में छूट को आठ जनवरी को अवैध करार देते हुए उसे रद्द कर दिया था। इसके साथ ही, अदालत ने उन्हें जेल प्रशासन के समक्ष दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था, जिसकी अवधि 21 जनवरी को समाप्त होने वाला है।

आत्मसमर्पण मे मोहलत की मांग करने वालों में शामिल दोषी रमेश रूपाभाई चंदना ने पारिवारिक दायित्व निभाने के लिए छह सप्ताह की मोहलत मांगी थी, जबकि दोषी मितेश चिमनलाल भट ने सर्दियों की उपज की कटाई के लिए छह सप्ताह का और समय देने की गुहार लगाई थी। एक अन्य दोषी ने अपने बूढ़े और बीमार पिता की देखभाल के लिए छह सप्ताह का अतिरिक्त समय की विनती की थी।

### सीएम मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में शहीद पुलिस जवान के परिजन को दी एक करोड़ की सहायता राशि



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले में अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद पुलिस जवान के परिजन को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की घोषणा की है। डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले में हृदय विदारक घटना में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मध्यप्रदेश पुलिस के जांबाज सिपाही एएसआई नरेश शर्मा जी का दुखद निधन पीड़ादायक है।

### 22 को महाराष्ट्र-चंडीगढ़ व पुडुचेरी में पूरे दिन का अवकाश

**नई दिल्ली।** अयोध्या के राम मंदिर में सोमवार को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर महाराष्ट्र तथा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और पुडुचेरी ने 22 जनवरी को पूरे दिन का सरकारी अवकाश घोषित किया है जबकि गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा और हरियाणा में सोमवार को कार्यालय एवं संस्थान आधे दिन बंद रहेंगे। महाराष्ट्र सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि 22 जनवरी को राज्य में सरकारी छुट्टी घोषित करने का फैसला किया गया है। वहीं, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने शुक्रवार को घोषणा की कि 22 जनवरी को केंद्र शासित प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सोमवार को राज्य सरकार के सभी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान और उपक्रम बंद रहेंगे।

# समझौता : सात से आठ सीटों पर चुनाव लड़ेगी राष्ट्रीय लोकदल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा और आर एल डी अध्यक्ष जयंत चौधरी के बीच सहमति बन गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 7 से 8 सीटों पर जयंत चौधरी और समाजवादी पार्टी का संयुक्त प्रत्याशी मैदान में उतरेगा। हालांकि अभी तक पार्टी की तरह से इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।

सपा प्रमुख अखिलेश और जयंत ने अपने मुलाकात की तस्वीरें ट्विटर पर शेयर की है। अखिलेश ने लिखा राष्ट्रीय लोक दल और सपा के गठबंधन की सभी को बधाई! जीत के लिए सभी एकजुट हो जाएं, जुट जाएं! वहीं



आरएलडी अध्यक्ष ने लिखा कि राष्ट्रीय, संवैधानिक मूल्यों के रक्षा के लिए सदैव तत्पर, हमारे गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं से उम्मीद है, अपने क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए कदम मिलाकर आगे बढ़ें! कांग्रेस और सपा दोनों ही तरफ से कहा गया है कि बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर हमारी अच्छी बातचीत हुई है। सीट शेयरिंग को लेकर पहले राउंड की बैठक में इंडिया गठबंधन के बीच औपचारिक बैठक हुई थी।

### फ्लाईपास्ट में दो महिला पायलट उड़ाएंगी फाइटर जेट

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू, 8 परिवहन, 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि एलसीए तेजस फॉर्मेशन गणतंत्र दिवस परेड में अपनी शुरुआत करेगा, जिनमें से चार परेड में तेजस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे।

# पूर्वोत्तर में हिंसक घटनाओं में आई कमी

एजेंसी



### केन्द्रीय मंत्री शाह ने शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 71वें प्लेनरी सत्र को किया संबोधित

**शिलांग।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसक घटनाओं में 73 प्रतिशत कमी आई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल पूर्वोत्तर के लिए स्वर्णिम रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 71वें प्लेनरी सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट नीति पर चल रही है। पूर्वोत्तर मोदी सरकार में हिंसा का रास्ता छोड़ शांति और समृद्धि की राह पर चल रहा है। मोदी के नेतृत्व में एक्ट ईस्ट नीति के तहत एनईसी की भूमिका और दायरा बढ़ा है। शांति और समृद्धि जब साथ होते हैं तभी विकास होता है और इसके लिए मोदी सरकार ने अनेक शांति समझौते किए हैं। आधारभूत ढांचा के निर्माण से पूर्वोत्तर से दिल्ली और शेष भारत के बीच की दूरी ही कम नहीं हुई बल्कि, मन का अंतर भी कम हुआ है। जैविक उत्पादों, मछली पालन, डेयरी और अंडा उत्पादन के चारों क्षेत्रों से 13 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर राज्यों को राजकोषीय घाटा कम करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि बाढ़मुक्त और नशामुक्त पूर्वोत्तर बनाने पर जोर देना होगा और एनईएसएसी का उपयोग कर जल प्रबंधन को पुख्ता बनाना होगा।

# श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के मद्देनजर श्रद्धालुओं के लिए बंद हुआ मंदिर

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर अपनी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी को होना है। इस कार्यक्रम के मद्देनजर पूरी दुनिया में उत्साह का माहौल है। अयोध्या में भी भव्य स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस कार्यक्रम से पहले 19 जनवरी यानी शुक्रवार से आम श्रद्धालुओं के लिए राम मंदिर बंद कर दिया जाएगा। यानी अब राम मंदिर में श्रद्धालु नहीं जा सकेंगे।

राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की भव्य समारोह के बाद ही आम श्रद्धालु राम मंदिर दर्शन कर सकेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देश के दिग्गज नेता, फिल्म जगत की हस्तियां, उद्योगपति, खेल जगत के चेहरे शामिल होंगे। इस दिन कई हाई प्रोफाइल लोग अयोध्या में उपस्थित रहेंगे। ऐसे में आम भक्तों को 22 जनवरी को राम मंदिर में जाने की अनुमति नहीं होगी।

### अयोध्या पर फैसला देने वाले पांच जजों को मिला न्यौता



**अयोध्या।** 2019 में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में फैसला देने वाले सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों को 22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में राम लला के अभिषेक समारोह में आमंत्रित किया गया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों और प्रमुख वकीलों सहित 50 से अधिक न्यायविदों को भी निमंत्रण दिया गया है। तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, पूर्व सीजेआई एसए बोबडे, वर्तमान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और पूर्व न्यायाधीश अशोक भूषण और एस अब्दुल नजीर की पांच सदस्यीय पीठ ने विवादित स्थल पर एक ट्रस्ट द्वारा भव्य राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाया था। पीठ ने पूरी विवादित भूमि रामलला को दे दी और सरकार को मुस्लिम पक्ष को मस्जिद बनाने के लिए वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का आदेश दिया।

लोकार्पण

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया 35 परियोजनाओं का लोकार्पण

# सीमावर्ती-पहाड़ी क्षेत्रों में दी जा रही हैं विश्वस्तरीय सुविधाएं

एजेंसी

**देहरादून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को जोशीमठ के ढाक पहुंचे। रक्षा मंत्री ने यहां से भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बनाए गए पुल समेत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित देश के विभिन्न जगहों की 35 परियोजनाओं का लोकार्पण किया।



रक्षा मंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें उत्तराखंड में 03 ब्रिज, जम्मू-कश्मीर में 01 सड़क व 10 ब्रिज, लद्दाख में 03 सड़क व 6 ब्रिज, हिमाचल प्रदेश में 01 ब्रिज, सिक्किम में 02 सड़क, अरूणाचल प्रदेश में 08 ब्रिज तथा मिजोरम में 01 ब्रिज शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में उपस्थित होने पर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज 670 करोड़ की लागत से 35 बीआरओ प्रोजेक्ट को राष्ट्र को समर्पित करना मेरे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है।

उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से बीआरओ ने इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में जिस क्षमता से कार्य किया है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि पहले के समय में सीमावर्ती इलाकों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। उसे समय की सरकार अलग मानसिकता से काम करती थी। उनके हिसाब से मैदानी इलाकों में रहने वाले लोग ही मुख्य धारा के लोग होते थे। अब हमारी सरकार ने पुरानी सोच को बदला है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार संकल्पित होकर सीमावर्ती और पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े लोग किसी सिपाही से काम नहीं है यह हमारी सरकार की मान्यता है। राजनाथ ने कहा कि हाल ही में सीमावर्ती राज्यों में जिस प्रकार से प्राकृतिक आपदाएं घटित हुई हैं उस पर अध्ययन करने की जरूरत है। हिमालय का विस्तार अन्य राज्यों में भी है लेकिन कुछ राज्यों में घटनाएं घटी हैं जिसे अनदेखी नहीं किया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन केवल मौसम से नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ भी विषय है।

### प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की सोच अन्य सरकारों से अलग

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय सुविधा बहाल की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की सोच अन्य सरकारों से अलग है। पहले की सरकारों के लिए बॉर्डर एरिया अंतिम होता था, लेकिन हमारी सरकार की सोच बॉर्डर एरिया चेहरा है। इसलिए हम सीमाओं पर भी विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं। आज देश में हर सीमावर्ती इलाकों में सड़कें, सुरंगों और पुलों के माध्यम से कनेक्टिविटी दी जा रही है। इसका सुरक्षा के साथ ही बॉर्डर एरिया पर रह रहे लोगों के विकास और कल्याण से संबंध जुड़ा हुआ है।

# जन-जन तक पहुंच रही कल्याणकारी योजनाएंः विधायक

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत त्रिवेदीगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत पोखरा में हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव पहुंचकर वंचितों को सीधे योजनाओं के लाभ से जोड़ने का काम कर रही है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा समाज के अंतिम छोर पर बसे हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन कल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना है उक्त उद्गार आज विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत पोखरा गाँव स्थित दशहरा मैदान प्रांगण में ग्राम प्रधान लल्लन बाबू द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने व्यक्त किए। मंच का सफल संचालन संतोष मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार किसानो की सरकार है इसीलिए किसानों को सम्मान निधि का लाभ गरीबों को वर्षो में 5 लाख का आयुष्मान कार्ड से मुक्त इलाज निःशुल्क राशन उज्ज्वला योजना पेंशन सहित कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर समाज के सभी तबके का विकास बिना भेदभाव के किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित करने के साथ उनकी गोद भराई कराई गई। भारत को विकसित व आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए सभी को मुख्य अतिथि द्वारा पंचप्रण की सपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर सोनू बाजपेई के सौजन्य से लखनऊ व रायबरेली जनपद से आए कलाकारों द्वारा राम आएंगे की धुन पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व जन समूह का मन मोह लिया। प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्राम प्रधान पोखरा लल्लन बाबू के सुपुत्र आशू बाबू ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर अंगवस्त्र प्रदान कर उनके प्रति आभार प्रकट किया इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रधान त्रिवेदीगंज प्रेम नारायण दीक्षित पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह भाजपा नेता पंकज दीक्षित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा प्रधान सोनू सिंह गीरव सिंह भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान मनोज सिंह कुंवर रमानंद सिंह अभय प्रताप सिंह गुड्डू भानु बाजपेयी विजय बहादुर सिंह बीजेपी मीडिया प्रभारी लव मास्टर सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# इनोवा कार का टायर फटा, छह घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



▸ एम्बुलेंस से सभी को हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 29 प्लस किलोमीटर पर शुक्रवार की शाम हुए सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गये। हादसे के समय इनोवा कार पर चार बच्चों सहित आधा दर्जन से अधिक लोग सवार थे घटना का कारण कार का पिछला टायर फटना बताया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार 705 एल न्यू आवास विकास कॉलोनी बेतिया हाता रोड साउथ गोरखपुर निवासी आरती सिंह पत्नी रितेश सिंह 38 वर्ष मिथिलेश सिंह पुत्र स्वर्गीय चंद्र प्रकाश सिंह 45 वर्ष अर्शी सिंह पुत्र रितेश 5 श्वेता सिंह पत्नी मिथलेश सिंह शिवाय सिंह शिवन्या सिंह मुकेश सिंह शिव सिंह सराया सिंह आदि लोग इनोवा कर पर सवार होकर गोरखपुर के शुभम कंपाउंड शिवपुरी न्यू कॉलोनी गोरखपुर निवासी अरुण कुमार पांडे 42 वर्ष पुत्र सच्चिदानंद पांडे के साथ गोरखपुर स्थित अपने घर से बीमार आरती सिंह को दिखाने के लिए लखनऊ जा रहे थे जब उनकी कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 29 वे किलोमीटर पर पहुंची तभी कार का पिछला टायर फट जाने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई जिसके चलते कार चला रहे अरुण कुमार आरती सिंह अरसिव सिंह और मिथिलेश सिंह घायल हो गए। गश्ती दल की सूचना पर पहुँची पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की क्विक रिस्पांस टीम एम्बुलेंस द्वारा सभी लोगों को हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी लोगों को छुट्टी दे दी गई। वहीं हादसे के दौरान घायल हुई आरती सिंह का ब्लड प्रेशर अनियंत्रित होने की वजह से डॉक्टर जयशंकर पांडे द्वारा किसी कार्डियो लार्जेस्ट को दिखाने की सलाह दी गई।

# मतदाता प्रशिक्षण व जागरूकता अभियान आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

तहसील परिसर में सुबह दस बजे से शाम पांच तक मतदाता प्रशिक्षण व जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तहसील आने वाले लोगों को ईवीएम के बारे में जागरूक किया गया। जागरुकता अभियान के दौरान लोगों ने ईवीएम में वोट डालकर देखें। उन्होंने देखा कि जिस प्रतीक चिन्ह के सामने वाला बटन दबा रहे हैं। उस प्रतीक चिन्ह की पर्ची वीवी पैट में दिखाई दे रही है या नहीं।शुक्रवार को सिरौलीगौसपुर तहसील के मुख्य गेट पर ईवीएम वीवी पैट के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रशिक्षण का निरीक्षण तहसीलदार वैशाली अहलावत ने किया।

उक्त कार्यक्रम का संचालन कर रहे राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार व अनन्तराम शुक्ला ने मतदाता अरुण कुमार मिश्रा सहित आज तक 450 मतदाताओं के वोट डलवा कर मतदाता जागरूकता प्रशिक्षण में सम्मिलित किया है।

तहसीलदार वैशाली अहलावत ने बताया कि जागरूकता अभियान में शामिल लोगों को उसी प्रतीक चिन्ह की पर्ची वीवी पैट में दिखाई दी। जिस प्रतीक चिन्ह के सामने वाला उन्होंने बटन दबाया। जागरूकता अभियान में की गई वोटिंग के बाद डाले गए मतों की गणना भी की गई ।इस मौके पर श्रवन कुमार यादव, राम आशीष हिमांशू वर्मा आनन्द शर्मा संदीप कुमार वर्मा आदि राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# फरार अभियुक्त के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

न्यायालय के आदेश से फरार अभियुक्त मो मुसैब के विरुद्ध बाराबंकी पुलिस द्वारा धारा 82 सीआरपीसी के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन मे जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियो के विरूद्ध जनपद मे लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।इसके साथ ही पंजीकृत अभियोगों के सफल अभियोजन हेतु अभियुक्तों को गिरफ्तार किये जाने हेतु नियमानुसार विधिक कार्यवाही किए जाने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना जैदपुर पर पंजीकृत मुअसं 402/2023 धारा 8/21सी/29 एनडीपीएस एक्ट के वांछित अभियुक्त मो मुसैब पुत्र मो नसीम निवासी टिकरा उस्मा थाना जैदपुर को न्यायालय द्वारा वारण्ट जारी किया गया था। किन्तु अभियुक्त गिरफ्तारी, वारण्ट के तामीला से बचने के लिए अपने आप को पुलिस से छुपा रहा है। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट द्वारा अभियुक्त के हाजिर होने की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा धारा 82 द.प्र.सं. का नोटिस जारी किया गया। जिसके क्रम में आज थाना जैदपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त मो मुसैब उपरोक्त के विरूद्ध न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट द्वारा जारी नोटिस धारा 82 द.प्र.सं. की कार्यवाही के तहत प्रभारी निरीक्षक जैदपुर अमित प्रताप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मो मुसैब के घर ग्राम टिकरा उस्मा में डुग डुगी पिटवाकर मुनादी कराकर,सार्वजनिक स्थान एवं अभियुक्त के घर के बाहर नोटिस चस्पा किया गया तथा आसपास के लोगो को भी इस बारे मे अवगत कराया गया कि यदि उपरोक्त अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होता है।

तो शीघ्र ही इसके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।ज्ञात हो कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य मो मुसैब पुत्र मो नसीम निवासी टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी (मो अकील उर्फ भूरा का छोटा भाई) व उसके परिवारीजनो द्वारा अर्जित की गयी चल,अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 5 करोड़ 60 लाख 30 हजार 5 सौ रुपये को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत पूर्व में कुर्क किया जा चुका है।

## धूमधाम से निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**बिजुआ खीरी** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोंधिया में माता भगवती के पौराणिक मंदिर का जीर्णोद्धार समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से करवाया गया। आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए गोधिया निवासी विकासनी वर्मा ने मां भगवती की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा करवाने के लिए आगे आई। सीतापुर से मुख्य आचार्य बालेश्वर मिश्र श्याम जी व मयंक शरण शास्त्री महोली सीतापुर द्वारा पांच दिवस की यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे 18 जनवरी को भव्य कलश यात्रा निकाल कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञाचार्य ने बताया यज्ञ हवन पूजन 22 जनवरी तक लगातार चलेगा। 22 जनवरी को माता जी की विशाल शोभा यात्रा निकाल कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 22 जनवरी को भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

# एलईडी वैन से किया गया योजनाओं का प्रचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

नगर पंचायत सुबेहा में संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर पंचायत सुबेहा के अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत एवं भाजपा सेक्टर संयोजक विपिन मौर्य, रूपचंद चौरसिया ने हिस्सा लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग शिक्षा विभाग सहित सभी विभागों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर आई मोदी की गारंटी वाली एलईडी वन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद सुना गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और वहां पर मौजूद जनता से संवाद किया। कार्यक्रम में आई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के आदेश दिए गए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर की समुचित साफ सफाई कराकर मंदिर को रंग बिरंगी झालरों से सजा दिया गया है और पंडाल लगाकर रजाई गद्दे भी रखवा दिए गए हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व नगर अध्यक्ष सुबेहा लाखू साहू बूथ अध्यक्ष राजेंद्र वैश्य नगर पंचायत सुबेहा के लिपिक सतीश श्रीवास्तव पीएचसी सुबेहा अधीक्षक डॉ ओमप्रकाश कुरील सीएचसी अधीक्षक हैदरगढ़ डॉ सौरभ शुक्ला मोहम्मद कश्पी नरेंद्र कुमार संतोष तिवारी अश्वनी राकेश फुरकान मुजिम ताहिर सहित सैकड़ो की संख्या में लाभार्थी व जन सामान्य उपस्थित रहा।

## खबरें एक नजर में

### कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश दुबे के निर्देश पर बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा ने आगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर हाट कुक्ड वितरण की जानकारी लिया। शुक्रवार को सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने सुपर वाइजर सरोज यादव के साथ क्षेत्र के परसा, धुसेडिया, सिरौलीगौसपुर सहित कई आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित बच्चों की उपस्थिति व बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार व भोजन की गुणवत्ता की जांच की। बच्चों का वजन, ग्रोथ चार्ट पंजी सहित अन्य पंजियों का गहन निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ती को समय से प्रतिदिन केंद्र संचालन का निर्देश दिया तथा उपस्थित बच्चों को हॉटकुक्ड फूड अपने सामने खिलवाया और केन्द्र संचालन में सहयोग कर बच्चों से गिनती तथा एबीसीडी सुनी।

### अज्ञात कारणों के चलते नव युवक ने की आत्महत्या



**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़ा पुर सवारान में एक नव युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार रोहित पुत्र राजेंद्र प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी पहाड़ा पुर मृतक के पिता ने बताया हमारे लड़के की दिमागी हालत कुछ दिनों से ठीक नहीं थी पता नही किस कारण से रात में पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही ग्रामीणों की माने तो मृतक तेज तर्रार और मिलनसार था। मृतक के एक हाथ व एक पैर में पोलियो लगी थी। इस प्रकार पेड़ पर चढ़ कर आत्म हत्या कर लेना ये बात ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पडरिया तुला चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव ने पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

### पुलिस-प्रशासन ने नगर में किया पैदल भ्रमण



**मोहम्मदी खीरी।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और मोहम्मदी नगर में आयोजित अनेकों कार्यक्रमों को देखते हुए उपजिलाधिकारी अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंहए कस्बा इंचार्ज बाबूराम सहित सभी चौकियों के चौकी इंचार्जए हलका इंचार्ज सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने रामलीला चौराहे से नगर के प्रमुख मार्गो पर पैदल ग्रस्त किया। उप जिलाधिकारी ने कहा अराजक तत्वों पर पुलिस पैनी नजर रखे है। यह पैदल गस्त शान्ति व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।



## अपनी ताकत का इस्तेमाल व्यक्ति की मदद के लिए करना चाहिएः सुरेश यादव

**बाराबंकी।** शहर के बनवा में कड़कड़ाती ठंड में लाचार,असहाय और सैकड़ो गरीब लोगो को ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरण करते हुऐ सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा की मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। असहाय व निर्धन लोगों के बीच कंबल वितरण करते हैं, जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से कंबल वितरण करते हैं, लेकिन यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं, और क्षेत्र में घूम-घूम कर पूरी तरह लाचार असहाय व बेवश लोगो तक पहुँचते है उन्होंने कहा कि ऐसा करके हमें काफी आत्मसंतुष्टि मिलती है, क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं। लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है, इसलिए हम ऐसे काम करते हैं।

### हीटर उपयोग के सावधानियों पर किया जागरूक

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** 19 जनवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशानुसार फायर सर्विस खीरी द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत फायर स्टेशन लखीमपुर के अंतर्गत अग्निशमन द्वितीय अधिकारी लीडिंग फायर मैन फायर मैन की अलग अलग टीम बनाकर तहसील सदर राजापुर गल्लामंडी लखीमपुर कृषि गन्ना समिति लखीमपुर विकास भवन लखीमपुर तथा प्रभारी फायर स्टेशन मोहम्मदी द्वारा फायर स्टेशन मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम बबोरी, मोहल्ला सरैया मोहम्मदी, ग्राम धर्मपुर, ग्राम सहदेवा में हीटर अंगीठी के उपयोग तथा सावधानियों के संबंध में जनसामान्य को जागरूक किया गया साथ ही बैनर लगाए गए व पंपलेट्स वितरित किये गए तथा यह भी बताया गया की रात्रि में हीटर, अंगीठी तथा ब्लोअर को सोते समय बंद कर दें। खिड़की दरवाजे कपड़े, प्लास्टिक इत्यादि से बंद न करें ऑक्सीजन की कमी से जान का खतरा होता है ज्वलनशील वस्तु पर्दा, बिस्तर इत्यादि से दूर आग जलाएं आग का प्रयोग सावधानी से करें।

### गौशाला की आड़ में हो रहा मछली का व्यवसाय

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा के निवासी मोहित वर्मा ने जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर बांसखेड़ा के प्रधान संतोष वर्मा व उनके पिता जितेन्द्र वर्मा व उनके प्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से प्रधान के ऊपर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत कर्ता ने बताया कि बांसखेड़ा के ग्राम प्रधान संतोष वर्मा व उनके पिता जितेन्द्र वर्मा ने जिला परिषद की जमीन पर गौशाला खुलवाई हैं। जिसमें करीब तीन सौ गाय व बछड़ा है। शासन के द्वारा गौशाला नाम पर जो भी पैसा गायों के लिए आता है उसे वह खुद हजम कर जाते हैएऔर गौशाला में गायें भूखों व ठंड से मर रही है और कुपोषण का शिकार हो रही हैए काफी गायों मौत हो चुकी है।

# फिसड्डी प्रधान-सचिवों को डीएम ने लगाई फटकार



**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड में प्रर्दशित बिन्दु पन्द्रहवॉ वित्तध्पंचम वित्त आयोग के तहत उपलब्ध धनराशि को व्यय न करने वाली सबसे खराब 20 ग्राम पंचायतों की समीक्षा कीए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक का संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया।

उक्त ग्रामों की समीक्षा के दौरान पाया कि नरेन्द्र यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत सर्वा, तेन्दुआ ब्लॉक फूलबेहड व ग्राम प्रधान बडागॉव ब्लॉक पलियां ग्राम प्रधान लुधौरी ब्लॉक निघासन एवं ग्राम प्रधान सिंगाही खुर्द ब्लॉक निघासन अनुपस्थित पाए गए जिसपर डीएम ने सम्बन्धित से स्पष्टीकरण लिए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य वित्त में उपलब्ध धनराशि को ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास में उपयोग न करने वाली पंचायतो का आगामी बैठक में उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। ऐसे ग्राम प्रधानों के विरुद्ध उप्र पंचायती राज अधिनियम की धारा 95.1.छ के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। वही संबंधित सचिवों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीएम ने उपस्थित सचिवों से ग्रामवार समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए कि पन्द्रहवॉ वित्तध् पंचम वित्त आयोग की उपलब्ध धनराशि को शीघ्र ही युद्ध स्तर पर कार्ययोजना में सम्मिलित कार्य यथा मिशन कायाकल्प एवं अन्य विकास कार्य को कराकर समस्त वित्तीय नियमों का पालन करते हुए नियमानुसार उपलब्ध धनराशि को व्यय करना सुनिश्चित करें। ताकि जनपद की रैकिंग में अपेक्षित सुधार हो सके। आगामी बैठक में उक्त के सम्बन्ध में समस्त सचिवों की सचिववार समीक्षा की जायेगी।

उक्त के अतिरिक्त समीक्षा के दौरान यह भी पाया कि पन्द्रहवॉं वित्त आयोग के अन्तर्गत ब्लॉक फूलबेहड़, बेहजम, ईसानगर, पलिया एवं रमियाबेहड़ तथा पंचम वित्त आयोग के अन्तर्गत ब्लॉक फूलबेहड, पलिया, नकहा, पसगवॉ एवं लखीमपुर की प्रगति जनपद में सबसे खराब पायी गई। उपस्थित एडीओ ;पं0 को निर्देशित किया कि प्रतिदिन ग्राम पंचायत वार समीक्षा कर उपलब्ध धनराशि से कार्ययोजना के अनुरूप नियमानुसार विकास कार्यो को कराने उपलब्ध धनराशि को व्यय कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान डीपीआरओ, एडीपीआरओ, एडीओ ;पं. डीसी स्वच्छ भारत मिशन ;ग्रा. जिला परियोजना प्रबन्धक तथा जिले में पन्द्रहवॉं वित्त आयोग एवं पंचम वित्त आयोग के अन्तर्गत सबसे खराब प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान तथा सचिव उपस्थित रहें।

### जनता दर्शन में डीएम ने निस्तारित की कई समस्याएं

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार की सुबह गोला तहसीलए ब्लॉक बिजुआ के ग्राम सहसपुर निवासी रवि वर्मा जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर मदद की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कहा कि बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी। अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली। डीएम के समक्ष उपस्थित होकर फरियादी रवि ने कहा कि साहब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर आप द्वारा पोस्ट की स्पॉन्सरशिप योजना के लाभ के बारे में आपसे हुई वार्ता के क्रम में आज मिलने आया हूं। हुजूर हमारी पत्नी का माह जनवरी वर्ष 2023 में निधन हो गया था। हमारे दो पुत्री वर्तिका ;07 वर्ष और अनिका ;04 वर्ष है। डीएम ने फॉरेन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम को बुलाकर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्पॉन्सरशिप योजना के लाभ दिए जाने के लिए निर्देशित किया।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी की देखरेख में चुनाव संपन्न



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** तहसील मितौली के वरिष्ठ समिति चुनाव समिति तहसील बार एसोसिएशन मितौली के अध्यक्ष रामबाबू बाजपेई एडवोकेट बार एसोसिएशन मितौली की मौजूदगी में नामांकन पत्रों के जमा करने के समय समिति के रिक्त पदों पर एकल नामांकन प्राप्त होने के चलते निर्विरोध निर्वाचित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सोहनलाल बर्मा एडवोकेट सहायक चुनाव अधिकारी प्रथम वीरेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट, द्वितीय सहायक निर्वाचन अधिकारी आनंदपाल की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी सोहनलाल वर्मा एडवोकेट ने बताया अध्यक्ष वरिष्ठ समिति रामबाबू बाजपेई एडवोकेट मितौली की मौजूदगी में अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष रह चुके सत्य प्रकाश मिश्र एडवोकेटए उपाध्यक्ष पद के लिए राजीव बहादुर सिंह एडवोकेट व महामंत्री पद के लिए दिवाकर नाथ एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद पर आनंद कुमार त्रिवेदी एडवोकेट, ऑडिटर पद पर लक्ष्मीकांत अग्निहोत्री एडवोकेट, संयुक्त मंत्री पद पर शैलेंद्र कुमार मिश्र, के एकल नामांकन पत्र जमा हुए थे उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन समिति के द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रही ट्राली को एसडीएम ने किया सीज

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी डाक्टर अवनीश कुमार ने शुक्रवार को सुबह तड़के मिट्टी खनन कर ला रही एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर सीज कर दिया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मगरेना की ओर कई दिनों से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे देखा तो वहां एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी खनन कर ले जा रही थी। उससे कागजात मांगे तो वह दिखा ना सका। उपजिलाधिकारी ने ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। पकडी गई ट्रैक्टर ट्राली ग्राम चकवाकरपुर फरेंदा निवासी लवदीप शर्मा की है।

# गौ पूजन कर पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**

विकास खंड रमियाबेहड के ग्राम भटपुरवा कला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में सरकार की मंशा के अनुरूप एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी लखीमपुर डॉ. सोमदेव सिंह चौहान के दिशा निर्देशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गयाए शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रानी वर्माए प्रतिनिधि जीत राम वर्मा ने गौ पूजन कर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की फोटो पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। मेले में आए हुए उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार ने पशुओं के टीकाकरण व क्रमिनाशक दवा पान के बारे में जानकारी दी। ईसानगर के डॉ प्रदीप कुमार ने किसान क्रेडिट कार्ड, टैगिंग का महत्व बीमा के बारे में जानकारी दीए सिंगाही के डॉ. अवधेश पटेल ने पशुओं को ठंड से बचाव वा हरा चारा के बारे मे जानकारी दी पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. अनिल दुबे ने पशुपालकों को बीमा योजना एवम सेक्स सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्वधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेले में आए हुए 35 किसानों के 517 पशुओं का मुफ्त इलाज किया गया।

लापरवाही

बाल श्रम को जिम्मेदार दे रहे बढ़ावा

# खुलेआम होटल पर लिया जा रहा बच्चों से काम



**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बाल श्रम उन्मूलन को लेकर सरकार ने कई कार्यक्रमों की शुरुआत की है। फिर भी खेत खलिहानों से लेकर होटलों, चाय-नाश्ता या किराना दुकानों पर बाल श्रमिकों को काम करते देखा जा रहा है। यही नहीं कई बच्चे कूड़े की ढेर पर अपना बचपन तलाशते देखे जाते हैं। बाल श्रम उन्मूलन के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई गई हैं। यहां तक कि उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जगह-जगह आवासीय विद्यालय खोले गए हैं। बाल श्रम रोकने के लिए कानून बनाकर दोषी लोगों को दंडित करने का प्रावधान भी बनाए लेकिन इसका अपेक्षित परिणाम अब तक सामने नजर नहीं आ पा रहा है। लोग बाल मजदूर से खुलेआम काम करा रहे हैं क्योंकि छोटे बच्चे कम मजदूरी पर काम करते हैं। ऐसा माना जाता है कि एक बाल श्रमिक पूरे दिन में दो से ढ़ाई मजदूर के बराबर काम करता है। इतना करने के बाद भी उसे उस काम के बदले में कम मजदूरी मिलती है। ऐसे में बाल मजदूर शोषण के शिकार हो रहें हैं। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में प्रशासन ठोस कार्रवाई करने के बजाय महज खानापूर्ति कर अपने कर्तव्य का इति श्री कर लेता है। प्रशासनिक कार्रवाई पर गौर करें तो बाल श्रम के प्रति श्रम विभाग पूरी तरह खामोश दिख रहा है। लखीमपुर खीरी के बांकेगंज क्षेत्र स्थित मिठाईए चायए चाट पकौ?ीए किराना आदि दुकानों पर नन्हे मुन्ने बच्चे बाल श्रम करते हमेशा नजर आते हैं। बांकेगंज में दर्जनों किराने की दुकानें हैं और कई ऐसे होटल है जिस पर बच्चे काम करते हुए देखे जा सकते हैं। इसके बावजूद श्रम विभाग या फिर प्रशासन के अधिकारी इन दुकान के संचालकों पर कार्रवाई करते नजर नहीं आते। बाल मजदूरी के पीछे मुख्य कारण गरीबी, लाचारी और पढ़ाई का अभाव है वही माता-पिता का अशिक्षित होना भी मुख्य कारण देखा गया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत छह से 14 वर्ष तक के बच्चो को सरकार शिक्षा देने को लेकर वचनबद्ध है लेकिन अभिभावकों के उदासीन रवैये से नन्हे मुन्ने बच्चों का भविष्य अंधकार में है जिसका फायदा उठाकर दुकानदार, होटल वाले कम पैसे देकर धड़ल्ले से बाल मजदूरी करवा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना किसानों से संवाद करते हुए कहा

# सरकार ने 86 लाख किसानों का कर्ज किया माफ

▸ पिछली सरकारों की अनदेखी से चीनी मील हो रही थीं बंद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि 2017 से पहले कर्ज में डूबा किसान आत्महत्या के लिए मजबूर था, जबकि भाजपा सरकार की नीतियों से किसानों की आमदनी में इजाफा हुआ है और वह खुश एवं संपन्न जीवन जी रहा है।

सीएम योगी ने गन्ना किसानों से संवाद करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश के 86 लाख किसानों का कर्ज माफ किया है जबकि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। वह कर्ज में डूब हुए थे। खेती के लिए बिजली, खाद और सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। सीएम योगी ने कहा, पिछली सरकारों की अनदेखी से चीनी मील बंद हो रही थीं। हमारी सरकार सत्ता में आई तो मुश्किल से 110 चीनी मिलें चल रहीं थी। उन पर भी वर्ष 2010 से 2017 के बीच गन्ना मूल्य का बकाया था। हमने सबसे पहले गन्ना किसानों के बकाया का भुगतान किया और 120 चीनी मिलें को संचालन कराया।

इतना ही नहीं कोरोना के दौरान जब देश के अन्य राज्यों में चीनी मीलें बंद हो रहीं थीं तो प्रदेश मजबूती के साथ चीनों मिलों को चला रहा था। पिछले साढ़े छह वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने लगभग 7 लाख करोड़ की राशि सीधे अन्नदाता के खातों में भेजी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 315 रुपये प्रति कुंतल दिया जाता था, लेकिन वह पैसा भी उनको नहीं मिल पाता था। इस पर हमने काम शुरू किया और आज 120 चीनी मिलों में 105 चीनी मिलें 10 दिन के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रहीं हैं। इसे शत प्रतिशत करने पर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। आज गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 370 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठ कार्यक्रम से पहले गन्ना किसानों को एसएपी में बढ़ोतरी का उपहार दिया है क्योंकि भगवान की पूजा से पहले अन्नपूर्णा देवता को भोग लगाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह फैसला लिया।

सीएम ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ उनके साथ खड़ी है। गत वर्ष हमने आम के चार किसानों को मास्को भेजा था। यहां पर जो आम 40 से 50 रुपये किलो बिक रहा था, वहीं मास्को बाजार में पहुंचा तो 800 से लेकर 1000 प्रति किलो में बिका। इससे अन्नदातों की आय में बढ़ोतरी हो रही है और वह समृद्ध हो रहे हैं। यह डबल इंजन की सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जो 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की साक्षी बनेगी।

ऐसे में प्रदेश के सभी अन्नादाता किसानों को टेलीविजन के माध्यम से जुड़ना चाहिये। गांव में जगह-जगह पर भंडारा कराएं और मंदिरों में हो रहे संकीर्तन में शामिल हों। वह सुबह मंदिरों की सफाई करें और शाम को घर के साथ मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव का भव्य आयोजन करें। यह हमारी विरासत को सम्मान देने के साथ हमारा दायित्व भी है।

### सीएम ने हनुमानगढ़ी में किया दर्शन-पूजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर है। जहां पहुंचकर उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन किया। रामनगरी पहुंचने के तुरंत बाद सीएम योगी ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किया और सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की। बता दें कि महज तीन बाद रामलला अपने भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। 11 दिन के भीतर (9 जनवरी, 14 जनवरी और 19 जनवरी) सीएम योगी का रामनगरी का यह तीसरा दौरा है। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी तैयारियों के संदर्भ में भी जानकारी ली। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। यहां उन्होंने संतों-महंतों से भी हालचाल जाना। यहां ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी जानकारी दी। दर्शन-पूजन के दौरान काबीना व प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## सपा प्रतिनिधिमंडल फतेहपुर पहुंचा दीपक हत्याकांड की पड़ताल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल फतेहपुर के थाना औंग के ग्राम बनियनखेड़ा में मृतक दीपक विश्वकर्मा के घर गत दिनों दीपक विश्वकर्मा की हत्या मामले की जानकारी लेने पहुंचा।

प्रतिनिधि मण्डल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्वमन्त्री राम आसरेविश्वकर्मा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह मंजरयार जिला महासचिव प्रेमनाथ विश्वकर्मा राजेन्द्र सिंह वर्मा मोहन साहू पूर्व चेयरमैन बांदा ने बनियनखेडा में मृतक दीपक विश्वकर्मा के घर पहुंचकर उनके माता पिता तथा परिजनों से मुलाकात की और घटना की पूरी जानकारी एकत्र की। औंग कस्बा में दीपक विश्वकर्मा की सहज जन सेवा की दुकान थी जिस पर बगल गांव गढ़ी के गौरव सिंह का जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर विवाद हो गया। 9 जनवरी को गौरव सिंह ने दीपक विश्वकर्मा की दुकान से कम्प्यूटर प्रिन्टर छीन ले गया तथा इसको जान से मारने की धमकी भी दी। 11 जनवरी को रात्रि 10 बजे गौरव सिंह विवाद बढ़ने पर अपने साथियों के साथ मिलकर दीपक विश्वकर्मा की हत्या कर दी तथा लाश को बगल के रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। जानकारी पुलिस को होने पर तथा शव की पहचान होने पर बिना परिवार वालों का इन्तजार किये थाना पुलिस औंग ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। काफी दबाव के बाद में दूसरे दिन थानाध्यक्ष औंग ने गौरव सिंह तथा तीन अन्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की। थाना औंग की पुलिस हत्यारों को बचा रही है। क्षेत्रीय दबाव व घेराव के बाद पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष औंग को हटा दिया और मामला क्राइम ब्रांच को सौंप दिया हो। अन्य हत्यारे अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तथा विश्वकर्मा समाज के नेता व अन्य प्रतिनिधि तथा ग्रामवासी मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कोनेश्वर मंदिर में की साफ-सफाई



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का आह्वान किया। इसके बाद भाजपा संगठन ने 14 जनवरी से प्रदेश के मंदिरों, मठों व तीर्थस्थलों पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने चौक के कोनेश्वर महादेव मंदिर में सफाई की। पहले शिवलिंग के आस-पास बिखरे हुए फूलों को उन्होंने कपड़े से एकत्र किया। फिर उन्हें एक टोकरी में रखा। शिवलिंग के आस-पास पोछा लगाया। मंदिर परिसर में झाड़ू लगाई। उन्होंने इसके बाद कहा कि यह स्वच्छता अभियान बीजेपी का नहीं है, सबका है। स्वच्छता में सबको सहयोग करना चाहिए। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राजधानी राजनाथ सिंह भी मंदिरों में पहुंचकर सफाई कर चुके हैं।

### बीजेपी सरकार की नीतियों से ऊब चुकी है जनता : राकेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन पूरी तरह मजबूत है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में यूपीए को मुंहतोड़ जवाब देगा। अखिलेश और जयंत की जोड़ी यूपी में अपनी ताकत का अहसास करा देगी। बीजेपी सरकार की नीतियों से जनता ऊब चुकी है। यह सरकार न किसानों की हितैषी है न नौजवानों की, गरीब और शोषित वर्ग की उपेक्षा हो रही है। किसानों की आमदनी दोगुनी करने का दावा करने वाली डबल इंजन की सरकार सबसे ज्यादा किसानों का ही अहित करती है। यह बात कहते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि किसानों के साथ इससे बड़ा धोखा और क्या होगा कि यूरिया खाद की बोरी का वजन पहले 50 किलोग्राम होता था जिसे डबल इंजन की सरकार ने 45 किलोग्राम किया,इससे भी जी नहीं भरा तो अब 40 किलोग्राम कर दिया गया। इसे किसान जानते हैं, गुस्सा है, चुनाव में असर दिखेगा।

### राजकीय आईटीआई लखनऊ में रोजगार मेला 23 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आईटीआई अलीगंज के राज कुमार यादव प्रधानाचार्य ने बताया कि 23 जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में रोजगार दिवस का आयोजन होगा जिसमें 24 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। एमएए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि रोजगार दिवस में 24 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगे जिसमें 1953 रिक्तियाँ है जिसमें हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा स्नातक पास अथवा कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तथा जिसकी आयुसीमा 18 से 35 वर्ष हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन रुपये 8,000 से 21,750 प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### नेशनल कम्पटीशन में सी.एम.एस. छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फसिटी कैम्पस की कक्षा-1 की प्रतिभाशाली छात्रा रूद्रा सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. गोल्फसिटी कैम्पस की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इन प्रतिभाशाली छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### स्मृति उपवन और लोहिया पार्क में बनेगा सिंथेटिक ट्रैक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लम्बे समय से की जा रही मांग पूरी हो गई। स्मृति उपवन पार्क, जोनल पार्क में सिंथेटिक ट्रैक की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इतना ही नहीं हुआ प्रथम किस्त भी जारी हो गई है। यह जानकारी देते हुए सदस्य लखनऊ विकास प्राधिकरण पुष्कर शुक्ला ने कहा कि विशेष सचिव मनोज कुमार ने मुख्य नगर एव ग्राम नियोजक को शासकीय पत्र के जरिए अवगत कराया है कि एलडीए की कानपुर रोड योजना अंतर्गत जोनल पार्क स्मृति उपवन एव लोहिया पार्क गोमती नगर में सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक के निर्माण की परियोजना की कुल मूल्यांकित लागत 230.40 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही लागत की 50 फीसदी की प्रथम किस्त 115.20 लाख रुपये चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में आहरित कर व्यय की अनुमति प्रदान की जाती है। सदस्य एलडीए पुष्कर शुक्ला ने शासन के निर्णय को लेकर खुशी जताते हुए कहा कि बहुत पुरानी मांग आज पूरी हो गई।

### 56 लोग दोबारा हिंदू बने, ईसाई धर्म छोड़ की घर-वापसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में हिंदू धर्म छोड़ क्रिश्चियन धर्म अपनाने वाले 56 लोग घर-वापसी करते हुए दोबारा हिंदू बन गए हैं। शुक्रवार को लखनऊ के नीलमथा इलाके में रीति-रिवाज के साथ सभी लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया। इनकी घर-वापसी सिद्धि धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से हुई है। ट्रस्ट के सभापति सुधीर राजपाल ने बताया कि अभी तक आर्थिक समस्या का फायदा उठाकर दूसरे धर्म के लोग हमारे लोगों को लालच देते हैं। कई बार मजबूरी में आदमी अपना धर्म छोड़ने के लिए मजबूर हो जाता है। सिद्धि धर्मार्थ ट्रस्ट ने ऐसे लोगों को वापस हिंदू धर्म में शामिल करने का निश्चय किया है। उन्होंने बताया कि 50 ऐसे लोगों का चुनाव किया गया था, जो हमारे धर्म में वापसी करेंगे। लेकिन रीति-रिवाज के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ, तो ये संख्या 56 तक पहुंच गई।

### लक्ष्मण मेला मैदान में 24-28 तक धर्म संसद का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा द्वारा लक्ष्मण मेला मैदान में 24 से 28 जनवरी तक श्रीराम सनातन महोत्सव (धर्म संसद) का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी शुक्रवार को जेसी होटल निरालानगर मे प्रेसवार्ता में धर्म संसद के प्रभारी देवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि श्री रामलला द्वारा अपने नवनिर्मित भवन में प्रवेश करने के अवसर पर लक्ष्मण मेला मैदान, निशातगंज पुल के नीचे, लखनऊ में 24 जनवरी से 28 जनवरी तक श्री राम सनातन महोत्सव (धर्म संसद) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूज्य शंकराचार्य (बद्रिकाश्रम), कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य जी महाराज, अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक तथा सनातन धर्म के पुरोधा ठाकुर देवकीनंदन सहित अयोध्या, काशी, हरिद्वार मथुरा, वृंदावन, नैमिषारण्य, चित्रकूट एवं अन्य प्रांतों के संत-महंत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डा. प्रवीण ने बताया कि सनातन महोत्सव में सभी के लिए स्वास्थ्य मेला, रोजगार मेला, जनसमाधान शिविर, खादी ग्रामोद्योग, आयुष विभाग, बैंक आदि के शिविर होंगे।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री आज करेंगे क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

▸ क्राफ्ट प्रदर्शनी में होगा 80 से अधिक शिल्पों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** हस्तशिल्प संगठन क्राफ्टरूट्स द्वारा लखनऊ के सफेद बारादरी, कैसरबाग में 20 से 23 जनवरी तक क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन 20 जनवरी को सुबह 11 बजे उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में किया जायेगा।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक व अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। आज रेडिसन सिटी सेंटर, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए संस्था की निदेशक अनार पटेल द्वारा बताया गया कि हस्तशिल्प संगठन क्राफ्ट रूट्स भारत के 21 राज्यों में 25,000 से अधिक कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित एक अग्रणी संस्था है। उन्होंने कहा कि यह शिल्प प्रदर्शनी हमारे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्र के विभिन्न कोनों से 80 शिल्पों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक कारीगरों के लिए एक जीवंत मंच प्रदान करेगी। क्राफ्टरूट्स लखनऊ प्रदर्शनी परंपरा और नवीनता के अनूठे मिश्रण का वादा करती है, जिसमें कांच बनाने, मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक नेल पेंटिंग और विभिन्न अन्य शिल्पों में लाइव कार्यशालाएं शामिल हैं। आगंतुकों को इन शिल्पों के पीछे की जटिल प्रक्रियाओं को देखने का अवसर मिलेगा, जिससे कारीगरों के कौशल और समर्पण के प्रति गहरी सराहना बढ़ेगी।

### कार्यों में शिथिलता और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के सख्त निर्देशों के क्रम में बदायूँ जिले के जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा में प्रतिनियुक्ति के आधार पर परियोजना अधिकारी के पद पर तैनात देवेश कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति को तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए उनकों उनके मूल विभाग सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. में प्रत्यावर्तित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही कर निलंबन हेतु संबंधित बैंक के प्रबंध निदेशक को निर्देशित किया गया है। जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा बदायूँ में तैनात म्यूनिसिपल,सिविल इंजीनियर शिवकुमार को भी तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। बदायूँ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग हेतु नामित संस्था मै. सरयू बाबू इंजीनियर फॉर रिसोर्स डेवलपमेंट पर कठोर कार्रवाई करते हुए डिबार कर दिया गया है।

## आवास के बदले रिश्वत लेने के मामले में परियोजना अधिकारी निलंबित

▸ सूडा निदेशक ने घटना का संज्ञान लेकर की कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, जिसमें जनपद बदायूँ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी द्वारा रू0 30,000/- की रिश्वत दिये जाने की बात कही गयी है। उक्त घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए निदेशक, सूडा द्वारा परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, बदायूँ देवेश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने हेतु उनके मूल विभाग 'उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक' के प्रबन्ध निदेशक को निर्देशित किया गया है।

साथ ही उनको राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) से तत्काल कार्यमुक्त करते हुए उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

वहीं जिला नगरीय विकास अभिकरण, बदायूँ में तैनात म्यूनिसिपल/सिविल इंजीनियर शिव कुमार को तत्काल प्रभाव से बर्खाश्त कर दिया गया है। इसके साथ ही जनपद बदायूं में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग हेतु नामित संस्था मै0 सरयू बाबू इंजीनियर फॉर रिसोर्स डेवलपमेन्ट पर कठोर कार्यवाही करते हुए डिबार कर दिया गया है।

इसके साथ ही निदेशक, सूडा द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में इस प्रकार की शिकायत किसी भी जनपद से संज्ञान में आती है, तो सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी तथा संस्था के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## नैक मूल्यांकन के नियमों का दृढ़ता से करें पालन

समृद्धि न्यूज



▸ राज्यपाल आनंदीबेन ने एकेटीयू की नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की नैक ग्रेडिंग हेतु तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की।

नैक मूल्यांकन के सभी सातों क्राइटेरिया पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने सभी क्राइटेरिया के राइट-अप को सुदृढ़ और प्रभावशाली बनाने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राइट-अप बनाते समय नैक मूल्यांकन के नियमों का दृढ़ता से पालन करें और निर्धारित शब्द सीमा का आवश्यक रूप से ध्यान रखें। प्रस्तुतिकरण के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की नैक कमेटी के सभी सदस्यों को समस्त क्राइटेरिया के प्रस्तुतिकरण और उसके तहत अपेक्षित उल्लेखों को अवलोकित करने, उसमें सुधार हेतु सहयोग देने और समग्रता से विश्वविद्यालय हित में नैक हेतु सेल्फ स्टडी रिपोर्ट को सुदृढ़ बनाने के लिए कहा। अपने कार्य तक सीमित न रहें, विश्वविद्यालय के हित में उत्कृष्ट नैक ग्रेड प्राप्त करने के लिए सभी सदस्य कार्य करने की समय-सीमा बढ़ाएं। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय को निर्देश दिया कि स्वयं प्रत्येक क्राइटेरिया का प्रस्तुतिकरण देखें और प्राप्त निर्देशों का दृढ़ता से अनुपालन भी कराएं।

### भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वालों में अयोध्या जाने की हिम्मत नहीं : उमा

**लखनऊ।** भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए शुक्रवार को कहा कि भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वालों में अयोध्या जाने की हिम्मत नहीं है, और वे वहां जाने के लायक नहीं हैं। कांग्रेस द्वारा 22 को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार करने के बारे में पूछे जाने पर भारती ने कहा, ''वो उस लायक नहीं कि वहां आते।''भाजपा नेता ने कहा, ''उन्होंने (कांग्रेस) राम को खारिज कर दिया। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में एक हलफनामे में उनके अस्तित्व से इनकार किया और कहा कि राम का अस्तित्व ही नहीं है। वह हलफनामा ऐसा था, कि उनके (कांग्रेस) पास अयोध्या जाने का साहस नहीं है।'' उमा भारती ने कहा कि उन्होंने शंकराचार्य निश्चलानंद महाराज से अयोध्या आकर अपना आशीर्वाद देने का अनुरोध किया है। शिवपाल के 1990 में कारसेवकों पर गोली चलाने को जायज ठहराने वाले बयान पर भारती ने कहा, ''जब कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोली चलाई जाती है तो लोगों को घायल करने के लिए उनके पैर में गोली मारी जाती है ताकि वे रुक सकें और बाद में उनका इलाज किया जा सके।

## पुष्प प्रदर्शनी में नवाचार का अधिक से अधिक करें उपयोग : मुख्य सचिव



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 के आयोजन के सम्बन्ध में तैयारी बैठक आहूत की गई। मुख्य सचिव ने प्रदर्शनी को आकर्षक एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में नवाचार का अधिक से अधिक उपयोग किया जाये। इस कार्य में विषय विशेषज्ञों का सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने प्रदर्शन से ज्यादा लोगों को सिखाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में लोगों के पास घर में बागवानी के लिये जगह कम या न के बराबर होती है। घर में गार्डेन बनाने से घर की खूबसूरती के साथ न्यूट्रीशन वैल्यू बढ़ेगी और वायु प्रदूषण में कमी आयेगी। प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को घर में गार्डनिंग की पद्धतियों की जानकारी दी जाये। इससे प्रदर्शनी में आने वाले लोगों का ज्ञान और उत्साह बढ़ेगा और लोग प्रेरित होकर अपने घरों में किचन गार्डेन, रूफ गार्डेन आदि बनायेंगे। उन्होंने कहा कि उद्यान के क्षेत्र में हुए अच्छे कार्यों व नवीन तकनीकी की जानकारी देने के लिए एक कक्ष बनाकर विभिन्न फिल्में प्रदर्शित की जायें। बच्चों में जागरूकता पैदा करने के लिये क्विज कम्पटीशन कराकर पुरस्कृत करें। प्रदर्शनी में जो भी स्टाल लगाये जायें, उनकी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिये। श्रीराम, अयोध्या, विकसित भारत, पंच प्रण, अमृत काल आदि पर आधारित कलात्मक पुष्प एवं गमलों से सज्जा की जाये। इसके अलावा उन्होंने विजेताओं को प्रमाण-पत्र फ्रेम कराकर देने के निर्देश दिये।

### सहायक आबकारी आयुक्त व जिला आबकारी अधिकारी स्थानान्तरित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी के आबकारी विभाग में सहायक आबकारी आयुक्त, जिला आबकारी अधिकारी के भारी पैमाने पर तबादले किए गए है। लखनऊ सहित कई आबकारी अफसरों को हटाकर उन्हे नवीन तैनाती दी गई हैं। बदले गए अफसरों में संजय कुमार जिला आबकारी अधिकारी संत कबीरनगर और प्रमोद कुमार गोयल जिला आबकारी अधिकारी सुल्तानपुर बनाए गए है। इसके अलावा जितेंद्र कुमार सिंह जिला आबकारी अधिकारी अयोध्या व सुशील कुमार मिश्रा सहायक आबकारी आयुक्त गंग डिस्टलरी संडीला और अतुल चंद्र द्विवेदी जिला आबकारी अधिकारी महाराजगंज और मुबारक अली जिला आबकारी अधिकारी प्रतापगढ़ बनाए गए। राकेश कुमार सिंह जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ और सुदर्शन सिंह सहायक आबकारी आयुक्त पलिया आसवनी खीरी तथा राम स्वारथ जिला आबकारी अधिकारी कुशीनगर बनाए गए है। वही हुकुम सिंह जिला आबकारी अधिकारी शामली और कल्प नाथ रजक जिला आबकारी अधिकारी गाजियाबाद और अखिलेश कुमार आर्य जिला आबकारी अधिकारी अमेठी तथा रवि शंकर प्रथम जिला आबकारी अधिकारी फिरोजाबाद और जितेंद्र कुमार पाण्डेय जिला आबकारी अधिकारी अमरोहा और वरूण कुमार लाल जिला आबकारी अधिकारी कन्नौज तथा राजेंद्र कुमार जिला आबकारी अधिकारी बुलन्दशहर और मनीष कुमार जिला आबकारी अधिकारी झांसी बनाए गए है। इसके अलावा राजेंद्र यादव जिला आबकारी अधिकारी प्रयागराज और संजय कुमार प्रथम जिला आबकारी अधिकारी पीलीभीत बनाए गए है। इन सभी अफसरों को तत्काल कार्यभार ग्रहण के निर्देश दिए गए है।

रिपोर्ट

सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बताने वाली रिपोर्ट असर 2023 जारी

# 50 फीसदी छात्र हल नहीं कर पाते गणित के सामान्य सवाल

▸ 90 प्रतिशत करते हैं स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक युवा गणित के सामान्य सवाल हल करने में पिछड़ते हैं। 14 से 18 आयु वर्ग के 25 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं, जो कक्षा दो की क्षेत्रीय भाषा की पुस्तक पढ़ने में असमर्थ हैं। करीब 43 प्रतिशत छात्र अंग्रेजी के वाक्य पढ़ने में असमर्थ हैं। यह जानकारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट असर 2023 में दी गई है। 90 प्रतिशत से अधिक युवा स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं।

भारत में सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बताने वाली यह रिपोर्ट असर 2023 जारी की गई है। असर रिपोर्ट के लिए 26 राज्यों के 28 जिलों में 14 से 18 आयु वर्ग के 34745 बच्चों पर सर्वेक्षण किया है। असर के मुताबिक, देशभर में 86.8 प्रतिशत बच्चों ने शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला लिया है। आयु के अनुसार नामांकन में कुछ अंतर है। 14 वर्ष के 3.9 प्रतिशत और 18 वर्ष के 32.6 प्रतिशत युवाओं का किसी शैक्षणिक संस्थान में दाखिला नहीं है और वे पढ़ाई नहीं कर रहे हैं जबकि 14 साल के 96.1 फीसदी छात्रों ने शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लिया था। 18 की आयु में यह प्रतिशत गिरकर 67.4 फीसदी हो गया। यानी की 14 से 18 वर्ष की आयु के बीच बड़ी संख्या में स्कूल ड्रॉप आउट हुआ है रिपोर्ट के मुताबिक स्टेम एरिया यानि साइंस, मैथ, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी में अब लड़कों का रुझान बढ़ रहा है। देश में 36.3 फीसदी लड़के इन विषयों में पढ़ाई कर रहे हैंजबकि लड़कियों का आंकड़ा महज 28.1 फीसदी है।

### 5.6 प्रतिशत युवा ही प्रोफेशनल कोर्स में ले रहे दाखिला

शिक्षा मंत्रालय कौशल विकास पर काफी जोर दे रहा है लेकिन स्कूलों में कौशल विकास आधारित कोर्स छात्रों के बीच लोकप्रिय नहीं हैं। रिपोर्ट बताती है कि केवल 5.6 प्रतिशत युवा ही प्रोफेशनल कोर्स में दाखिला ले रहे हैं। हालांकि उच्च शिक्षा में तस्वीर कुछ बेहतर है, यहां 16.2 प्रतिशत छात्रों ने सामान्य पढ़ाई के साथ प्रोफेशनल कोर्स में दाखिला लिया है। कॉलेज में छह महीने वाले स्किल कोर्स सबसे अधिक पसंद किए गए हैं। रिपोर्ट बताती है कि छात्रों के बीच स्मार्टफोन का उपयोग बढ़ा है। अब करीब 92 प्रतिशत छात्र स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे हैं। इनके अलावा 89 प्रतिशत छात्रों का कहना है कि घर पर उनके पास स्मार्टफोन उपलब्ध है। रिपोर्ट के मुताबिक लड़कियों की तुलना में लड़कों के पास स्मार्टफोन की संख्या अधिक है है। 40.3 फीसदी लड़के पढ़ाई के साथ घर का काम भी करते हैं। इनमें कृषि क्षेत्र में काम करने वाले छात्रों की संख्या सबसे अधिक हैं। वहीं अगर लड़कियों की बात की जाए तो 28 प्रतिशत छात्राएं पढ़ाई के साथ घर का काम भी करती हैं।

### 123 जेलों में दिखाया जाएगा श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण : धर्मवीर

**लखनऊ/झांसी।** सपा नेता शिवपाल सिंह यादव द्वारा कारसेवकों पर गोली चलवाने को जायज ठहराने वाले बयान पर प्रदेश के कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विपक्षी दलों पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि राम के अस्तित्व को नकारने वाले उसका परिणाम भोग रहे हैं। राम को न मानने वाले विपक्षी दलों को देश की जनता ने करारा जवाब दिया है। लेकिन कुछ लोग फिर भी अनर्गल बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण प्रदेश की सभी 123 जेलों में भी दिखाया जाएगा। 500 वर्षों की प्रतीक्षा और लाखों बलिदानों के बाद यह दिन आया है। यह हमारे बलिदानी रामभक्तों व ऋषि मुनियों की तपस्या व संघर्षों के प्रतिफल है।

# गैस सिलेंडर ले जा रहा ट्रक धमाके के साथ हुआ राख

**एक किलोमीटर तक उछलकर दगे सिलेंडर**

**चालक ने कूदकर बचाई जान, बहराइच, गोंडा और लखनऊ मार्ग पर थम गया आवागमन**





**गोण्डा/बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ से गैस सिलेंडर लेकर गोंडा जा रही ट्रक में शुक्रवार सुबह धमाके के साथ आग लग गई। ट्रक चालक ने भागकर जान बचाई। हादसा इतना भीषण रहा कि एक किलोमीटर तक गैस सिलेंडर उछलकर दगते रहे। सूचना पाकर गोंडा के करनैलगंज और जरवल रोड थाने की पुलिस पहुंची। सभी को ढाई किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया है।लखनऊ से गैस सिलेंडर लेकर गोंडा जा रही ट्रक बहराइच गोंडा की सीमा पर गोंडा जनपद के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार आग के गोले में तब्दील हो गई। सुबह आठ बजे हुई घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सिलेंडर एक एक कर दगते रहे। लगभग एक किलोमीटर तक गैस सिलेंडर उछलकर दूर तक जा गिरे और दगे।ट्रक और सभी गैस सिलेंडर पूरी तरह कबाड़ और राख में तब्दील हो गए। सूचना पाकर जरवल रोड थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव पुलिस बल के साथ पहुंचे। जबकि उधर से करनैलगंज कोतवाली की पुलिस पहुंची। दोनों तरफ से आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया है। लोगों में दहशत का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चालक मौके से फरार हो गया है।

**ढाई किलोमीटर पहले रोके गए लोग**
प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव ने बताया कि घटना स्थल से एक किलोमीटर पहले ही लोगों को रोक दिया गया। लेकिन वाहनों को ढाई किमी. पहले ही रोक दिया गया। दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गये हैं, लेकिन नजदीक कोई नहीं जा रहा है।

विस्फोट के बाद कई किलोमीटर दूर तक सिलेंडर गिरते रहे जिससे आनन-फानन समीपवर्ती गांव के लोग घर से बाहर दूसरे गांव की तरफ भाग खड़े हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सिलेंडर फटने की आवाज व आसमान में आग के गोले चारो तरफ 20 किलोमीटर तक सुनाई व दिखाई पड़े है। घटना की सूचना पर गोंडा जिले से करनैलगंज व बहराइच से जरवल रोड पुलिस मौके पर पहुंच गई और तत्काल लखनऊ गोंडा राजमार्ग पर आवागमन रोक कर वाहनों को डायवर्ट किया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मेहनत कर घंटो बाद आग पर काबू पाया तब तक पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। इस दौरान चार घंटो तक गोंडा लखनऊ हाई वे बंद रहा। ट्रक में आग कैसे लगी पुलिस इसकी इसकी जांच कर रही हैं।

# डीएम के आदेशों को नहीं मानते निजी विद्यालय के संचालक

**रुपईडीह /गोडा, समृद्धि न्यूज।**



शासन एवं प्रशासन के निर्देशों का पालन नहीं करते निजी विद्यालय संचालक। छुट्टी घोषित होने के बाद भी विद्यालय खोलकर करते पठन-पाठन। तेज हवा व भीषण ठंड होने से विद्यालय में कांपते हुए ठिठुर रहे बच्चे। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की।

तेज हवा व भीषण ठंड के चलते शासन एवं प्रशासन द्वारा 20 जनवरी तक समस्त बोर्ड के विद्यालय कक्षा 1 से 8 तक परिषदीय, शासकीय, अर्ध शासकीय, मान्यता प्राप्त, गैर मान्यता प्राप्त व सभी शिक्षण संस्थान को बंद करने का निर्देश देते हुए कक्षा 9 से 12 तक विद्यालय सुबह 10:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक संचालित करने का निर्देश दिया। परंतु निजी विद्यालय संचालकों एवं शिक्षण संस्थाओं द्वारा शासन एवं प्रशासन के निर्देशों का पालन न करते हुए विद्यालय खोलकर कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राएं ठिठुर रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह के मंगल नगर में संचालित स्वर्गीय राम प्यारे शिक्षण संस्थान में करीब 250 से अधिक छात्र छात्राएं नामांकित हैं।जो नर्सरी से इंटर तक कक्षाएं संचालित है।तेज हवा एवं भीषण ठंड के चलते शासन एवं प्रशासन द्वारा 20 जनवरी तक विद्यालय बंद करने का निर्देश दिया। परंतु विद्यालय संचालक द्वारा शासन एवं प्रशासन के निर्देशों का पालन न करते हुए विद्यालय में पठन-पाठन कराया जा रहा है। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत नौनिहाल बच्चे ठंड से कांप रहे हैं। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय खुला होने के चलते बच्चों को विद्यालय भेजा जा रहा है।

तेज हवा एवं भीषण ठंड में छुट्टी के बावजूद विद्यालय मंगल नगर में ही नहीं बल्कि आर्यनगर, असिधा, सरहरा, गोपाल बाग, गोकरननाथ शिवाला, विशुनापुर, लोनावादरगाह, मझपुर, पठानपुरवा, तिरेंमनोरमा में भी विद्यालय खुला होने की शिकायत क्षेत्र के राजेश द्विवेदी, राजकुमार दूबे, बाल गोविंद तिवारी, राकेश रामकुमार ने विभागीय अधिकारियों से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएंगी।

# आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रखा एकदिवसीय उपवास

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी जनपद गोण्डा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शुक्रवार दिनांक 19 जनवरी 2024 को गांधी पार्क में एकदिवसीय उपवास रखा।

आम आदमी पार्टी,गोण्डा के जिला सहप्रभारी वकील अहमद,जिला महासचिव संजय पाठक ने संयुक्त रुप से बताया कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह के ऊपर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रायोजित ईडी के द्वारा तथाकथित शराब घोटाले में छापेमारी कराकर जेल में बंद कर दिया गया। इस तानाशाही के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने



उपवास रखकर विरोध जताया।इस मौके पर जिला सहप्रभारी वकील अहमद,जिला अध्यक्ष उत्तम नागेश,जिला उपाध्यक्ष सुरजीत वर्मा, जिला महासचिव संजय पाठक,जिला कोषाध्यक्ष किशोरचन्द्र भारती, डॉक्टर आर.के.सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शिवम सिंह, धनुषधारी चतुर्वेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग दो पशुओं की जलकर मौत

**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय क्षेत्र के विकास खण्ड परसपुर अन्तर्गत मरचौर (अकबरअली पुरवा) में छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लगने से तीन पशु जल गये। ग्राम प्रधान श्रीनिवास शुक्ला ने बताया कि अकबरअली पुरवा मरचौर गांव के बाहर मुर्तजा अली का छप्पर रखा था,ठंडी का मौसम होने के कारण उस छप्पर में राशिद अपनी गाय बांधने लगा ।उन्होंने बताया कि गुरूवार को छप्पर के बगल में रखे धान की पुआल में अचानक लगी आग से छप्पर में भी आग लग गई ।जिससे छप्पर में बंधी तीन गायें जलकर झुलस गई,जिसमें दो गायों की मौत हो गई जबकि एक बछिया गंभीर रूप से घायल है। इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर जावेद आलम ने बताया कि मृत गायों का पोस्टमार्टम किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल बछिया का इलाज डॉ0 हेमंत सिंह द्वारा किया गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष परसपुर शेषमणि पाण्डेय ने भी घटना स्थल पर पहुँचकर निरीक्षण किया।

# भाजपा नेता दयाशंकर ओझा व उनके छोटे भाई समेत चार अन्य हत्या के मामले में निर्दोष करार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

वर्ष 2018 के अक्तूबर माह में ग्राम पंचायत माधवपुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा में हत्या जैसी सनसनीखखेज वारदात में फर्जी नामजद किए गए आरोपियों को कोर्ट ने दिया न्याय, किया बरी। पिक्चर की मूवी के पटकथा पर आधारित वारदात में अपने ही मक्के के खेत में एक व्यक्ति मृत मिला था।जिसके हत्या की आशंका जताते हुए घटना में दयाशंकर ओझा समेत कुल 6 लोगों को नामज़द किया गया था। सबसे महत्वपूर्ण व चर्चित नाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा संगठन में कार्य कर रहे दयाशंकर ओझा व उनके सगे छोटे भाई रविशंकर ओझा को आरोपी बनाया गया। तभी से इस मामले के सत्यता पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा था जिसमें पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जाँच अधिकारी गोण्डा से दिल्ली और हरियाणा के गुरुग्राम तक जाँच करने पहुँचे। जाँच में दयाशंकर ओझा व रविशंकर की लोकेशन घटना के एक सप्ताह पूर्व से ही दिल्ली व गुरुग्राम में होने की मिली जिसकी पुष्टि अन्य कई दस्तावेज से भी होना माश न्यायालय के समक्ष पाया गया। दिल्ली और गुरूग्राम उपस्थित होने और सक्ष्यो को प्रमाण का आधार मानते हुए पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया और दयाशंकर ओझा व रविशंकर ओझा के मामले में क्लीन चिट के साथ क्लोज़र रिपोर्ट माश न्यायालय के समक्ष दाखिल किया था। जिस पर असंतुष्टि जताते हुए वादी ने पुनः विचारण हेतु धारा 319 के अंतर्गत दयाशंकर ओझा व रविशंकर ओझा के साथ उनके परिवार के 6 अन्य को विचारण हेतु तलब करने की याचना भी किया। जिसके बाद दयाशंकर ओझा समेत 7 लोगों के तलबी को निरस्त कर सिर्फ़ रविशंकर ओझा विचार में तलब किया था ट्रायल में गवाही और साक्ष्यों के परीक्षण उपरांत रविशंकर ओझा सहित सभी पर वादी द्वारा लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए। कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया। साथ ही साथ वादी मुकदमा अशोक कुमार तिवारी के विरुद्ध माश न्यायालय ने झूठा साक्ष्य प्रस्तुत करने के आरोप में धारा 344 के तहत कार्यवाही करने के आदेश भी जारी किए है।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम का समापन



रुपईडीह /गोंडा, समृद्धि न्यूज। नेहरू युवा केन्द्र गोण्डा के बैनर तले स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह अंतर्गत जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड रुपईडीह के भगौती प्रसाद स्मारक बालिका इण्टर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व युवा मण्डल अध्यक्ष व विद्यालय प्रबन्धक विजय चौबे व विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी रहे। युवाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय चौबे ने कहा कि युवा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का कार्य करे। आज का युवा ही कल का भविष्य है इसलिए विवेकानंद जी को अपना आदर्श मानते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों ।इसी प्रकार राज्य प्रशिक्षक श्री तिवारी ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि यदि स्वयं को समाज के साथ जोड़कर एक नई धारा से जुड़ना है तो प्रत्येक युवा स्वामी विवेकानंद जी को ही अपना आदर्श मानकर आगे चलें। नेहरू युवा केन्द्र ग्रामीण स्तर से युवाओं को एक बेहतर मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारने के कार्य करता है जिसके क्रम में राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम 12 जनवरी से 19 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को मैडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय सेवा कर्मी लव कुमार चतुर्वेदी तथा संचालन श्रीमती मनीषा मिश्रा ने किया।

### झंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित



- सभासद प्रतिनिधि द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भंडारे का आयोजन

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कैसरगंज स्थित राम जानकी मंदिर में श्री रामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा केअवसर पर झंडा वितरण तथा भण्डारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन ।शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर कैसरगंज मुख्य बाजार में सभासद प्रतिनिधि हिमांशु सिंह द्वारा लोगों को श्रीराम का झंडा वितरण किया गया व 22 जनवरी 2024 को श्री राम जानकी मंदिर कैसरगंज में सभासद प्रतिनिधि द्वारा आयोजित भंडारे मे उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने का निमंत्रण दिया ।इस अवसर पर झंडा रैली निकाली गई जो श्री राम जानकी मंदिर से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई ।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह, कैसरगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, अरविंद सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामेंद्र देव सिंह, कौशलेंद्र चौधरी,अनु रस्तोगी, वीपी मिश्रा सभासद प्रतिनिधि हीरालाल मौर्य, जयप्रकाश राव, जगदीश प्रसाद जायसवाल, रवि सोनी राहुल प्रजापति,हरिओम यज्ञसैनी, मनोज सिंह, आशु सोनी, संजय सोनी अतुल यज्ञसैनी, बद्री यज्ञ सैनी आदि उपस्थित रहे।

### आइडिया कम्पनी का टावर सीज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सदर तहसील के अयोध्या मार्ग के जमुनिया बाग में स्थित मेसर्स आइडिया टेलीकॉम कम्पनी का 40 लाख का विद्युत बिल बकाया था। बिजली विभाग ने बार बार अपने कर्मचारी को भेज कर बकाया जमा करने की नोटिस दिया था। इस के बाद भी मैसर्स आइडिया टेलीकाम कम्पनी ने विद्युत बकाया बिल नही जमा किया। इस पर बिजली विभाग ने 40 लाख 2957 का आर सी काट दिया। इस पर सदर तहसील के उप जिलाधिकारी ने विद्युत बिजली का बकाया वसूलने के लिए अमीन को लगाया। अमीन सरजू प्रसाद मिश्रा और सुजीत चौबे कई बार मेसर्स आइडिया टेली कॉम कम्पनी के यहाँ जाने के बाद भी बिजली का बिल नही जमा किया। इस पर उप जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसील अनुराग पांडेय , अमीन सरजू प्रसाद मिश्रा, सुजीत चौबे जमुनिया बाग में स्थित आइडिया टेलीकॉम में पहुँच कर 40 लाख 2957 बिजली का बकाया का नोटिस चस्पा कर के सीज कर दिया।

# एसपी ने परेड स्थल का निरीक्षण कर जांची व्यवस्था

- बैरक की साफ सफाई से नाखुश दिखीं एसपी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक सलामी। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली परेड का रिहर्सल करवाया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने परेड रिहर्सल के निरीक्षण के दौरान परेड की गुणवत्ता का अवलोकन किया। जिसके बाद क्वार्टर गारद का निरीक्षण किया गया। अर्दली रूम का निरक्षण रप गारद कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस लाइन स्थित बैरक आदि का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैरक का निरीक्षण कर साफ सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा



निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया एवं परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया, रिजर्व पुलिस लाइन में बेहतर साफ सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये, शौचालयों का निरीक्षण कर उनकी मरम्मत और उच्च सफाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा कर उनकी प्रगति को तीव्र करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये, जिस भी स्थानों पर मरम्मत की आवश्यकता है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन हीरालाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव में सभी करें शतप्रतिशत मतदान : डीएम

- आपका एक वोट तय करता है देश का प्रधानमंत्री
- पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी अपने मताधिकार का जरूर करें प्रयोग

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील मनकापुर गोण्डा की विकास खंड बभनजोत ग्राम पंचायत भानपुर, कोल्हई गरीब तथा औराडीह में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जन संवाद कार्यक्रम में ग्राम वासियों से बातचीत कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक




किया।

उन्होंने गांव के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि गांव के सभी लोग शतप्रतिशत मतदान करें। सभी ग्रामवासी ग्राम प्रधान के लिये होने वाले चुनाव की तरह ही सक्रियता दिखाते हुए देश के प्रधानमंत्री के लिए होने वाले चुनाव में भी अपना शत प्रतिशत मतदान करें। आपका एक वोट भारत की बनने वाली अगली सरकार का फैसला करेगी इसलिए आपका एक-एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं का मतदान बढ़ाने के लिये महिलाओं को भी जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। देश के लोकतंत्र में जितना हक पुरुष के वोट का है उतना ही हक महिलाओं के वोट का भी है। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वह 18 से 19 वर्ष तक के नये युवाओं का वोट अवश्य बनाएं।

**मनपसंद प्रत्याशी को ही दें वोट**

जन संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपने मनपसंद प्रत्याशी को वोट देने का पूरा अधिकार है। प्रत्येक मतदाता अपने मनपसंद प्रत्याशी को बिना किसी भय, डर, लालच व दबाव के अपना वोट दें। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम वासियों को आश्वासन दिया कि आपके मताधिकार के प्रयोग के बीच किसी भी असामाजिक तत्व को नहीं आने दिया जायेगा। आपका मताधिकार का अधिकार संवैधानिक अधिकार है किसी भी व्यक्ति को इस अधिकार का हनन करने की इजाजत नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा मतदान के बीच अव्यवस्था फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों के द्वारा बताई गई जनसमस्याओं को भी अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित करवाया। उन्होंने जनशिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मनकापुर, अपर उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बीएसए, समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, एसओ खोड़ारे, बीडीओ बभनजोत, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, सीडीपीओ, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, बीएलओ, सचिव व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के हैं आदर्श : जिला युवा अधिकारी

- नेहरू युवा केंद्र में युवा सप्ताह कार्यक्रम का हुआ समापन, सम्मनित हुए स्वयं सेवी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नेहरू युवा केंद्र बहराइच के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम का समापन व पुरस्कार वितरण तथा जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडो के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम,निबंध प्रतियोगिता, खेलकूद व प्रदर्शनी प्रतियोगिता के विजेता युवको युवतियों ने प्रतिभाग किया। नेहरू युवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ अजय कुमार त्रिपाठी प्रवक्ता केडीसी व विशिष्ट अतिथि डॉ पंकज सिंह प्रवक्ता, शालिनी कुमारी गांधी फेलो पिरामल फाऊंडेशन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्र की जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने सर्वप्रथम स्वामी के आदर्शों के बारे में जानकारी देते हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया और स्वामी जी के आदर्शों के बारे में जानकारी दिया। इसके साथ-साथ नेहरू युवा केंद्र के मुख्य उद्देश्य व कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डॉ अजय कुमार त्रिपाठी ने स्वामी जी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन शैली के बारे में बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर पंकज सिंह ने भी स्वामी के जीवन शैली व आदर्शो पर जानकारी दिया। कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो शालिनी कुमारी ने युवाओं के विकास में स्वामी जी का योगदान और जीवन कौशल शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिंदु पर जानकारी दी। केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक ने स्वामी जी के आदर्शों पर जानकारी दी। राष्ट्रीय युवा सप्ताह अंतर्गत आयोजित सभी कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। सभी विजेता युवक व युवती को मुख्य अतिथि व जिला युवा अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन रविशंकर तिवारी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक द्वारा किया गया तथा सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रियंका, खुशी, निधि चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

# तेंदुए के हमले में बालिका की मौत

- गेहूं की फसल में खाद डालने गया था पिता, साथ में गई थी बालिका

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्निया घाट रेंज के अयोध्या पुरवा गांव निवासी एक बालिका शुक्रवार को अपने पिता के साथ खेत गई थी। खेत में खाद डालते समय तेंदुआ पहुंच गया। उसने बालिका पर हमला कर दिया बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। उसका शव कुछ दूरी से क्षत विक्षत हालत में बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य में तेंदुए का हमला थमने का नाम नही ले रहा है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ बाघ और तेंदुए के हमले जारी है। शुक्रवार दोपहर 2 बजे सुजौली ग्राम पंचायत के मजरा अयोध्यापुरवा निवासी इसराईल की 10 वर्षीय पुत्री आयशा घर से कुछ दूरी पर स्थित भरिया जंगल से सटे अपने पिता के साथ खेत गई। पिता खेत मे खाद डालने लगा। तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने अकेली बैठी बालिका पर झपट्टा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।कुछ देर बाद मौके पर बालिका ने दम तोड़ दिया। बालिका की चीख पुकार सुनकर आसपास के किसान दौड़े और किसी तरह हांका लगाते हुए तेंदुए को जंगल की ओर भगाया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर सुजौली वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार यादव, वन दारोगा अनिल कुमार, वाचर विकास व बेफई एसटीपीएफ की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सुजौली एसओ सौरभ सिंह भी दलबल के घटनास्थल पर पहुंचे। घटना के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ इकट्ठा है। सुजौली प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# सामुदायिक शौचालय में कहीं लटके हैं ताले तो कहीं से गायब हैं रखवाले

- देखभाल के अभाव में बदहाल हो रहे शौचालय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत जगह जगह सामुदायिक शौचालय बनाए गए है ताकि लोगों को परेशानी न हो लेकिन देखरेख के अभाव में सब बदहाल होते जा रहे हैं। अधिकांश शौचालयों पर ताले लटक रहे हैं जबकि सरकार इनकी देखरेख में लाखों रुपये खर्च कर रही है। जिले में पंचायती राज विभाग की ओर से संचालित सामुदायिक शौचालयों की देखरेख के नाम पर बड़ा गड़बड़झाला हो रहा है। जिले के विकासखंड विशेश्वरगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुआ कबीर सामुदायिक शौचालय का है।अधिकांश शौचालयों पर ताले लटके पड़े हैं, लेकिन विभाग इनकी देखरेख के नाम पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को हर महीने नौ हजार रुपये प्रति शौचालय के हिसाब से आवंटित कर रही है। हर महीने लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन जनता को इनका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। बृहस्पतिवार सुबह को अमृत विचार की पड़ताल में भी अधिकांश शौचालयों पर ताले लटके मिले। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि शौचालय देखरेख की अभाव में बदहाल होते जा रहे हैं।साफ-सफाई के अभाव में आसपास गंदगी के ढेर हैं। शौचालय के अंदर भी गंदगी है। जिम्मेदार एनआरएलएम समूह भी इस पर ध्यान नहीं दे रही हैं। इसके चलते कम लोग ही इसका प्रयोग करते हैं।गांव में बनाए गए शौचालयों की शुरुआत में साफ-सफाई ठीक रही, लेकिन कई महीनों से अब ताला पड़ा हुआ है। शौचालयों की देखरेख के लिए एक महिला समूह भी है, क्षेत्रीय लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। यह शौचालय बंद ही रहता है। लेकिन इसका संचालन ठीक तरह से नहीं हो रहा है। बृहस्पतिवार सुबह यहां महिला शौचालय पर ताला लटका हुआ है। टंकी में पानी नहीं था। टैंक भी टूटा पड़ा था। एक महिला सफाई कर्मी यहां आती हैं सफाई करके चली जाती हैं। पूरे दिन कोई भी इस शौचालय पर नहीं रहता गांव का सामुदायिक शौचालय शोपीस बना हुआ है। इस पर पूरे दिन ताला लटका रहता है। टंकी में पानी नहीं रहता है। इसके चलते लोगों को खुले में शौच जाना पड़ता है।

**बंद शौचालय की होगी जांच**
ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ है। अगर कहीं पर देखरेख के अभाव में स्थिति खराब हुई है और ताला लगा हुआ है तो इसकी जांच कराई जाएगी।
**आरके द्विवेदी डीपीआरओ**

# श्रीराम मंदिर आंदोलन में गए थे जेल, अब मिला बुलावा पत्र

- मंदिर के महंत और आंदोलन करने वाले व्यक्ति को मिला आमंत्रण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के रिसिया में स्थित मंदिर के महंत और जरवल के राम मंदिर आंदोलन में शामिल व्यक्ति को श्री राम मंदिर के लिए आमंत्रण पत्र मिला है। इसको लेकर लोगों में खुशी है। जरवल विकास खंड निवासी रामपाल आर्य ने राम मंदिर आंदोलन में भाग लिया था। उन्हें श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए जेल जाना पड़ा था। इसके लिए 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाने का अक्षत और निमंत्रण मिला तो उन्होंने कहा जेल जाना सफल हुआ।श्री राम बस्ती जरवल नगर के रहने वाले है राम पाल आर्य अक्षत वितरण 14 को सभी बस्तियों में संपन्न हुआ। वितरण में जितेंद्र नगर कार्यवाह डा. दीपक,बस्ती प्रमुख विकास, कृष्ण पाल, डा,आकाश, राहुल, अनुराग आदि लोग उपस्थित रहे। उधर रिसिया के पंचवटी श्री सीता राम आश्रम के पीठाधीश्वर प रवि शंकर जी को श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। इसकी जानकारी देते हुए प रवि शंकर ने बताया कि श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में 22 जनवरी को संपन्न होने वाले श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण मिला है। ये मेरे और क्षेत्र वासियों के लिए हर्ष और गौरव की बात है।उन्होंने निमंत्रण पत्र भी दिखाया।

# डीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

▸ 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित करके अपनी सहभागिता करें सुनिश्चित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में आगामी 22 जनवरी को श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को जनपद में भव्यता पूर्वक सकुशल व शांतिपूर्वक मनाने हेतु जनपद के धमगुरूओं व संभ्रांत नागरिकों एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सेन्ट्ल पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद में विभिन्न मन्दिरों व अन्य स्थानों में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों व शोभा यात्रा की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जाए वहा पर सुरक्षा व्यवस्था, फायर, स्वास्थ्य, बिजली, पानी आदि व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने धमगुरूओं व उपस्थित लोगों से कहा कि जनपद में जहां जहां पर कार्यक्रम आयोजित किये जाए उसकी सूचना जिला प्रशासन को अवश्य उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने सभी धर्मों के लोगों से कहा कि सभी लोग भाईचारे का परिचय देते हुए हर्षोल्लास के साथ 22 जनवरी को अपने अपने घरों में दीप प्रज्वलित करके अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप सहयोग करें। पुलिस विभाग को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अपने-अपने थाने में शांति समिति की बैठक अवश्य करा ली जाए। क्षेत्र मे संयुक्त रूप से भ्रमण कर क्षेत्र की संवेदनशीलता का जायजा लेते हुए असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर विधिक कार्यवाही भी जारी रखी जाए।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बैठक के दौरान सभी संगठनों से आए हुए धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में भी चर्चा की।

### अफवाहों से रहें दूर, अराजक तत्वों पर रखें कड़ी नजर

जिलाधिकारी ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान किसी भी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि शोभा यात्रा के दौरान जिन भी रास्तों से जुलूस गुजरेगा वहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही विद्युत विभाग को जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बिजली के झूलते व कटे-फटे तारों को अभी से ठीक करा लिया जाए। जिससे कि लोगों को कोई परेशानी ना हो। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर वहां पर सुरक्षा व्यवस्था अभी से दुरुस्त रखी जाए। अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए रखी जाए और किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर प्रशासन से तुरंत संपर्क किया जाए।

### गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने की तैयारी रखें पूरी : डीएम



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस के सम्बन्ध में बृहस्पतिवार सांय बचत भवन सभागार में बैठक की गई। जिलाधिकारी ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राष्ट्र पर्व गणतंत्र दिवस पर सभी लोग कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारियों तथा को निर्देश दिये कि गणतन्त्र दिवस को देखते हुऐ कानून एवं शांति व्यवस्था को पूरी तरह से सुदृढ़ रखा जाए। क्षेत्र मे संयुक्त रूप से भ्रमण कर क्षेत्र की संवेदनशीलता का जायजा लेते हुए असामाजिक तत्वो को चिन्हित कर विधिक कार्यवाही भी जारी रखी जाए। उन्होंने कहा कि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी को देखते हुए साफ-सफाई तथा पानी की व्यवस्था सुदृढ़ रखे। किसी भी प्रकार की कहीं कोई कमी हो तो उसे दुरुस्त कर ले।

**सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये :** जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में निर्धारित समय के अनुसार प्रभात फेरी का आयोजन तथा सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्गान तथा संकल्प लिया जायेगा। पुलिस लाइन में परेड का आयोजन के साथ ही तहसील, ब्लाक, गांव में भी कार्यक्रमों का आयोजन करें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी याद किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को सफलतापूर्वक गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। जनपद में साफ-सफाई के साथ ही विद्युत व्यवस्था आदि को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गये हैं।

### यूपी दिवस मनाए जाने को लेकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

शासन के निर्देश पर 24 जनवरी से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा यूपी दिवस, इस वर्ष के यूपी दिवस की थीम उत्तर प्रदेश समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है यूपी दिवस के सभी कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखेगी यूपी की विरासत से संबंधित अभिलेख प्रदर्शनी, राजकीय अभिलेखागार कोई यूपी का इतिहास ललित कला अकादमी की विरासत पर आधारित चित्रकला , सूचना विभाग को सरकार की उपलब्धियां व योजनाओं पर आधारित प्रश्न लगवाने की निर्देश दिया गया है इसके अलावा टेक्नोलॉजी, एआई, अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, रामायण परंपरा, मिशन शक्ति, रक्षा संबंधी उपकरण, प्रदेश में टूरिज्म की संभावना आधुनिक कृषि व उत्तर प्रदेश के टूरिज्म की संभावना को प्रदर्शित करने के साथ-साथ जिले में निवेश करने वाले सूक्ष्म उद्यमियों को सम्मानित भी किया जाएगा जिसके लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सभी विभागों को निर्देशित कर दिया है।



## उद्यान मंत्री ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



ब्लाक सभागार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न शुक्रवार की दोपहर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में पहुंचे लोगों ने कंबल वितरण कार्यक्रम का हिस्सा बने जिसमे महिलाए भी शामिल रही।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति के आसपास जरूरतमंद लोगों को हजारों की संख्या में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है यह अनवरत सालों से होता चला रहा है जिसमें आज लालगंज क्षेत्र के प्रधानों ने जरूरत मंद लोगों को एकत्रित करके लाए, हैं जिन्हे कंबल वितरित किए गए हैं।

इस मौके पर मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और लोगों से कहा कि मैं हारा हुआ हूं लेकिन मैं सदैव रायबरेली वाशियो के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं चाहे दिन हो या रात सेवा करता रहूंगा लेकिन सोनिया गांधी आप लोगों का कभी हाल चाल लेने तक नहीं आती है इसी बीच मंत्री मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि सोनिया गांधी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को आस्वीकार किया है मंत्री ने कहा कि राम उनके हैं ही नहीं राम जिनके हैं वह निमंत्रण का न तो ठुकराते है और न इंतजार करता हैं और न ही वो राम की पूजा करती है और न ही सनातन धर्म को मानती है इसी बीच कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। इस मौके पर बच्चा सिंह, जेपी सिंह,अमित प्रधान सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चेयरमैन प्रत्याशी ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ क्षेत्र में पड़ रही भीषण सर्दी और रक्त जमा देने वाली शीतलहर से ठिठुर रहे नागरिकों को राहत दिलाने के लिए चेयरमैन पद की उम्मीदवार रही चंद्रकांती ने सैकड़ों जरूरतमन्दों में कंबल वितरित किए। कम्बल पाकर जरूरतमंदो के चेहरे खिल उठे। असहाय तथा कमजोर वर्ग के लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर के मोहल्ला चोपड़ा निवासी समाजसेवी चेयरमैन पद की पूर्व प्रत्याशी चंद्रकांति व उनके पति रामपाल यादव एडवोकेट ने नगर भ्रमण कर नगर के विभिन्न स्थानों पर सैकड़ो कंबल वितरित किए। चंद्रकांती ने धनाढ्य वर्ग के लोगों से अपने-अपने क्षेत्र में सर्दी से राहत दिलाने के लिए जरूरतमंदो की सहायता करने की अपील की। इस अवसर पर आनन्द कटियार रईस खान राजू शिवम यादव प्रतिक यादव आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत मनाया कौशल विकास दिवस कार्यक्रम

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड अमावा नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी गोपेश पांडे नमामि गंगे परियोजना अधिकारी संजय कुमार जी के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत कौशल विकास दिवस कार्यक्रम मनाया गया जिसकी अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राजन सिंह एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंजू यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। राजन सिंह द्वारा बताया गया कि युवाओं को कौशल के तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए साथ ही खुद का उद्यम तैयार कर युवाओं को वह खुद नौकरी दे ना की नौकरी की तरफ भागे अंजू यादव द्वारा बताया गया कि युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रम के समुचित विकास के लिए तथा आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहा है जिससे युवा प्रत्येक क्षेत्र में विज्ञान तकनीकी खेल आदि के मार्ग पर अग्रसर रह सके। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आशीष कुमार द्वारा बताया गया कि युवाओं को संगठित करके उनके कौशल को निखर कर उनकी योग्यता अनुसार रोजगार देना है। इस अवसर पर शुभ्रांशु बाजपेई अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संगीता दीक्षित खंड प्रेरक भवरेश साहू भानु प्रताप सिंह आज समस्त लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे बाइक सवार जीजा साले को तेज रफ्तार डंपर ने मारी जोरदार टक्कर डंपर की टक्कर से साले की मौके पर हुई दर्दनाक मौत वहीं जीजा की हालत गंभीर मामला ऊंचाहार थाना क्षेत्र के जमुना पुर चौराहे के पास का है जहां राकेश अपने साले छेदी के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गोकना स्थित श्मशान घाट जा रहे थे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें छेदी उम्र 40 वर्ष की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं उनके बहनोई राकेश गंभीर रूप से घायल हो गये टक्कर मारने के बाद डंपर चालक गाड़ी लेकर मौके से भागने में कामयाब रहा स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला के जगतपुर अंतर्गत थाना क्षेत्र के अंतर्गत झरहा गांव निवासी एक युवक रेलवे में फोर्थक्लास कर्मचारी था। आज अपने घर वापस लौटते समय ट्रेन से उतरते समय उसके दोनों पैर कट गए जिसे फौरन 108 एंबुलेंस की सहायता से जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बृहस्पतिवार को लक्ष्मणपुर रेलवे स्टेशन पर अभय सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी झरहा उम्र 38 वर्ष यह रेलवे विभाग में फोर्थ क्लास के कर्मचारी हैं। जो की गंगा गोमती ट्रेन से अपने घर वापस आ रहे थे।तभी लक्ष्मणपुर रेलवे स्टेशन पर उतरते समय यह ट्रेन के नीचे चले गए और उनके दोनों पैर कट गए वही स्थानी लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई तभी एंबुलेंस की मदद से घायल को जगतपुर सीएचसी ले जाया गया जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया सीएचसी के डॉक्टर लाइक अहमद ने बताया कि एक अधेड़ को सीएससी में मृत अवस्था में लाया गया था!

### दुकान में लगी आग से हुआ लाखों का नुकसान



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुराई बाग कस्बे के शंकर नगर मोहल्ले में नमकीन का व्यापार करने वाले व्यापारी की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जिससे दुकान के अंदर रखी नमकीन एवं अन्य सामान जलकर राख हो गया जिस व्यापारी को लाखों रुपए की चपत लग गई कस्बे के शंकर नगर मोहल्ले में नमकीन बनाने एवं बेचने का व्यवसाय करने वाले रामकुमार साहू कोतवाली डलमऊ में तहरीर देते हुए बताया शुक्रवार की सुबह लगभग चार से पांच बजे के बीच उनकी दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जबकि उनकी दुकान में किसी प्रकार का कोई विद्युत कनेक्शन भी नहीं है जिसमें दुकान के अंदर रखा लगभग डेढ़ लाख रुपए की नमकीन एवं अन्य सामान जलकर राख हो गया प्रार्थी ने घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एवं उचित कार्रवाई करने की मांग की है कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि दुकान में आग कैसे लगी है जांच कर कार्रवाई की जाएगी

## रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने महिलाओं पर किया जानलेवा हमला

▸ हमले में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल



▸ हमले का वीडियो वायरल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रास्ते के विवाद में आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने महिलाओं पर लाठी डंडों से किया जानलेवा हमला हमले में तीन महिलाएं गंभीर रूप से हुई घायल दबंगों के हमले का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के पूरे सरदार सिंह गांव का है जहां रास्ते के विवाद के चलते मामूली कहा सुनी खूनी संघर्ष में बदल गई और देखते देखते आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने महिलाओं पर लाठी दलों से जानलेवा हमला कर दिया तीन महिलाएं माया देवी, दीपिका कुमार व कंचन देवी गंभीर रूप से घायल हो गई जिनका इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां सभी के हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया इसी बीच दबंगों के हमले का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी।

## एसडीएम ने गौशालाओं में बेहतर व्यवस्था को लेकर की बैठक

**ठंड को देखते हुए जलाए जाय अलाव, पौष्टिक आहार और भूसा दिया जाए, लापरवाही बरतने वालों को बक्सा नहीं जाएगा : एसडीएम**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



एसडीएम ने की गौशालाओं में बेहतर व्यवस्था को लेकर एक बैठक। जिला अधिकारी के निर्देश पर इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है वही महराजगंज ब्लॉक सभागार में उप जिला अधिकारी राजितराम गुप्ता की अध्यक्षता में महराजगंज तहसील में ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत मे गौशालाएं संचालित हैं उनकी बैठक की गई।

महाराजगंज तहसील के अंतर्गत आने वाली सभी गौशालाओं को लेकर एक बैठक आहूत हुई जिसमें ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी और नगर पंचायत के कर्मचारी सम्मिलित हुए वहीं उप जिला अधिकारी ने कहा कि ठंड को देखते हुए गौशालाओं में अलाव की व्यवस्था की जाए एवं मवेशियों को भूसा दिया जाए साथ-साथ पौष्टिक आहार दिया जाए और दान भी दिया जाए गौशालाओं को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जाए कोताही बरतने वाली गौशालाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी अगर किसी भी प्रकार की शिथिलता पाई गई तो संबंधित कर्मचारी और अधिकारी को बक्शा नहीं जाएगा। कुछ गौशालाओं में बिजली न होने की शिकायत गौशाला संचालकों द्वारा की गई जिसको ध्यान में रखते हुए एसडीएम ने कहा कि जिला अधिकारी से बात की जाएगी और जल्द ही विद्युत जिन गौशालाओं में नहीं पहुंची वहां पहुंचाने का कार्य किया जाएगा ।बैठक में महराजगंज शिवगढ़ एवं बछरावां में संचालित जितनी भी गौशालाएं थी वहां के कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि गौशालाओं में लापरवाही बिल्कुल भी बरती नहीं जाएगी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह महराजगंज शिवगढ़ बछरावां के कर्मचारी एडीओ सतीश चतुर्वेदी नगर पंचायत महराजगंज के कर्मचारी ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## पूर्व महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने वितरित की ज्योति किट

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पूरा देश राममय है हर जगह राम की चर्चा हर जुबान पर राम का नाम है। आगामी 22 जनवरी को राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का ऐतिहासिक क्षण आने वाला है। इसी कार्यक्रम के तहत पूर्व सांसद एवम पूर्व महा अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने रायबरेली पहुंच कर लालगंज,डलमऊ,सरेनी ब्लाक के भोज पुर,खीरों और सताव सहित पांच ब्लाकों में ज्योति किट वितरित की और उपस्थित जन समुदाय से श्री सिंह ने 22 जनवरी को अपने घर पर दीप प्रज्जवलित करने की अपील की। साथ ही श्री सिंह ने कहा कि हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं जो इस पुनीत क्षण के साक्षी बनने जा रहे हैं। सभी लोग इस क्षण को एक उत्सव के रूप में मनाए। लालगंज में उपस्थित लोगों अपने हाथों से किट प्रदान की और उपस्थित लोगों का आभार जताया।

लालगंज में यह कार्यक्रम फतेहपुर रोड पर कोरिहरा मोड़ पर आयोजित किया गया था। जहां भारी संख्या में लोग पहुंचे। इस मौके पर युवा अधिवक्ता सौरभ सिंह,युवा कवि शिवतोष संघर्षी, युवा समाज सेवी राकेश त्रिवेदी, पवन त्रिवेदी,हिमांशु दीक्षित, दिलीप प्रजापति, रवि शंकर, मनीष जायसवाल, मनीष प्रजापति, विवेक चौहान, अंशुमान सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आए हुए लोगों का आभार प्रदर्शन योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया तथा संचालन दीप अमन ने किया।

## जिला पोषण समिति की बैठक में पोषाहार व हाट कुक्ड योजना पर चर्चा



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

पन्नालाल सभागार कलेक्ट्रट में जिला पोषण समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। उक्त बैठक में विभाग द्वारा निर्धारित एजेण्डा जैसे नैफेड द्वारा आपूर्ति पोषाहार, हॉटकुक्ड मील योजना, एन0आर0एल0एम0 द्वारा उत्पादित पोषाहार, सैम बच्चे के पोषण स्तर में सुधार, पोषण ट्रैकर, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों गोद लिये गये अधिकारियों के भ्रमण के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गयी।

नैफेड द्वारा आपूर्ति पोषाहार की समीक्षा की गयी जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि पोषाहार उत्पादन इकाई द्वारा बैकलाग पोषाहार की आपूर्ति परियोजना पर यथाशीघ्र कराते हुए बैकलाग की समाप्ति की जाय। हॉट कुक्ड मील योजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय परिसर एवं प्राथमिक विद्यालय से 200 मीटर परिधि में संचालित तथा प्राथमिक विद्यालय से 200 मीटर की परिधि से अधिक दूरी पर संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में 3-6 वर्ष के बच्चों हेतु पका-पकाया भोजन बनाये जाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम खण्ड विकास अधिकारियों के सहयोग से सम्बन्धित ग्राम प्रधानों-सभासद द्वारा हॉटकुक्ड मील योजना के अन्तर्गत खाना खाने/खाना बनाने में प्रयुक्त होने वाले बर्तनों को क्रय करके आंगनबाड़ी केन्द्रों को दिया जा रहा है। इसके साथ ही जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में अभीतक हॉटकुक्ड मील योजना के अन्तर्गत खाना बनना प्रारम्भ नही हुआ है उन केन्द्र पर व्यवस्था कराते हुए शीघ्र ही प्रारम्भ करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गये। वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत 18 आंगनबाड़ी केन्द्रों को तत्काल 1 माह के अन्दर पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को दिये गये। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023-24 के स्वीकृत 83 आंगनबाड़ी केन्द्रों से सम्बन्धित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग-लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया कि अभी टेण्डर प्रक्रिया की कार्यवाही प्रकियाधीन है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तत्काल कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये गये। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माह दिसम्बर में 2023 में एन0आर0सी0 में कुल भर्ती कराए गए 30 बच्चों में 24 आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं 06 आर0बी0एस0के0 से भर्ती कराए गए हैं। पोषण ट्रैकर की फीडिंग में जनपद में मीजरिंग इफिसिएन्सी एवं ग्रह भ्रमण प्रथम स्थान तथा मोबाइल वेरीफिकेशन में द्वितीय स्थान पर है। जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मोबाइल वेरीफिकेशन की फीडिंग को पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

## लालगंज में भारतीय जीवन बीमा निगम की तरफ से गोष्ठी आयोजित



▸ मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार की टीम सम्मानित

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा लालगंज के एक होटल में यूनिट मीटिंग गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया गोष्ठी एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि लालगंज शाखा प्रबंधक चंदन सिंह रहे द्य चंदन सिंह ने निगम के कई उत्पादों जीवन लाभ, बीमा ज्योति, यूलिप प्लान सीप निवेश प्लस, जीवन उत्सव समेत पॉलिसी के बाबत जानकारी दी एवं प्रत्येक अभिकर्ता को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक बीमा कर लोगों की बचत के साथ-साथ सुरक्षा भी दिलाए मुख्य जीवनबीमा सलाहकार ने अभिकर्ताओं से कहा एल आई सी ही एक ऐसी संस्था है जिस पर लोगों का भरोसा कायम है द्य इस मौके पर अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया अभिकर्ताओं में खुशी देखने को मिली अभिकर्ताओं को प्रबंधक और मनोज कुमार द्वारा मेडल और बैच देकर सम्मानित किया गयाद्य इस समारोह में मनोज कुमार मुख्य जीवन बीमा सलाहकार कुशवाहा, पूनम शतक वीर अभिकर्ता, गया प्रसाद अर्धशतक वीर अभिकर्ता, कृष्ण कुमार अर्धशतक वीर अभिकर्ता, महेश कुमार कुशवाहा, शैलेंद्र बहादुर, रोहित, जगजीवन राम, माधुरी वर्मा, रामबाबू कुशवाहा उपेंद्र कुमार कुशवाहा रामानंद, पुष्पराज आनंद, सन्नो देवी, मनीष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## मूर्तियों का हुआ अन्नाधिवास, 22 को होगी प्राण प्रतिष्ठा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** राम दरबार की मूर्तियों का शुक्रवार को अन्नाधिवास सम्पन्न हुआ शनिवार को जलाधिवास के साथ अन्य कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। बताते चलें कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के विराजमान हो रहे हैं। उसी दिन व उसी मुहूर्त को ही फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के झूलूमऊ गांव में स्थित मां फूलमती मंदिर परिसर में बने नवनिर्मित मंदिर में भी राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा होना सुनिश्चित हुआ है जिसके चलते सभी कार्यक्रम विधि विधान से चल रहे हैं वहीं भव्य रामकथा मां भुवनेश्वरी देवी पीठ के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रम्हचारी जी भक्तों को सुना हैं। रामकथा सुन भक्त भावविभोर हो रहे हैं। आचार्य अरविन्द द्विवेदी ने बताया कि पंचम दिवस मूर्तियों का अन्नाधिवास सम्पन्न हुआ। शनिवार को फलाधिवास, शर्कराधिवास, घृताधिवास, पुष्पाधिवास, औषधीयाधिवास होगा। अगले दिन महास्नान के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसके पश्चात 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। आयोजक फलाहारी बाबा ने सभी भक्तों से रामकथा का रसपान करने की अपील की। इस मौके पर महेश दीक्षित, विनय कृष्ण, शिवम, स्वतंत्र, मधुर, अजय आदि लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता समाज का आइना : शिवकिशोर



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन शिवकिशोर गौड़ का सफीपुर बार भवन में स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि शिवकिशोर गौड़ ने कहा कि अधिवक्ता समाज का आईना होता है। अपने अधिकारों के साथ उन गरीब मजदूरों के अधिकारों का भी ध्यान रखे, जो हमारे वादी होते है। उन्होंने कहा कि मेहनत और ज्ञान से आगे बढ़ा जा सकता है। निचले पायदान पर काम करने से ही सही ज्ञान और अनुभव मिल पाता है। वह स्वयं इसकी मिशाल है। तहसील से प्रैक्टिस शुरू करने के बाद जो अनुभव मिला उससे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सकी है। इसीलिए हाथरस जैसी घटना में जान का खतरा बताने वाले अधिकारियों की बात को दरकिनार कर मौके पर गया और जब तक मांगे नही मानी गई तब तक किसी की कोई बात नही सुनी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता बंधु अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज के लिए कार्य कर लोगो का विश्वास जीतें।

## घर-घर पहुंच रहा राम मंदिर अयोध्या धाम का संदेश

**सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**



श्री रामलला की नगरी अयोध्या से आये पूजित अक्षत निमंत्रण पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल रहे है। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मे होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर प ग्रामवासी अपने अपने गांव व मोहल्ले के मंदिरों को बड़ी उत्सुकता से सजा रहे है साथ ही कहीं रामचरित मानस तो कहीं सुन्दर कांड तो कहीं विशाल भंडारे के साथ शोभायात्रा के आयोजनों की तैयारियां बड़ी जोरो पर है। इसी क्रम मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरेनी खंड कारवाँ नीरज सिंह निवासी भवानीपुर ने भी अपनी टीम के साथ सहोलेश्वर धाम के परम पूज्यनीय आचार्य दिगम्बर जी महराज को अक्षत व निमंत्रण पत्र पहुँचाया।

नीरज ने कहा कि हमारे पूर्वजो ने राम मंदिर निर्माण को लेकर जो सपना देखा था आज वो हम सबकी आँखों के सामने सच हो रहा है। हम सभी के लिए यह बड़े गौरव् की बात है। इसके चलते हम और हमारी टीम पिछले दो सप्ताह से लगातार गांव गांव और घर घर जाकर लोगों को अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुँचाने का कार्य कर रही है साथ हि लोगों से आगामी 22 जनवरी को जब अयोध्या मे रामलला कि स्थापना हो तो सभी लोग अपने अपने घरों मे दीप जलाये और उत्सव् मनाकर अपने जीवन को धन्य व सार्थक बनाये। इस मौके पर महेन्द्र सिंह,अमित् कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य धूरेमऊ सत्यम शुक्ल,नमन तिवारी, अजय सिंह,आदित्य सिंह,विश्वास बाजपेई आदि लोग शामिल रहे।

## वार्षिक शिक्षा रिपोर्ट के आंकड़े चिंताजनक

बीते वर्ष की वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष विचलित करने वाले हैं। निष्कर्ष बताते हैं कि देश के सरकारी स्कूलों में 56 फीसदी किशोर गणित की सामान्य प्रक्रियाएं नहीं कर पाते। करीब 25 फीसदी छात्र क्षेत्रीय भाषा में कक्षा-दो का पाठ भी धाराप्रवाह ढंग से नहीं पढ़ पाते। करीब आधे छात्र यदि भाग व गुणा जैसी सामान्य गणितीय क्रियाएं नहीं कर पाते तो यह हमारे शैक्षिक ढांचे पर सवालिया निशान है। आखिर क्या वजह कि करीब 43 फीसदी छात्र अंग्रेजी के सामान्य वाक्य पढ़ने में असमर्थ हैं? बुधवार को जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष निस्संदेह परेशान करने वाले हैं कि आने वाले भारत का भविष्य कैसा होगा? कालांतर जैसे-तैसे पढ़-लिखकर ये छात्र बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने के अलावा और क्या कर सकते हैं? पहली बार देश के 26 राज्यों के 28 जिलों में किशोरों का सर्वेक्षण किया गया। बच्चों की गणित व अंग्रेजी की स्थिति देखकर साफ है कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बच्चों की बुनियादी पढ़ाई और गणित की शिक्षा में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। दरअसल, एएसईआर के इस सर्वेक्षण में 14 से 18 वर्ष के 34,745 छात्रों को शामिल किया गया था। बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के दो ग्रामीण जिलों तथा शेष राज्यों के एक-एक ग्रामीण जिले को सर्वेक्षण में शामिल किया गया। हालांकि, अच्छी बात यह है कि 14 से 18 वर्ष के करीब 87 फीसदी बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं। लेकिन उनमें से अधिकांश बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेजी ज्ञान में बुनियादी कौशल का प्रदर्शन नहीं करते हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल नब्बे फीसदी बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं और उन्हें यह चलाना बखूबी आता है। सबसे परेशान करने वाला सवाल यह है कि क्यों 25 फीसदी छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा दो का पाठ भी धाराप्रवाह रूप से नहीं पढ़ सके। वैसे गणित व अंग्रेजी में परिस्थितिजन्य व पारिवारिक माहौल के चलते कमजोरी की बात तो समझ में आती है। दरअसल, अक्सर बच्चे गणित को एक नीरस विषय के रूप में लेते हैं, जबकि आजकल बिना गणित के जीवन का अर्थशास्त्र चलाना बेहद मुश्किल है। सर्वे का एक पक्ष यह भी कि लड़कियों का क्षेत्रीय भाषा में धाराप्रवाह पाठ पढ़ने का प्रतिशत 76 रहा, जबकि किशोरों में यह प्रतिशत 71 था। जबकि गणित व अंग्रेजी में किशोरों का प्रदर्शन किशोरियों से बेहतर रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम में इनकी भागेदारी महज 5.6 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में हरियाणा के सिरसा, पंजाब के एसएएस नगर, जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग, हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा, राजस्थान में भीलवाड़ा और उत्तराखंड के टेहरी गढ़वाल शामिल थे। दरअसल, इस संकट के सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए। सामान्यतरू ग्रामीण इलाकों में अधिकांश बच्चे कमजोर वर्ग या खेती-किसानी से जुड़े परिवारों से आते हैं। अंग्रेजी का कमजोर होना तो समझ में आता है, लेकिन क्षेत्रीय भाषा पठन में फिसड्डी होना चौंकाता है। यह निष्कर्ष सरकारी शिक्षकों की शिक्षण शैली और सीखने की प्रक्रिया में रुचि बढ़ाने की कोशिशों पर भी सवाल उठाता है। समय के साथ-साथ कहीं न कहीं शिक्षकों का वह रुतबा भी कम हुआ है जो छात्रों को सख्त अनुशासन के दायरे में लाता था। शिक्षकों की नियुक्ति के तौर-तरीके, राजनीतिक हस्तक्षेप से होने वाली नियुक्तियां तथा जवाबदेही जैसे सवाल भी सामयिक हैं।

**देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। शायद इसीलिए भवभूति और कालिदास ने रामायण को इतिहास बताया। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में 'इतिहास' को 'पुरावृत्त' कहा गया है। गोया, कालिदास के 'रघुवंश' में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महा काव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञान सम्मत अनेक ऐसे सूत्र मौजूद हैं, जिनके जरिए नए आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। विज्ञान सम्मत अंशों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञान सम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा।**

# जय श्रीराम, अब होगा प्राचीन भारतीय विज्ञान का पुनरुत्थान

प्रमोद भार्गव



**विज्ञानसम्मत अंशों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञानसम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा। वैसे भी ज्यादातर रामायणों में उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्षमण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे।**

अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ राम की पुरातन एवं सनातन ऐतिहासिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना भी हो जाएगी। अब विभिन्न रामायणों में दर्ज उस विज्ञान को भी मान्यता देने की जरूरत है, जिन्हें वामपंथी पूर्वाग्रहों के चलते वैज्ञानिक एवं बुद्धिजीवी न केवल नकारते रहे हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिकता को भी कपोल-कल्पित कहकर उपहास उड़ाते रहे हैं। अतैव यह समय प्राचीन भारतीय विज्ञान के पुनरुत्थान का भी काल है, क्योंकि रामायण और महाभारत कथाएं नाना लोक स्मृतियों और विविध आयामों में प्रचलित बनी रहकर वर्तमान हैं। इनका विस्तार भी सार्वभौमिक है।

देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। शायद इसीलिए भवभूति और कालिदास ने रामायण को इतिहास बताया। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में 'इतिहास' को 'पुरावृत्त' कहा गया है। गोया, कालिदास के 'रघुवंश' में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महाकाव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञानसम्मत अनेक ऐसे सूत्र मौजूद हैं, जिनके जरिए नए आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। विज्ञानसम्मत अंशों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञानसम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा। वैसे भी ज्यादातर रामायणों में उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्षमण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे।

इतिहास तथ्य और घटनाओं के साथ मानव की विकास यात्रा की खोज भी है। यह तय है कि मानव, अपने विकास के अनुक्रम में ही वैज्ञानिक अनुसंधानों से सायास-अनायास जुड़ता रहा है। ये वैज्ञानिक उपलब्धियां या आविष्कार रामायण, महाभारतकाल मे उसी तरह चरमोत्कर्ष पर थे, जिस तरह ऋग्वेद के लेखन-संपादन काल के समय संस्कृत भाषायी विकास के शिखर पर थी। रामायण का शब्दार्थ भी राम का 'अयण' अर्थात 'भ्रमण' से है। तीन सौ रामायण और अनेक रामायण विषयक संदर्भ गंथ, जिनके प्रभाव को नकारने के लिए पाउला रिचमैन ने 1942 में 'मैनी रामायणस द डाइवर्सिटी ऑफ ए नैरेटिव ट्रेडिशन इन साउथ एशिया' लिखी और एके रामानुजन ने थ्री हंड्रेड रामायण फाइव एग्जांपल एंड थ्री थॉट्स आन ट्रांसलेशन निबंध लिख कर अनर्गल अंशों को गढ़कर सच्चाई को झुठलाया। जबकि इन्हीं रामायणों, रामायण विषयक संदर्भ ग्रंथों और मदन मोहन शर्मा शाही के बृहद् उपन्यास से विज्ञानसम्मत आविष्कारों की पड़ताल की जा सकती है।

रामायण एकांगी दृष्टिकोण का वृतांत भर नहीं है। इसमें कौटुम्बिक सांसारिकता है। राज-समाज संचालन के कूट-मंत्र हैं। भूगोल है। वनस्पति और जीव जगत हैं। राष्ट्रीयता है। राष्ट्र के प्रति उत्सर्ग का चरम है। अस्त्र-शस्त्र हैं। यौद्धिक कौशल के गुण हैं। भौतिकवाद है। कणाद का परमाणुवाद है। सांख्य दर्शन और योग के सूत्र हैं। वेदांत दर्शन है और अनेक वैज्ञानिक उपलब्धियां हैं। गांधी का राम-राज्य और पं. दीनदयाल उपाध्याय के आध्यात्मिक भौतिकवाद के उत्स इन्हीं रामायणों में हैं। वास्तव में रामायण और उसके परवर्ती ग्रंथ कवि या लेखक की कपोल-कल्पना न होकर तात्कालिक ज्ञान के विश्व कोश हैं। जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने तो ऋग्वेद को कहा भी था कि यह अपने युग का विश्व-कोश है। अर्थात एन-साइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड !

लंकाधीश रावण ने नाना प्रकार की विधाओं के पल्लवन की दृष्टि से यथोचित धन व सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। रावण के पास लडाकू वायुयानों और समुद्री जलपोतों के बड़े भण्डार थे। प्रक्षेपास्त्र और ब्रह्मास्त्रों का अकूत भण्डार व उनके निर्माण में लगी अनेक वेधशालाएं थीं। दूरसंचार व दूरदर्शन की तकनीकी-यंत्र लंका में स्थापित थे। राम-रावण युद्ध केवल राम और रावण के बीच न होकर एक विश्व युद्ध था। जिसमें उस समय की समस्त विश्व-शक्तियों ने अपने-अपने मित्र देश के लिए लड़ाई लड़ी थी। परिणामस्वरूप ब्रह्मास्त्रों के विकट प्रयोग से लगभग समस्त वैज्ञानिक अनुसंधान-शालाएं उनके आविष्कारक, वैज्ञानिक व अध्येता काल-कवलित हो गए। यही कारण है कि हम कालांतर में हुए महाभारत युद्ध में वैज्ञानिक चमत्कारों को रामायण की तुलना में उत्कृष्ट व सक्षम नहीं पाते हैं। यह भी इतना विकराल विश्व-युद्ध था कि रामायण काल से शेष बचा जो विज्ञान था, वह महाभारत युद्ध के विध्वंस की लपेट में आकर नष्ट हो गया।

इसीलिए महाभारत के बाद के जितने भी युद्ध हैं, वे खतरनाक अस्त्र-शस्त्रों से न लड़े जाकर थल सेना के माध्यम से ही लड़े गए दिखाई देते हैं। बीसवीं सदी में हुए द्वितीय विश्व युद्ध में जरूर हवाई हमले के माध्यम से अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा-नागाशाकी में परमाणु हमले किए थे। वाल्मीकि रामायण एवं नाना रामायणों तथा अन्य ग्रंथों में 'पुष्पक-विमान' के उपयोग के विवरण हैं। इससे स्पष्ट होता है, उस युग में राक्षस व देवता न केवल विमान-शास्त्र के ज्ञाता थे, बल्कि सुविधायुक्त आकाशगामी साधनों के रूप में वाहन उपलब्ध थे। रामायण के अनुसार पुष्पक-विमान के निर्माता ब्रह्मा थे। ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट किया था।

विचार

# राम तो बहाना है, संविधान और गणतंत्र पर निशाना है!

बादल सरोज

**एक आदेश में मध्य प्रदेश सरकार ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तारतम्य में 16 से 22 जनवरी तक सभी सरकारी भवनों, स्कूलों, मंदिरों, गांवों, कस्बों, शहरों में किये जाने वाले आयोजनों को सूचीबद्ध करते हुए कलेक्टरों को उनके प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। पूरे सप्ताह भर तक मध्य प्रदेश की सरकार, जिस काम के लिए उसे चुना गया है अपना वह सारा कामकाज छोड़कर, दीये जलायेगी, मन्दिर सजायेगी, भंडारे करवायेगी और सरकारी बिल्डिंगों पर झालरें लटकवायेगी। इस आशय के बाकायदा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।**

अयोध्या में अभी तक अधबने मंदिर को लेकर देश भर में चलाई जा रही मुहिम की श्रृंखला में मध्यप्रदेश सरकार के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव के हस्ताक्षरों से 12 जनवरी को समस्त कलेक्टरों के लिए एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में उन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तारतम्य में 16 से 22 जनवरी तक सभी सरकारी भवनों, स्कूलों, मंदिरों, गांवों, कस्बों, शहरों में किये जाने वाले आयोजनों को सूचीबद्ध करते हुए कलेक्टरों को उनके प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। पूरे सप्ताह भर तक मध्यप्रदेश की सरकार, जिस काम के लिए उसे चुना गया है अपना वह सारा कामकाज छोड़कर, दीये जलायेगी, मन्दिर सजायेगी, भंडारे करवायेगी और सरकारी बिल्डिंगों पर झालरें लटकवायेगी। इस आशय के बाकायदा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

आदेश में प्रदेश के सभी कलेक्टरों से 9 काम करने के लिए कहा गया है। इन कामों में पहला काम 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में राम कीर्तन कराने, मंदिरों में दीप जलाने और हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जाग्रत करने का है। इस पहले काम के अलावा बाकी के आठ कामों में हर नगर तथा हर गांव में राम मंडलियों के कार्यक्रम करवाना, हर शहर गांव के मुख्य मंदिरों पर टीवी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराना और इसमें लोगों की भागीदारी कराना, 22 जनवरी को सभी प्रमुख मंदिरों में भंडारों का आयोजन कराना, मंदिरों में साफ-सफाई, दीप प्रज्वलन के साथ ही श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन करवाना, शहरों में नगरीय विकास तथा आवास विभाग, गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा साफ सफाई के साथ सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कालेजों में साज-सज्जा करवाना, प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी विशेष सफाई अभियान और 21 से 26 तक झालरें लटकाने-लाइटिंग की व्यवस्था करवाना, 11 से 21 जनवरी तक प्रदेश के 20 जिलों में हो रही रामलीलाओं- श्रीरामचरित लीला समारोह- के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना शामिल हैं। कलेक्टरों को सौंपा गया नौवां काम है स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्गो से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान-स्वागत की व्यवस्थाएं स्थानीय निकायों तथा स्थानीय जनों के सहयोग से सुनिश्चित करना।

भारतीय संविधान के तहत निर्वाचित, उसके अनुरूप चलने की शपथ लेकर सत्तासीन हुई सरकार का यह आदेश भारत दैट इज इंडिया में राजकाज चलाने की अब तक की परम्परा से एकदम अलग तो है ही खुद संविधान सम्मत प्रावधानों के प्रतिकूल और विरुद्ध भी है। भारत का संविधान धर्म और उसके साथ शासन के रिश्तों के बारे में एकदम साफ-साफ प्रावधान करता है। संविधान के अनुच्छेद 25 से लेकर 28 तक में इस बारे में स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है कि भारत का कोई भी एक आधिकारिक राज्य धर्म नहीं होगा। देश में रहने वाले हर व्यक्ति को किसी भी धर्म को मानने, उसके अनुरूप आचरण करने और अपने धर्म का प्रचार करने का अधिकार होगा। उसके इस अधिकार का संरक्षण करने की गारंटी संविधान देता है और कहता है कि ऐसा हो सके यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

संविधान यह भी कहता है कि सरकार किसी भी एक धर्म के प्रति राग या द्वेष से काम नहीं लेगी, न किसी धर्म का विरोध किया जाएगा न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 25 में प्रत्येक व्यक्ति को अपने धार्मिक विश्वास और सिद्धांतों का प्रसार करने का अधिकार दिया गया है। अनुच्छेद 27 के अनुसार नागरिकों को किसी विशिष्ट धर्म या धार्मिक संस्था की स्थापना या पोषण के बदले में कर-टैक्स- देने के लिये बाध्य नहीं किया जायेगा। वहीं अनुच्छेद 28 के द्वारा सरकारी शिक्षण संस्थाओं में किसी प्रकार की धार्मिक शिक्षा नहीं दिए जाने का प्रावधान किया गया है। अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए यह अनुच्छेद कहता है कि श्राज्य-निधि से पूर्णतः पोषित किसी शिक्षा संस्था में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाएगी। यह भी कि राज्य से मान्यता प्राप्त या राज्य-निधि से सहायता पाने वाली शिक्षा संस्था में उपस्थित होने वाले किसी व्यक्ति को ऐसी संस्था में दी जाने वाली धार्मिक शिक्षा में भाग लेने के लिए या ऐसी संस्था में या उससे संलग्न स्थान में की जाने वाली धार्मिक उपासना में उपस्थित होने के लिए तब तक बाध्य नहीं किया जाएगा. जब तक कि उस व्यक्ति ने, या यदि वह अवयस्क है तो उसके संरक्षक ने, इसके लिए अपनी सहमति नहीं दे दी है।श

इस तरह से पहली नजर में ही मध्यप्रदेश सरकार का यह आदेश भारत के संविधान-जिसकी 75वीं सालगिरह की वर्ष इसी 26 जनवरी से शुरू हो रही है-का सिरे से उल्लंघन करने वाला है। कानून की भाषा में ऐसा कृत्य आपराधिक और दंडनीय माना जाता है। भारत का संविधान 251 पृष्ठों में लिखी 395 अनुच्छेद और 25 भागों में विभाजित, 12 अनुसूचियों में लिखे कुछ नियम कानूनों का संकलन नहीं है, यह कुछ पढ़े-लिखे समझदार लोगों द्वारा अपनी पसंद और रूचि से लिखी बातों का संग्रह भी नहीं है।

## गणतंत्र दिवस पर याद रखना इन बालवीरों को

आर.के. सिन्हा

हर साल जनवरी का महीने आते ही देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां अपने चरम पर पहुंच जाती हैं। राजधानी दिल्ली में तो गणतंत्र दिवस की तैयारियां बाकी जगहों से अधिक बड़े स्तर पर होती हैं क्योंकि राजधानी दिल्ली में ही गणतंत्र दिवस परेड निकलती है। उस परेड का हिस्सा वे बालवीर भी होते हैं, जिन्हें देश उनके साहस, सूझबूझ और शौर्य के लिए सम्मानित कर रहा होता है।

वे जब राष्ट्रपति जी को सलामी देते हुए आगे बढ़ते हैं, तो कर्तव्यपथ (पहले राजपथ) में उपस्थित जनसमूह उनका हर्षध्वनि से स्वागत करता है। गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे। पर मेनका गांधी के विरोध के बाद इन्हें हाथियों पर बैठाने की परंपरा को रोक दिया गया। बालवीर गणतंत्र दिवस परेड से दस दिन पहले राजधानी में आकर परेड की रिहर्सल में शामिल होते हैं। इसके अलावा, यह दोपहर और शाम को कभी राष्ट्रपति कभी, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, कभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, वायुसेना, नौसेना और थलसेनाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिलते हैं। कभी लाल किला, पुराना किला, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा जैसी ऐतिहासिक इमारतें और कभी फन एंड फूड विलेज जैसे मनोरंजक स्थल घूमते हैं। इन्हें राजधानी के फन एंड फूड विलेज के संस्थापक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी सरदार सेवा सिंह नामधारी बहुत सारे उपहार देते थे। उनके ना रहने के बाद भी बालवीरों का वहां सम्मानित किया जाता है।

गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले तक तो यह बालवीर खबरों में रहते हैं। यह इंटरव्यू देते हैं और फिर यह ओझल हो जाते हैं। यह स्थिति कोई आदर्श नहीं मानी जा सकती। कोशिश तो ऐसी होनी चाहिए कि जिन्हें बालवीर पुरस्कार मिला, उन्हें उनके राज्यों की सरकारें जीवन में आगे बढ़ने के हर संभव अवसर दें। हमें पुरस्कार सांकेतिक रूप से नहीं देने चाहिए। ईमानदार कोशिश होनी चाहिए ताकि बालवीरों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिले। आमतौर पर इनका संबंध देश के सुदूर इलाकों में रहने वाले निर्धन परिवारों से ही होता है। इन्हें हर संभव प्रोत्साहन की दरकार होती है। यह सब देश के नौनिहाल होते हैं। इनके प्रति ठंडा रुख रखना गलत है। अब तक विभिन्न राज्यों से करीब एक हजार से भी अधिक बच्चों को राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। वर्ष 2018 के बाद से भारत सरकार का बाल विकास मंत्रालय स्वयं इन बच्चों का चयन करता है अब यह राष्ट्रीय पुरस्कार वीरता श्रेणी के अतिरिक्त खेल, मनोरंजन, विज्ञान अनुसंधान, आदि अन्य अनेक श्रेणियों में भी बाल प्रतिभाओं को दिए जाने लगे हैं। अब देश में कितने लोगों को याद है कि पहला बालवीर पुरस्कार हरीश मेहरा नाम के बालक को मिला था। अब हरीश मेहरा करीब 80 साल के बुजुर्ग हो गए हैं। वे दिल्ली में ही रहते हैं। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बचाया था। वह तारीख थी दो अक्टूबर, 1957। स्थान था दिल्ली का रामलीला मैदान। शाम के सात बजे थे। उस दिन हरीश मेहरा राजधानी के रामलीला मैदान में चल रहे एक कार्यक्रम के दौरान वालंटियर की ड्यूटी दे रहे थे। वीआईपी मेहमानों के लिए आरक्षित कुर्सियों पर पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, के बाबू जगजीवन राम वगैरह भी उपस्थित थे। तब ही उस शामियाने के ऊपर तेजी से आग की लपटें फैलने लगीं जिधर तमाम नामवर हस्तियां बैठीं थीं। वे तुरंत 20 फीट ऊंचे खंभे के सहारे उस जगह पर चढ़ने लगे जिधर आग लगी थी। उनके पास स्काउट का चाकू भी था। जिधर से आग फैल रही थी, वहां पर पहुंचकर उन्होंने उस बिजली के तार को अपने चाकू से काट डाला। इस सारी प्रक्रिया को अंजाम देने में मात्र पांच मिनट का वक्त लगा। उस शामियाने के नीचे बैठे तमाम आम और खास लोगों ने हरीश मेहरा के अदम्य साहस और सूझबूझ को देखा।



## राशिफल

**मेष :-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**बृषभ :-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी।

**मिथुन :-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरे में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहो की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्क :-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह :-** पुराने गलतियो से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनावें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या :-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुला :-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय ब्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तिब्र होगा।

**वृश्चिक :-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा।

**धनु :-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओ के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी।

**मकर :-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभ :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है।

**मीन :-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# मथुरा ईदगाह पर आदेश अदालती रूख में कोई बदलाव नहीं

के रवीन्द्रन



**आप इस तरह सर्वव्यापी अनुप्रयोग नहीं बना सकते। आपको इस बारे में बहुत स्पष्ट होना होगा कि आप स्थानीय आयुक्त से क्या चाहते हैं,य दो सदस्यीय पीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा। पिछले साल मई में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर सभी मुकदमों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। मस्जिद समिति ने इस आधार पर स्थानांतरण को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया कि विवाद के संबंध में सभी मुकदमे लंबित हैं और उच्च न्यायालय को इस बीच दूसरे पक्ष को अंतरिम राहत नहीं देनी चाहिए थी।**

मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए एक अधिवक्ता आयोग नियुक्त करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने वाला सर्वोच्च न्यायालय का आदेश विवादित पूजा स्थलों के संबंध में न्यायपालिका के सामान्य दृष्टिकोण में कोई खास बदलाव नहीं करता है, जो कि अन्य मुद्दों के बजाय आस्था के पक्ष में अधिक जोर देता है। भारत के शीर्ष अदालत का आदेश विवादास्पद दावों के बारे में ठोस मुद्दों के बजाय तकनीकी पहलुओं पर आधारित है, जिसमें 1991 के पूजा स्थल अधिनियम को चुनौती भी शामिल है, जिसे अब विभिन्न न्यायिक फैसलों के अनुसार अनुल्लंघनकारी बाध्यता नहीं माना जाता है, जिसमें इससे संबंधित विवाद भी शामिल है।

अयोध्या में रामजन्मभूमि, दरअसल, उस मामले में ऐतिहासिक फैसले ने भविष्य के लिए एक नया खाका तैयार किया है, जिसे आने वाले दिनों में अपनाने में बढ़ोतरी की उम्मीद है। यह प्रासंगिक है कि सर्वोच्च न्यायालय ने केवल सर्वेक्षण करने के लिए आयोग नियुक्त करने के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाई है, मुख्य मुकदमे में कार्रवाई जारी रखने पर नहीं। अदालत ने स्पष्ट किया, श्हम पूर्ण स्थगन जारी नहीं कर रहे हैं, यह कहते हुए कि स्थगन आदेश केवल ईदगाह स्थल के सर्वेक्षण के लिए एक अधिवक्ता आयोग स्थापित करने के उच्च न्यायालय के आदेश के कार्यान्वयन से संबंधित है।

सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि क्या 1991 का अधिनियम प्रतिद्वंद्वी दलों के दावों के संबंध में किसी भी बदलाव को रोकता है? इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष एक दर्जन से अधिक याचिकाएं लंबित हैं, जिसमें हिंदू पक्ष का दावा है कि मस्जिद का निर्माण सम्राट औरंगजेब ने कृष्ण के जन्मस्थान की भूमि पर एक मंदिर को ध्वस्त करके किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने विवादित ढांचे पर सर्वेक्षण करने के लिए एक आयोग की नियुक्ति के लिए हिंदू पक्ष के आवेदन में खामियां निकाली हैं। बात उस बिंदु से आगे नहीं बढ़ी है कि श्क्या कोई आवेदन इस तरह किया जा सकता है? आवेदन को लेकर हमें आपत्ति है। प्रार्थना देखें। यह बहुत अस्पष्ट है। इसे पढ़ें।

आप इस तरह सर्वव्यापी अनुप्रयोग नहीं बना सकते। आपको इस बारे में बहुत स्पष्ट होना होगा कि आप स्थानीय आयुक्त से क्या चाहते हैं,य दो सदस्यीय पीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा। पिछले साल मई में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर सभी मुकदमों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। मस्जिद समिति ने इस आधार पर स्थानांतरण को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया कि विवाद के संबंध में सभी मुकदमे लंबित हैं और उच्च न्यायालय को इस बीच दूसरे पक्ष को अंतरिम राहत नहीं देनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट केवल उस तर्क को कायम रख रहा था। अन्य सभी मुद्दों पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है। अनिवार्य रूप से, देश के मुसलमानों ने इसी तरह के विवादों के संबंध में अपना कारण उस दिन खो दिया जब सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्र की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मुद्दे को सुलझाया कि मुस्लिम पूजा के आवश्यक रूप के बारे में 1994 के फैसले का उल्लेख किया जाये या नहीं।

वह निर्णय इस निष्कर्ष पर आधारित था कि मस्जिद में प्रार्थना करना इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है और मुसलमानों द्वारा नमाज खुले में भी पढ़ी जा सकती है। सितंबर 2010 में अयोध्या भूमि विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर इस फैसले का बड़ा प्रभाव पड़ा, जब तीन न्यायाधीशों की पीठ ने विवादित स्थल को हिंदुओं, मुसलमानों और निर्मोही अखाड़े के बीच विभाजित कर दिया। यह लगभग एक स्थापित मानदंड बन गया है और इसलिए इसका असर उन सभी मामलों पर पड़ेगा जहां पूजा स्थलों के स्वामित्व को इस आधार पर विवादित किया गया है कि वर्तमान संरचनाएं उन मंदिरों के खंडहरों पर बनाई गई थीं जो कभी उन स्थानों पर थे।

लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक लड़ाई जारी रहेगी, जैसा कि अयोध्या में नये राम मंदिर के मामले में स्पष्ट है। हालांकि वर्तमान विवाद का मूल मुद्दा भाजपा द्वारा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए अभिषेक कार्यक्रम का उपयोग करना है, लेकिन ध्वस्त बाबरी मस्जिद धर्मनिरपेक्षता को एक प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करना जारी रखे हुए है। फिर भी वर्तमान व्यवस्था में धर्मनिरपेक्षता का स्वाद कम होने से पासा पुरानी संरचनाओं के पक्ष में भारी पड़ गया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

## खबरें एक नजर में

### 18 वर्ष से कम आयु के रिक्शा चालकों पर हो कार्रवाई

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा कि दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने को जागरूक किया जाए। अगर समझाने पर नहीं लगाए तो प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। डीएम ने कहा कि जनपद की मुख्य सड़कों के आबादी भागों में चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था की जाए। तीव्र मोड़ों पर रिफलेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाएं। सड़कों पर से अवैध अतिक्रमण, अवैध पार्किंग हटाने की कार्रवाई करें। 18 वर्ष से कम आयु के रिक्शा चालकों पर कार्रवाई कर वाहन सीज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने ले जाने वाले विद्यालयों वाहन के अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतयः फिट होने चाहिए। अनफिट गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़कों पर नहीं दिखने चाहिए। कहा दुर्घटना बहुल स्थलों हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर जरूरी यातायात संकेतक, साइन बोर्ड लगवाए जाएं। कहा अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा दुर्घटना पूर्व, दुर्घटना होने पर तथा दुर्घटना पश्चात उससे निपटने की कार्य योजना तैयार करें। ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जाए।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम की बनी रुपरेखा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** शहर के सुभाष बाजार स्थित श्री महावीर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा मंगल उत्सव कार्यक्रमों के तहत 20 से 22 जनवरी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर नवयुवक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने एक आवश्यक बैठक आहुत हुई। जिसमे सोसाइटी के सदस्य व व्यापारियों ने यूपी सरकार के दिशा निर्देशों पर पूर्ण तरह कार्यक्रम आयोजित करने का आवाहन किया। श्री महावीर मंदिर नवयुवक सोसाइटी के अध्यक्ष अंकित ओमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या के भगवान श्री राम के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित मंगल उत्सव कार्यक्रमों के अंतर्गत शहर के सुभाष बाजार स्थित श्री महावीर मंदिर में यूपी सरकार के निर्देशों पर 20 जनवरी को मंदिर की साफ सफाई एवं धुलाई का कार्यक्रम किया जाएगा।21 जनवरी को छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली कार्यक्रम एवं 22 जनवरी को सुबह 9 बजे विशाल हवनोत्सव 11 बजे सुंदरकाण्ड,12.20 बजे आरती एवं दोपहर 1बजे प्रसाद वितरण, तीन बजे महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन एवं सांय छः बजे दीपोत्सव व आतिशबाजी आदि कार्यक्रम कराए जाएंगे।

### निर्माण कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। नई सड़कों का निर्माण तथा पुरानी सड़कों का सुंदरीकरण का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए। जिन परियोजनाओं में संपूर्ण धनराशि मिल गई है उनको शीघ्र पूर्ण किया जाए। सभी प्रकार की परियोजनाओं में धनराशि व्यय होने के बाद उसका उपभोग प्रमाण पत्र अवश्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं में जो धनराशि अवमुक्त की जा रही है उसके सापेक्ष भौतिक प्रगति अवश्य प्राप्त होनी चाहिए। ऐसी परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें नियमानुसार समय से हैंडओवर करने की कार्रवाई की जाए। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से निर्माणाधीन भवनों में एप्रोच का सत्यापन कराने तथा नये बनने वाले डी0पी0आर0 में एप्रोच को शामिल करने के निर्देश संबंधित को दिए।

### भागीदारी यात्रा का हुआ स्वागत




**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** सैकड़ों गाड़ियों के बड़े काफिले के साथ भागीदारी यात्रा रथ लेकर कस्बे में पहुंचे पूर्व मंत्री व जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रथयात्रा का कस्बा सहित जगह जगह स्वागत करते हुये कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब, कांशीराम व ज्योतिबा फुले के विचारों को अपनाने की बात कही। रथयात्रा का नेतृत्व कर रहे पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने बुंदेलखंड के जालौन जनपद से जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के नारे के साथ भागीदारी यात्रा का शुभारंभ किया है। जो बुंदेलखंड के सभी सातों जनपदों में जाकर लोगों में जागरूकता लाने का काम करेगी। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद भागीदारी यात्रा में खासी भीड़ उमड़ने पर उन्होंने कहा कि ये साफ संदेश दिख रहा है कि उनकी इस भागीदारी मुहिम पर उन्हे खासा समर्थन मिल रहा है। आपको बता दें कि बाबू सिंह कुशवाहा के साथ चल रहे सैकड़ों वाहनों के काफिले से कहीं न कहीं उमड़ रही भीड़ आगामी 2024 के चुनावों में जन अधिकार पार्टी के इस क्षेत्र में दस्तक देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वो बाबा साहब, कांशीराम तथा ज्योतिबा फुले के विचारों को साथ लेकर जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में भागीदारी यात्रा निकाल रहे हैं।

### 51 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती बरते जाने के बाद भी क्षेत्र में क्षेत्रीय लोगों की मदद से दूसरे राज्यों के तस्करों द्वारा गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। जिसके चलते पुलिस ने 51 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत करीब 13 लाख रुपये बताई जा रही है। ?वहीं पुलिस ने एक क्रेटा कार, आरोपियों के कब्जे से 25 हजार 6 सौ रुपये नगदी व तमंचा बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी ने बाहरी राज्यों से गांजा तस्करों के कनेक्शन की जानकारी होने की बात कही है। थाना बिवांर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान महेरा गांव की ओर जाने वाली निर्माणाधीन सड़क पर एक संदिग्ध क्रेटा कार को घेराबंदी कर पकड़ा। इस कार में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें छत्तीसगढ़ रायपुर के थाना टाटीबन आईडीपी कालोनी हीरापुर निवासी किशन सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह व सुमेरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बांक निवासी शत्रुघन वर्मा पुत्र दुर्गा प्रसाद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने किशन सिंह के कब्जे से एक तमंचा पकड़ा। जबकि दोनों के पास से 26,600 रुपये और तीन एंड्रॉयड फोन और क्रेटा गाड़ी में 51 पैकेटों में 51 किलो गांजा बरामद किया है। जिसका बाजार मूल्य लगभग 13 रुपये बताया जा रहा है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि गांजा के साथ दो लोगों को पकड़ा गया है। सम्भवतः यह छत्तीसगढ़ या उड़ीसा से गांजा की तस्करी करते थे। इनके दूसरे राज्यों से संबंधों की जांच की जा रही है। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

# एसपी ने बार्डर चेक पोस्टों का किया औचक निरीक्षण




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु मध्य प्रदेश सीमा से सटे बार्डर चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण किया गया। ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन पर अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, मन्दिर उद्घाटन एवं आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद महोबा में अन्तर्राज्यीय एवं अन्तर्जनपदीय सीमा पर मजबूत सुरक्षा/कानून व्यवस्था और बेहतर यातायात व्यवस्था हेतु बार्डर चेक पोस्टों पर पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया गया है तथा अचूक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रत्येक चेक पोस्ट पर चेकिंग रजिस्टर बनाया गया है जिसमें चेक किये गए वाहनों/व्यक्तियों का विवरण अंकित किये जाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था हेतु किए गए विभिन्न बन्दोबस्त का औचक निरीक्षण करते हुए जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत म0प्र0 राज्य की सीमा से सटे हुए इन्ट्री प्वाइंट पठा एवं रतौली बार्डर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमाक्षेत्र में सभी आने जाने वालों की सघन चेकिंग कराई गई तथा ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर दीपक दूबे-क्षेत्राधिकारी नगर, दुर्गविजय सिंह-प्र0नि0 कोत0 नगर सहित बार्डर चेक पोस्ट में भारी संख्या में तैनात पुलिसबल मौजूद रहे।

इसी क्रम में सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक तथा हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा संयुक्त रुप से थाना महोबकंठ व थाना अजनर क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। इस दौरान म0प्र0 सीमा पर बने विभिन बार्डर चेक पोस्टों रतोली, बगरौनी, बिजौरी व चौकी सौरा पर भ्रमणशील रहते हुए संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की सघन चेकिंग कराई गई तथा ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को चेक कर उनकी मौजूदगी को सुनिश्चित किया गया तथा पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा थाना श्रीनगर में विनोद कुमार, प्र0नि0 श्रीनगर के साथ म0प्र0 सीमा पर बने कैमहा बार्डर चेक पोस्ट पर मौजूद रहकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा ड्यूटीरत पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति को मिले लाभ : अंजना अनुरागी




**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार सुबह पनवाड़ी कस्बा में शिविर आयोजित हुआ। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनसमूह से साझा की गईं। शिविर में मौजूद ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ने ग्रामीणों को आवास योजना, किसान सम्मान निधि, वृद्धा पेंशन, पशु पालन, मोटे अनाज की पैदावार, हर घर जल योजना समेत अन्य के संबंध में लाभार्थियों से फीडबैक लिया। शिविर के दौरान पनवाड़ी ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी को हर घर जल योजना का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिग्विजय दुबे ने अपने संबोधन में मोदी और योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी निर्देश पटेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं श्री प्रकाश अनुरागी, बीजेपी पनवाड़ी के मंडल अध्यक्ष पवन सोनी, नीरज द्विवेदी, राजा दीक्षित, अजय परिहार, इंद्रेश प्रजापति, नीरज द्विवेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पनवाड़ी थाना पुलिस ने अवैध गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से एक किलो से अधिक मादक पदार्थ जब्त हुआ है। इस आधार पर एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक को जेल भेजा गया है।

प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार सुबह उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार वर्मा की अगुआई में पुलिस टीम ने श्योदी गांव के नजदीक चैकिंग अभियान चला रखा था। इसी दरमियान सलैया खालसा निवासी रोहित यादव पुत्र महेश यादव की तलाशी ली गई। जिसमे संदिग्ध युवक के पास से एक किलो 150 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया। बताया गया की उक्त युवक ग्रामीण क्षेत्र में मादक तत्वों की तस्करी और बिक्री में संलिप्त है।

पुलिस द्वारा रोहित के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएफ) की धारा 8/20 के अंतर्गत केस दर्ज कर उसे संबंधित न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेजा गया। गिरफ्तारी अभियान में कांस्टेबल आर्यन सिंह शामिल रहे।

# हाईकोर्ट के जज करें ओशो की मृत्यु विवाद की जांच : तारा

**परिनिर्वाण दिवस पर ओशो भक्तों ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर उठाई मांग**




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

क्रांतिकारी संत ओशो के 33वें परिनिर्वाण दिवस पर आज बुंदेलों ने गोरखगिरि पर्वत के ऊपर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की एवं हास्य व सक्रिय ध्यान कर ओशो को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने ओशो की मृत्यु की अनसुलझी गुत्थी को सुलझाने के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाने की मांग उठाई। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चिट्ठी भी लिखी। ओशो के अनुयायी तारा पाटकर ने कहा कि इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या होगी कि 33 साल बीत गए लेकिन इस शताब्दी के सबसे महान विचारक ओशो की विवादास्पद मृत्यु का रहस्य अभी तक नहीं सुलझा। जिस आध्यात्मिक गुरू ने ध्यान की 113 विधियां खोजकर पूरे पश्चिम जगत को हिला दिया, उसकी मृत्यु पर आज भी देश की सरकारें खामोश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हमें उम्मीद है कि वे जरूर ओशो की मृत्यु पर निष्पक्ष जांच करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि ओशो के शिष्य शुरू से इसकी मांग उठा रहे हैं लेकिन महाराष्ट्र की सरकारों ने अब तक ओशो की मृत्यु की जांच के लिए कमेटी तक नहीं बनायी। इससे ओशो के करोड़ों अनुयायी काफी आहत है। कहीं ऐसा न हो नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तरह ओशो की मृत्यु पर पड़ा पर्दा षडयंत्र की भेंट चढ़ जाए। पुणे आश्रम में जब ओशो की मृत्यु हुई, उस वक्त न तो उनके निजी चिकित्सक गोकुल गोकर्ण को अंदर जाने दिया गया और न उनकी मां को। बाद में गोकुल ने माना कि आश्रम प्रबंधन ने मृत्यु प्रमाण पत्र पर उनसे जबरन हस्ताक्षर कराये। अपनी पुस्तक हू किल्ड ओशो में पत्रकार अभय वैद्य ने भी तमाम सवाल उठाये। ओशो के शिष्य योगेश ठक्कर ने मुंबई हाईकोर्ट में ओशो की वसीयत विवाद पर जनहित याचिका दायर की। तारा पाटकर ने कहा कि ईसाइयत के पाखंड पर हमला करने के कारण तिलमिलाई अमेरिकी सरकार ने जेल में धीमा जहर थैलीसियम देकर ओशो को मारने का षडयंत्र रचा या फिर उनके लोभी विदेशी शिष्यों ने हजारों करोड़ की उनकी विरासत को हड़पने के लिए उनको 59 वर्ष की आयु में मार दिया। इस मौके पर अवधेश गुप्ता, मनीष जैदका, गया प्रसाद कोस्टा, डा, देवेन्द्र पुरवार, मुन्ना जैन, प्रेम चौरसिया, सत्येन्द्र गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बैठक में अनुपस्थित खण्ड विकास अधिकारी मौदहा का अग्रिम आदेश तक डीएम ने रोका वेतन

**कृषि विभाग में खराब प्रगति पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के दिए निर्देश**



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक से अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी मौदहा का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए तथा कृषि विभाग में खराब प्रगति पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड योजना सरकार व आम जनता के विश्वास को बनाये रखने के लिये लांच किया गया हैं। इसमें सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैंकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें । जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं ,कार्यक्रमों का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने खराब प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विभागों यथा कृषि विभाग, ग्राम विकास विभाग,उद्योग विभाग, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, पर्यटन पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, प्रोजेक्ट अलंकार, पीडब्ल्यूडी आदि की समीक्षा करते हुई प्रगति में सुधार करने के निर्देश दे।

### व्यापारी की ठंड की चपेट में आने से मौत



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को ठंडे की चपेट में आने के बाद कस्बे के एक व्यापारी ने उपचार के दौरान रात में सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासी रामदास गुप्ता 65 वर्ष गुरुवार को ठंड की चपेट में आ गए थे सुबह कस्बे के एक निजी डॉक्टर से इनका उपचार कराया गया लेकिन राहत नहीं मिली शाम को हालत बिगड़ने पर परिजन इसको सदर अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान सदर अस्पताल में इनकी मौत हो गई अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि पिता की ठंड लगने से तबीयत बिगड़ी थी रात में सदर अस्पताल लेकर गए थे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई शुक्रवार को कस्बे में मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार किया गया।

# भाकियू भानू गुट की मासिक पंचायत संपन्न



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

भाकियू (भानू)गुट के नेतृत्व में भीषण ठंड के बीच कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर मासिक पंचायत की। जिसमे उन्होंने एक अप्रैल से नलकूपों के बिल जमा करने की धनराशि शीघ्र वापस दिलाने की है।

भारतीय किसान यूनियन (भानू) गुट के जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को गोल चबूतरे में मासिक पंचायत सम्पन्न हुई।मुख्यमंत्री से सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को कई मर्तबा अवगत कराया गया किन्तु जिला प्रशासन समस्त समस्याओं का जमीनी स्तर पर निस्तारण नहीं किया गया। जिससे भानू गुट के पदाधिकारीयों में आक्रोश है। उन्होंने ऐसी स्थिति बनी रहने पर विशाल आंदोलन व धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बिजली विभाग द्वारा नलकूपों के 1अप्रैल से जमा बिल की धनराशि वापिस दिलाने की मांग की है। इस दौरान कु. शिव सिंह भदौरिया,सिंपल सिंह, जीतेन्द्र सिंह सेंगर सहित समस्त भाकियू भानू गुट के पदाधिकारी मौजूद रहें।

# शरद बाजपेयी ने नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी के आवास पर नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों के स्वागत का कार्यक्रम हुआ। भाजपा नेता शरद बाजपेई ने पुराना शहर मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता और नया शहर मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर का पगड़ी, माला और पटका पहनाकर स्वागत किया।

भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने दोनों मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में नगर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती मिलेगी और आप प्रत्येक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। 2024 में मोदी सरकार बने और इटावा लोकसभा भारतीय जनता पार्टी बहुत बड़े अंतर से जीते। नया शहर मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर ने शरद बाजपेयी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का काम करूंगा और पार्टी को मजबूत करने में अपना पूरा योगदान दूंगा। पुराना शहर मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा की पार्टी निरंतर आगे बढ़े इसके लिए मेरा पूरा प्रयास रहेगा और सभी के साथ मिलकर काम किया जाएगा और पार्टी आने वाले चुनाव में अपना परचम लहराएगी। इस अवसर पर शिव हरी दीक्षित, सोमेश अवस्थी, प्रशांत दीक्षित, मुकेश दीक्षित, लक्ष्मण प्रसाद, प्रमेन्द्र तिवारी, विशाल दुबे, मनोज कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साईं मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह में दो जोड़ों ने डाली एक दूजे को वर माला



**राठ, समृद्धि न्यूज।**

ओम साईं राम सेवा समिति के द्वारा साईं मंदिर में सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में दो नवदम्पत्ति जोड़ों ने एक दूसरे को वन माला पहनाई। विवाह समारोह के दौरान बमरारा की पूनम सैन ने चरखारी के हेमंत सैन और राठ की चंद्रकली वर्मा ने जालौन जिले के मुंडल गांव के प्रबल वर्मा ने एक दूजे को वर माला पहना कर अपना हमसफर बनाया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष हरिमोहन सर्राफ उर्फ पप्पू सोनी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक विवाह सम्पन्न कराए गए। हरिमोहन सर्राफ उर्फ पप्पू सोनी द्वारा उपहार स्वरूप् वधुओं को सोने का मंगलसूत्र, सोने की कील, चांदी की पायल, चांदी की बिछिया, कुकर, मिल्टन का थर्मस, गददा, रजाई तकिया, ट्राली बैग आदि भेंट किए। इस मौके पर उमाशंकर गुप्ता पप्पू, निशू सोनी, कन्धीलाल भारती पूर्व चेयरमैन, गोरेलाल अनुरागी, ब्रजभान राजपूत, मुन्ना सोनी, सत्यप्रकाश सैन, अंकित सोनी, वेदप्रकाश सोनी, बृजेश गौतम, गोलू सोनी, मनोज सोनी, जय सोनी, ऊषा साहू आदि लोगों ने नव दम्पत्ति को गृहस्थ जीवन में प्रवेश का आर्शीवाद दिया।

### आईएमए के डॉक्टर 22 जनवरी को मरीजों की फीस एवं जांच में देंगे विशेष छूट : डॉ. एससी गुप्ता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आईएमए इटावा शाखा के सभी डॉक्टर्स को निवेदन किया गया है कि 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर अयोध्या में भव्य आयोजन हो रहा है जो कि एक ऐतिहासिक क्षण है,उसी उत्सव के उपलक्ष्य में आईएमए इटवा के सभी डॉक्टर्स मरीजों की फीस एवं जाँच शुल्क में रियायत करेंगे।

यह जानकारी देते हुए आईएमए इटावा के अध्यक्ष डा.एस.सी.गुप्ता ने बताया कि आईएमए इटावा के सभी चिकित्सकों को अवगत करा दिया गया है कि 22 जनवरी को आने वाले सभी मरीजों की फीस और जांच में विशेष छूट दी जाए।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा उप स्वास्थ्य केन्द्र



**बकेवर/इटावा, समृद्धि न्यूज।**

देश भर में साफ सफाई के लिए व्यापक स्तर पर मुहिम भले ही सरकारें चला रहीं हो लेकिन यह अस्पताल चारों ओर गन्दगी से घिरा अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। साफ सफाई के लिए जिम्मेदार इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझ रहे।

कस्बा बकेवर के समीपवर्ती ग्राम पंचायत जैतपुर के मजरा दुर्गापुर में बना उप स्वास्थ्य केन्द्र के चारों ओर गन्दगी का अम्बार है। यहीं नहीं पास ही मे विद्यालय का एक खेत है जिसमें आधे गाँव की नालियों का पानी गिरने से गन्दगी ही गन्दगी बनी रहती है।फलस्वरूप मच्छरों के बोल बाले से संक्रमित बीमारियों के फैलने की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि इस? अस्पताल में तैनात डाक्टर तो आता है। लेकिन गन्दगी फलस्वरूप लोग इस अस्पताल में जाने से कतराते है। ग्रामीणो ने अस्पताल परिसर के अलावा पास में तलाब जैसी स्थित वाले खेत से गन्दगी से स्थाई निजात दिलाने की माग जिला प्रशासन से की है। इस बावत ग्रामीण लायक सिंह यादव ने बताया कि उनके द्वारा कई बार इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए जिला प्रशासन से शिकायत भी की गई लेकिन आज तक जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में लगा आधार कैंप



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आज पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय आधार कैंप की शुरुआत हुई । इस कैंप का उद्घाटन प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव, चंद्रशेखर बरुआ डाक अधीक्षक ,आशुतोष त्रिवेदी एवं मकरंद पाल ने किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर बरुआ जी ने कहा कि जिन लोगों को अपने आधार में कुछ परिवर्तन करवाना है अथवा नया आधार बनवाना है तो वे यहां पर आकर के इस कार्य को करा सकते हैं । उन्होंने कैलाश चंद यादव का धन्यवाद किया कि विद्यालय प्रांगण एवं सभी सुविधाएं इस आधार कैंप को लगाने के लिए उपलब्ध कराई।

प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि आधार कैंप से आसपास के रहने वाले लोगों को आसानी होगी। उन्हें अपने आधार में किसी प्रकार का करेक्शन करवाने के लिए अथवा नया आधार बनवाने के लिए शहर में नहीं जाना पड़ेगा। जिससे उनका समय बचेगा एवं अधिक से अधिक लोग इस कैंप का लाभ उठा सकते हैं। साथ उन्होंने सूचना दी कि यह दो दिवसीय कैंप है । यह 20 तारीख को भी प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:30 तक रहेगा। जिन किन्हीं को भी अपने आधार में परिवर्तन करवाना है अथवा नया आधार बनवाना है वे बड़ी संख्या में आकर के अपने इस कार्य को करा सकते हैं । आज लगभग सैकड़ो भर लोगों ने अपने आधार में करेक्शन एवं नए आधार को बनवाने की प्रक्रिया को पूर्ण कराया।

आशुतोष त्रिवेदी जी ने प्रबंधक कैलाश यादव जी का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को करते रहने की अपील की।

# पुलिस ने कराया सुरक्षा का एहसास



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्योहार एव गणतंत्र दिवस को सकुशल संपन्न कराने के हेतु एसएसपी इटावा के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर ने शहर क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च किया।

आगामी त्योहार एव गणतंत्र दिवस को सकुशल संपन्न कराने के हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह द्वारा भारी पुलिस बल एवं डॉग स्कॉड के साथ फ्लैग मार्च किया गया। महोदय द्वारा थाना कोतवाली व थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत शास्त्री चौराहा से लेकर रेलवे स्टेशन तक पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया । इस दौरान निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली, निरीक्षक यशवंत सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रोजेक्ट अलंकार से संवरेगा बच्चों का भविष्य

**शासन की मंशा का धरातल पर करायेंगे क्रियान्वयन**

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रेम प्रकाश मौर्य ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिये वह कार्ययोजना बनाकर उसे धरातल पर उतारने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रोजेक्ट अलंकार से सबसे ज्यादा लाभ तो संस्कृत विद्यालयों को मिलेगा इसके साथ ही सरकारी व अर्द्ध सरकारी विद्यालयों की दशा व दिशा बदलने से उसका लाभ विद्यालयों के बच्चों को मिलेगा। उन्होंने बातचीत के दौरान प्रोजेक्ट अलंकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि माध्यमिक शिक्षा से जुड़े विद्यालयों का इस योजना से पुर्नद्धार होगा। प्रोजेक्ट अलंकार सरकारी विद्यालयों को पुर्नद्धार हेतु निर्धारित राशि का 100 प्रतिशत दिया जायेगा। अर्ध सरकारी एडिड विद्यालयों को 75 प्रतिशत दिया जायेगा व शेष 25 प्रतिशत विद्यालय स्वयं के राजस्व से देगा। संस्कृत विद्यालयों को 95 प्रतिशत धनराशि दी जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए पुरजोर कोशिश की जा रही है और उच्च माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों को इंटर स्कूल ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। विद्यालय में भवनों की जर्जर स्थिति के बारे में उन्होंने कहा कि उनमें नए कमरे बनवाए जायेंगे। ताकि उनमें पढ़ने वाले बच्चों को भी बदलाव का एहसास हो और वह महेनत से अपनी पढ़ाई पूरी कर सके।

**सीबीएसई, आईसीएसई विद्यालयों को एनओसी देने में आयेगी गति**



उरई। मानक के अनुरूप बने सीबीएसई और आईसीएसई के विद्यालयों को एनओसी प्रदान करने में गति लाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा स्कूल संचालित हो सके। हमने चित्रकूट मंडल में 4 विद्यालयों को एनओसी दी है और जालौन से 2 विद्यालयों को जिलाधिकारी जालौन के स्तर से एनओसी की संस्तुति कर दी गई है उन पर भी मीटिंग कर जल्द आगे की कार्यवाही की जाएगी। पूर्व के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि पूर्व में बतौर बीएसए मथुरा और बहराइच रह चुके है और डीआईओएस के तौर पर कानपूर देहात और डीडीआर के पद पर कानपुर में तैनात रहे है।

–मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रेम प्रकाश मौर्य

**सात से दस किलोमीटर की दूरी पर खुलेंगे विद्यालय**

उरई। सरकारी, अर्द्ध सरकारी व संस्कृत विद्यालयों में छात्रों का छात्रांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे ताकि सभी विद्यालयों में छात्रों की ठीकठाक उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा इस बारे में साफहै कि झांसी मंडल के सभी जनपदों में हर 7 से 10 किमी की दूरी पर एक उच्च माध्यमिक शिक्षा का विद्यालय है जो सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा का इकलौता साधन है। लेकिन अब ग्रामीणांचल में 7 से 10 किलोमीटर की दूरी पर विद्यालय खोला जायेगा ताकि प्रत्येक बच्चे को अपने गांव के समीप ही पढ़ाई करने का अवसर मिल सके।

# रेडियम स्टीकर लगाकर एआरटीओ ने चलाया अभियान

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**



वाहनों में रेडियम स्टीकर लगाते एआरटीओ विनय पांडेय।

शीतलहर में कोहरे के चलते कोई दुर्घटना न घटे और वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। इसके लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जागरूकता अभियान चलाया और वाहनों में पीछे रेडियम स्टीकर लगाए।

सड़क पर दौड़ते तमाम वाहनों में पीछे इंडीकेटर नहीं जलते हैं और कई वाहनों में रेडियम स्टीकर भी नहीं होते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत ट्रैक्टर व ट्राली में होती है जिसमें पीछे लाइट नहीं होती और ट्राली में कोई भी निशान भी नहीं होता है। सर्दी में कोहरे के चलते अक्सर ट्रैक्टर से दुर्घटनाएं होती रहती है। इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन न होने के कारण भी दुर्घटनाएं होती है। दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए एआरटीओ प्रवर्तन विनय कुमार पांडेय व सुरेश कुमार की टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के जागरूक करने के मकसद से परिवहन विभाग द्वारा जारी पत्रक बंटवाए। जिसमें यातायात नियमों से संबंधित जानकारी दी गई है। इसके अलावा टीम ने जिन वाहनों पर स्टीकर नहीं थे, उन पर रेडियम स्टीकर भी लगवाए और वाहन चालकों को यातायात नियमों पालन करने की सलाह दी। टीम ने वाहन चालकों को जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों को अपनाने की सलाह दी।

## लकड़ी लेकर जा रही महिला को बाइक चालक ने टक्कर मारकर किया घायल

**कुठौंद, जालौन।** इटहा नर्सरी के आगे फौजी ढाबा के सामने जंगल से लकड़ी काटकर एक महिला लौट रही थी हाईवे स्टेट रोड क्रॉस करते समय बाइक सवार महिला से या टकराया जिसकी जानकारी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी लकी त्रिपाठी व साथियों के साथ लौट रहे थे उन्होंने इस मामले को दिखा तो इसकी सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को जानकारी दी एम्बुलेंस को भी सूचित किया वहां ग्रामीणों की सहायता दोनों गालों को तत्काल एंबुलेंस से भेजो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घायल व्यक्ति के गंभीर छोटे हैं तुरंत नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया घायल व्यक्ति जखा का बताया जा रहा है महिला इटहा सलेमपुर की है।

## सपा जिलाध्यक्ष ने तीन कार्यकर्ताओं को दी अहम जिम्मेदारी

**कोंच, जालौन।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने जिला कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए कोंच क्षेत्र के तीन कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी।

जिला कार्यकारिणी में कोंच नगर के निवासी रामानन्द कुशवाहा सहित ग्राम चांदनी निवासी राजेन्द्र कुमार राजू और ग्राम भदेवरा निवासी चंद्रपाल पटेल को सचिव के पद पर नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष ने उक्त तीनों नेताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी मेहनत के साथ अभी से जुट जाने और संगठन से आम लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के निर्देश दिए। वहीं जिला सचिव बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं सहित शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए फूलमाला पहनाकर बधाई दी और मिठाई बांटी।



## रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस चौकन्नी

**कालपी (जालौन)।** 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सतर्क है। लोगों की हर छोटी बड़ी गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसी के चलते शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके चलते प्रशासन के स्तर पर काफी पहले से तैयारियां शुरू कर दी गई है साथ ही कार्यक्रम को भव्य बनाने की कवायद में भी प्रशासनिक जिम्मेदार लगे हैं नगर व क्षेत्र के समस्त धार्मिक स्थलों पर धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई है। इसके लिए मंदिर परिसर की साफसफाई से लेकर सुरक्षा के भी बंदोबस्त किये गये हैं। सूत्रों की मानें तो क्षेत्र के राजनैतिक, धार्मिक लोगों की सूची तैयार कर उनकी खुफिया एजेंसियां निगहबानी भी कर रही है जिससे कोई भी किसी प्रकार की अफवाह फैलाकर सामाजिक सौहार्द न बिगाड़ सके और इसी के चलते शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान भी पुलिस प्रशासन वेहद अलर्ट रहा। सीओ डॉ. देवेंद्र पचौरी की अगुआई में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल विभिन्न धार्मिक स्थलों के आसपास मौजूद रहा।

# ईगुई गौशाला में तीन गौवंशों की मौत

**लापरवाही बरतने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध की जाएगी कार्यवाही : एसडीएम**

**कोंच, जालौन। समृद्धि न्यूज**



ईगुई गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम।

कोंच विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ईगुई खुर्द में संचालित गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं के चलते बीती गुरुवार की रात ठंड से 3 गौवंशों की मौत हो जाने की घटना प्रकाश में आयी है। ग्रामीणों द्वारा इसका वीडियो वायरल किए जाने और घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किए जाने पर प्रशासन तुरन्त हरकत में आ गया। एसडीएम अतुल कुमार शुक्रवार की सुबह थानाध्यक्ष एट संजय कुमार के साथ मौके पर पहुंचे।

एसडीएम ने गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थायें परखते हुए निर्देश दिए कि ठंड को देखते हुए गौशाला में अलाव की संख्या बढ़ायी जाये और तिरपाल से गौशाला पूरी तरह से बंद की जाये। गौवंशों हेतु चारा भूसा का समुचित प्रबंध कर बीमार गौवंशों का इलाज कराया जाये। एसडीएम ने कहा कि लापरवाही बरतने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वहीं मामले को लेकर प्रभारी बीडीओ दिनेश यादव का कहना है कि ठंड से बीमार 3 गौवंशों की मौत हुई है जिन्हें कर्मचारियों द्वारा दफना दिया गया है। गौशाला में अलाव की संख्या बढ़ाकर सारी व्यवस्थायें दुरुस्त करायी जा रहीं हैं। गौरतलब हो कि गत 2 दिन पूर्व ही ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सहित ग्राम पंचायत सचिव पर गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की थी। ग्रामीणों ने अव्यवस्थाओं को दर्शाते हुए वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल करते हुए जिम्मेवारों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी।

## कांजी हाउस चौराहे पर रखा ट्रांसफार्मर बन सकता दुर्घटना का सबब

**जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज**

नगर के व्यस्तम चौराहे कांजी पर ट्रांसफार्मर के पास बिजली के तार लंबे समय से खुले पड़े हैं। जमीन के पास खुले तार व जाली विहीन ट्रांसफार्मर कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं और हानि का कारण बन सकते हैं। नगर के लोगों ने ट्रांसफॉर्मर के आसपास सुरक्षा जाली लगवाने की मांग की है।

सरकार बिजली से होनी वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए खुले तार हटाने के साथ ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा जाली लगाई जा रही है। इसके अलावा बिजली तारों के नीचे जाल भी लगाया जा रहा है। बिजली व्यवस्था को लेकर बिजली विभाग के नोडल अधिकारी मनीष द्विवेदी सितंबर में तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर आए थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने मीटर रीडर के साथ नगर में भ्रमण कर बिजली चोरी को लेकर चेकिंग की थी। नोडल अधिकारी के आगमन के बाद भी बिजली विभाग ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। नगर के व्यस्तम चौराहे कांजी के पास बिजली विभाग के दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। ट्रांसफार्मरों के आसपास आए दिन आग लगती है और कोई न कोई घटना होती रहती है। ट्रांसफार्मर के पास तार खुले पड़े हैं। आसपास से निकलते वाहन व घूमते जानवर व बड़े वाहनों के मुड़ने के समय खुले तारों से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

## खबरें एक नजर में

### अभिषेक चौबे बने भारतीय युवा कांग्रेस पूर्वी जोन उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष



**सोनभद्र।** भारतीय युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस के हुए चुनाव में भारतीय युवा कांग्रेस पूर्वी जोन उत्तर प्रदेश के रिजल्ट आने के पश्चात प्रदेश की कमेटी जिला कमेटियों का रिजल्ट 24 जनवरी को आ गया था जिसमें पूर्वी जोन के अध्यक्ष पद पर अपने जोन में तीन लोगों का नाम चल रहा था जिसमें विशाल सिंह, अभिषेक चौबे व प्रदीप ठाकुरई ये तीन लोग अध्यक्ष की रेस में थे, बृहस्पतिवार को पत्र के माध्यम से जानकारी मिली की जनपद के अभिषेक चौबे को महासचिव भारतीय युवा कांग्रेस को, युवा कांग्रेस उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन का उपाध्यक्ष बनाया गया, अभिषेक चौबे को युवा कांग्रेस का पूर्वी जोन का उपाध्यक्ष बनने पर जनपद सोनभद्र के सभी युवा साथियो के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है।

### बंटवारे को लेकर भाइयों का विवाद कोतवाली पहुंचा

**जालौन (उरई)।** बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी अरूण कुमार व वीनेश कुमार के बीच पारिवारिक बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। गाली, गलौज के बाद दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। मारपीट होने पर मोहल्ले के लोगों ने समझाने की कोशिश की। न मानने पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले गई। जहां उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

### शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई)।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को चौकी पुलिस ने छुरी समेत पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली में तैनात एसआई रमेशचंद्र को सूचना मिली कि कोंच रोड स्थित महाविद्यालय के पास एक संदिग्ध युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवक के पास से एक छुरी बरामद की है। नाम पता पूछने पर युवक ने अपना नाम समीर उर्फ पतोले निवासी शाहगंज बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मंदिर की बाउंड्रीवाल गिराए जाने की पुलिस से शिकायत

**कोंच,जालौन।** ग्राम जरा में मंदिर की बाउंड्रीवाल गिराए जाने की पुलिस से शिकायत कर ग्रामीणों ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है। नदीगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम जरा निवासी ग्रामीण प्रदीप कुमार, हर्षवर्धन, राजेन्द्र कुमार, श्रीनिवास आदि ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गाँव में स्थित शीतला माता देवी मंदिर की बाउंड्रीवाल बनाई जा रही है। गाँव के ही 2 दबंग व्यक्ति मंदिर की बाउंड्रीवाल निर्माण में रोड़े अटका रहे हैं। उक्त दोनों व्यक्तियों ने बाउंड्रीवाल बनाने पर उसे गिरा देने खुली धमकी दी थी। गत रोज जब बाउंड्रीवाल बनकर खड़ी की गयी तो उक्त दोनों व्यक्तियों ने रात के अंधेरे में बाउंड्रीवाल का एक बड़ा हिस्सा गिरा दिया। शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि उक्त दोनों दबंग व्यक्तियों के न तो मंदिर के आसपास खेत हैं और न ही वह लोग मंदिर के पुजारी आदि हैं।

# दीप जलाकर दीपावली मनाने का किया आह्वान

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



श्री राम जन्मभूमि में आगामी 22 जनवरी को होने वाले समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। इन तैयारियों को लेकर न केवल अयोध्या बल्कि देश और विदेश तक के लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके को उल्लास पूर्वक मनाने की तैयारी में जुट गए हैं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तिथि पर शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुरूप हर घर में दीप जलाने की तैयारी है।इस आह्वान से कोई वंचित न रह जाए,इसके लिए राष्ट्रीय व्यापारी सेना की ओर से मुहिम छेड़ दी गई है।इस मुहिम के अंतर्गत रामनगरी के राम पथ पर एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक व्यापारियों को दीया,बाती और तेल के पैकेट का वितरण किया जा रहा है।शुक्रवार को इस मुहिम रूपी वितरण की शुरुआत मां सरयू के दर्शन पूजन के साथ हुई जिसके बाद राम की पैड़ी,नया घाट,श्रृंगारहाट तथा हनुमानगढ़ी क्षेत्र में व्यापारियों को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक दूबे के नेतृत्व में दीया,बाती और तेल का वितरण किया गया।वितरण के बाद नयाघाट से श्रीराम जन्मभूमि तक पदयात्रा निकाली गई और व्यापारियों से आगामी 22 जनवरी को अपने प्रतिष्ठान पर दीप जलाकर भव्य दीपावली मनाने के आह्वान किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान के अनुरूप इस पैकेट के वितरण का कार्य आगामी 21 जनवरी की शाम तक किया जाएगा जिसका उद्देश्य यह है कि इस ऐतिहासिक मौके पर हर व्यक्ति सुलभता से अपनी खुशी का इजहार कर सके।उन्होंने बताया कि आगामी 21 जनवरी के बाद भी यदि किसी व्यापारी या जरूरतमंद व्यक्ति द्वारा आवश्यकता जताई जाती है।

# रुद्रामहायज्ञ के साथ हुई कलश स्थापना

**उतरौला, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



श्रीसिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने बताया की श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर का कलश स्थापना के शुभ अवसर पर आगामी 13 मार्च 2024 से नव दिवसीय रुद्रामहायज्ञ का शुभारंभ साधु नगर बाजार में रामपुर अरना रोड निकट अजय धर्म कांटा के बगल किया गया है। जिसमें रात्रि 7:00 बजे से 12:00 बजे तक दिव्य प्रवचन कार्यक्रम रखा गया है, जो 13 मार्च विशाल कलश शोभायात्रा निकाला जाएगा, 13 मार्च सेशुभारंभ होकर 21 मार्च तक कार्यक्रम रखा गया है व 21 मार्च को ही विशाल भंडारे वह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसके उपलक्ष्य में भूमि पूजन का कार्यक्रम अयोध्या धाम के पंडित सुरेंद्रनाथ शास्त्री व दद्दन महाराज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। आयोजक श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति साधु नगर बाजार, जिसमें कमेटी के पदाधिकारी व बाजार वासी उपस्थित थे।

# पोखरे के सुंदरीकरण निर्माण का मंत्री ने किया शिलान्यास

**कुशीनगर। समृद्धि न्यूज**



नगर क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद नगर वार्ड में अम्बे चौक स्थित धोबी घाट पोखरे के विकास कार्य का शिलान्यास आज वर्चुअल नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा ने किया । नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के विकासपरक योजनाओं की विस्तार से चर्चा की और कहा कि पडरौना नगर के सभी घाट जल्द ही पूर्व विकसित नजर आएंगे।

अमृत 2.0 योजना के तहत पोखरे के विकास के लिए नगर पालिका द्वारा बनाई गई कार्ययोजना का शुभारंभ मंत्री द्वारा किए जाने पर उपस्थित लोगों ने तालियाँ बजाकर स्वागत किया । कार्यक्रम के बाद घाट पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक अमृत 2.0 में पडरौना नगर पालिका के पोखरों का चयन होना हम सभी के लिए हर्ष का विषय है । घाटों के किनारे सीढ़ियों के विकास के लिए शासन द्वारा प्रथम किश्त जारी होने व टेंडर आदि प्रक्रिया के पूरे होने की जानकारी देते हुए बताया कि पोखरे के चारों तरफ सीढ़ियों के अलावा अत्याधुनिक लाइट, बैठने के लिए बेंच व बच्चों के लिए पार्क आदि का निर्माण कर इसका विकास किया जाएगा । जल संरक्षण के प्रति केंद्र व राज्य सरकार के विशेष सजगता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान में एक गम्भीर विषय है। ऐसे जल निकायों का विकास कर एक तरफ जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है और साथ ही पर्यटन क्षेत्र में भी पडरौना को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है । नपाध्यक्ष ने बरसात पूर्व ही सीढ़ियों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्य किए जाने का निर्देश सम्बन्धित लोगों को दिया । आयोजन के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, अधिशासी अधिकारी सन्तराम सरोज, जेई राम बहादुर प्रसाद, निर्माण लिपिक राजकुमार यादव, महेंद्र चौधरी, अभय मारोदिया, सुनील गुप्ता, गोपाल लाटा, बृजेश शर्मा, सन्तोष चौहान, मनोज जायसवाल, नृपेंद्र पाण्डेय, राजेश जायसवाल, पंकज कुमार, रोहन विश्वकर्मा, गौतम गुप्ता, आकाश वर्मा, सचिन साहा, बालकृष्ण शर्मा, अमित तिवारी, आलोक विश्वकर्मा सहित नगरपालिका के अन्य कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।



## रहमतियापुर में निकली अक्षत कलश शोभायात्रा

**उतरौला,बलरामपुर।** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा शुक्रवार को सादुल्लानगर क्षेत्र के रहमतपुर शिव मंदिर से निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान डीजे पर बज रहे धार्मिक संगीतों पर शोभायात्रा के शामिल महिलाएं, बच्चे और युवा थिरकते दिखे।बलरामपुर - गोंडा जिले की सीमा तिन्नहा घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर से श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई ।कलश शोभा यात्रा रहमतपुर के विभिन्न मजरों में भ्रमण करते हुए सम्पन्न हुई। इस कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर घर निमंत्रण पहुंचाना है।यात्रा में राष्ट्रीय सोनार एकता परिषद संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानचंद्र सोनी,बजरंगी प्रसाद गुप्ता, कपूर चंद्र गुप्ता,शुभम सोनी ,दीप नारायण तिवारी,अरविन्द तिवारी( गुड्डू),संकटा प्रसाद तिवारी,राम अवध शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित रहीं।

**पहल** | **विकास कार्यों में लाएं तेजी**

# सीएम डैश बोर्ड की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में आवेदन न रहें लंबित : डीएम**

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



जनपद में विकास कार्यों में तेजी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पत्रों तक पहुंचाए जाने, शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्रगति का निर्देश डीएम अरविंद सिंह द्वारा विकास कार्यों एवं सीएम डैश बोर्ड की बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिया गया। बैठक में डीएम श्री सिंह द्वारा बिंदुवार योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा की जिन विभागों की प्रगति सही नही है,कमियों का आकलन करे एवं कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करें। उन्होंने कहा की माह दिसंबर में विकास कार्यों के अच्छी प्रगति पर सीएम डैश बोर्ड में जनपद को पूरे प्रदेश में 22वी रैंक प्राप्त हुई है। जनपद स्तरीय अधिकारी विकास कार्यों में और बेहतर प्रयास करे, जिससे विकास कार्यों के रैंकिंग में जनपद प्रथम 10 में शामिल हो। उन्होंने ठंड के दृष्टिगत सभी गौआश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव के सभी समुचित व्यवस्था चुस्त दुरुस्त किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की गौआश्रय स्थलों पर ठंडी हवा से बचाव के लिए त्रिपाल से ढक दिए जाए। गौआश्रय स्थलों पर हरा चारा,भूसा,जल के पर्याप्त इंतजाम हो। नोडल अधिकारियों द्वारा गौआश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण कराया जाए। उन्होंने कहा की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में आवेदन लंबित न रहें।

बीडीओ द्वारा शीघ्र सत्यापन करते हुए डाटा जनपद पर भेज दिया जाए। इसमें किसी प्रकार की भी लापरवाही ना हो। जारी वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है,सभी विभाग नियमों का पालन करते हुए प्राप्त राशि को खर्च करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## फिर एक बार मोदी सरकार के लगे नारे

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा सोनभद्र द्वारा घोरावल विधानसभा के बूथ सं0- 424 पुसौली पर राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड व भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने अबकी बार मोदी सरकार स्लोगन लिखकर दीवाल लेखन का शुभारंम्भ किया। राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में समाज का हर वर्ग लाभान्वित हुआ है, मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है 2014 से लेकर अब तक तमाम योजनाओं के माध्यम से विकास की किरण अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। भौतिक विकास से लेकर आध्यात्मिक धरोहरों तक के विकास व पुनरोद्धार का कार्य तेजी से चल रहा है जिसका उदाहरण देश भर मे बन रही सड़के विश्वविद्यालय, चिकित्सा विश्वविद्यालय सहित अनेको विकास परियोजनाएं है साथ ही साथ भगवान राम का भव्य मंदिर अयोध्या मे बनकर तैयार है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को मोदी जी कर कमलों द्वारा होनी सुनिश्चित है।

**कार्यालय ग्रा0पं0 मुरैठी वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा/15वां/राज्य वित्त/एसबीएम/टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 19/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/15वां राज्य वित्त/एस.बी.एम योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुरैठी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/01/2024 से 26/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सुखवीर के घर से पप्पू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 4.20 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | छोटेलाल के घर से अमर सिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | छोटेलाल के घर से अमर सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.25 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण कार्य | 4.70 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | जवाहार के घर से नरेन्द्र के घर तक इंटरलाकिंग व नाली कार्य | 4.77 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | नरेन्द्र के घर से डामर रोड तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 8.01 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्रधान (शशी यादव) — ग्रा0पं0 मुरैठी, शमशाबाद — सचिव (अभय प्रताप सिंह)

**कार्यालय ग्रा0पं0 ललौर राजपूतान वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा/टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 19/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ललौर राजपूतान द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/01/2024 से 26/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सुनील शर्मा के घर से केशराम के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 238590 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | दिनेश शर्मा के घर से सूरजपाल जाटव के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 254568 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्रधान (रविन्द्र सिंह) — ग्रा0पं0 ललौर राजपूतान, शमशाबाद — सचिव (राजेश कुमार)

# मॉडल शॉप दुकानों के निर्माण कार्य में गति लायी जाए: डीएम

- डीएम ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश
- आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी टीम भावना से करें कार्य: डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, आयुष्मान कार्ड, स्मार्ट राशन दुकान, लखपति दीदी योजना, लोको एप, टीएचआर प्लांट एवं आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा मनरेगा आदि कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की बहुत ही महात्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से स्किल ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर देशभर में मौजूद कारीगरों और शिल्पकारों की क्षमताओं को बढ़ाना है। इस योजना के तहत नए स्किल्स, टूल्स, क्रेडिट सपोर्ट और मार्केट सपोर्ट दिया जाएगा, दो तरह के स्किल ट्रेनिंग होगी और ट्रेनिंग के दौरान रोजाना 500 रुपये की स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। कहा कि मॉडर्न टूल्स खरीदने के लिए सरकार 15,000 रुपये की सहायता धनराशि भी मिलेगी। उन्होने कहा कि नगर पालिका/पंचायत में आवेदन एवं सत्यापन का कार्य करें। जो पात्रता के श्रेणी में आता हो वह जनसेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन भी कर सकते हैं। कहा कि प्रधानो के साथ समन्वय



स्थापित कर योजनाओ की जानकारी दें। उन्होने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-02 के अन्तर्गत राजस्व ग्राम 696 में अधिक से अधिक मॉडल राजस्व ग्राम बढाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि आयुष्मान कार्ड पात्र गृहस्थी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में कार्ड बनाये जाने की प्रगति तेजी में लायी जाये। डाक्टर, आशा, पंचायत सहायक आदि सभी लोग टीम भावना के साथ कार्य करें। ज्यादा से ज्यादा प्रयास कर आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। उन्होंने कहा कि जहां खाद्यान्न वितरण हो रहा है वहां टीम जाकर कार्ड बनाने का कार्य करें। उन्होने कहा कि उचित दर दुकान मॉडल शॉप के अन्तर्गत 24 मॉडल शॉप दुकानो का कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष दुकान के कार्यो में भी तेजी लाकर कार्य को पूर्ण किया जाये। बैठक मे मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कूड़ा निस्तारण की व्यापक रणनीति तैयार की जाए: डीएम

कन्नौज। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कूड़ा निस्तारण की व्यापक रणनीति तैयार की जाए। एक प्लान बनाये और जनता बीच लेकर जाये, जनता को प्रेरित करें कि गीला कूड़ा एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग दें। निर्देशित किया कि क्षमता के आधार पर कूड़ा निस्तारण प्लांट की व्यवस्था होनी चाहिए। सौरिख में एम.आर.एफसेंटर चालू न होने पर डीएम ने नाराजगी प्रकट की। कहा कि समस्त एम.आर.एफसेंटर क्रियाशील होने चाहिए। कूड़ा निस्तारण हेतु बड़े स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता हैं, तभी समस्या से निजात मिल सकती है। डीएम` कहा कि समस्या भी है और समस्या का समाधान भी है, बस इच्छा शक्ति का आभाव है।

# खबरें चलते-चलते

## जालसाजों ने फर्जीवाड़ा कर एक महिला की भूमि का किया बैनामा

**मामले में एक महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जालसाजों ने फर्जीवाड़ा कर एक महिला की भूमि का दूसरे के नाम बैनामा कर दिया। भू-स्वामी महिला को जब इस बात की जानकारी हुई तो वह सन्न रह गई। मामले में पीड़ित महिला ने जालसाजों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस ने मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। मामला तिर्वा कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार तिर्वा तहसील के निकट 14 बीघे का एक भू-खण्ड है। उक्त भू-खण्ड पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद क्षेत्रान्तर्गत फतेहगढ़ निवासी महिला विद्यावती पत्नी विनोद कुमार का है। विगत 29 सितंबर को उक्त महिला की 14 बीघा बेश कीमती जमीन में से 6 बीघा जमीन का बैनामा जालसाजों ने किसी और के नाम कर दिया। जब भू-स्वामी महिला को इसकी जानकारी हुई तो तिर्वा पहुंची। पीड़िता ने उपनिबंधक कार्यालय पहुंचकर बैनामा के कागज निकलवा कर देखे तो वह सन्न रह गई। भूमि विक्रेता की जगह पर उसका नाम लिखा हुआ था, जबकि उसने कोई बैनामा किया ही नही था। पीड़िता ने बीती 1 अक्टूबर को मामले की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई। पीड़िता की तहरीर पर तिर्वा कोतवाली पुलिस ने विनय पुत्र रघुराज, सत्यराज पुत्र नरसिंह निवासी परौख जिला मैनपुरी, अमरनाथ पुत्र रामराज निवासी सैदाहा, उपदेश कुमार पुत्र गिरवर सिंह, उपनिबंधक महेंद्र सिंह कठेरिया, सत्यप्रकाश पुत्र हरस्वरूप तिवारी निवासी सरायघाघ अकबरपुर व एक अज्ञात महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उपनिबंधक कार्यालय से निकलवाए गये सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस को एक महिला फर्जी तरीके से विद्यावती की जमीन का बैनामा करते हुए दिखाई दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने उक्त महिला की तलाश शुरु कर दी। जिसके बाद पुलिस ने फर्जी तौर पर बैनामा करने वाली महिला शशि उर्फ ब्रजरानी पत्नी सोबरनलाल को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## तीन वारंटी को किया गिरफ्तार

**तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष देवेश कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 दीपक चन्द्र मय हमराह फैय्याज खां थाना तालग्राम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभि0गण व उ0नि0 राम मनोज द्विवेदी मय हमराह अंकुश कुमार थाना तालग्राम द्वारा वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष देवेश कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 दीपक चन्द्र मय हमराह हे0का0 43 फैय्याज खां के द्वारा अभि0 के मसकन पर दबिश देने पर वारण्टी अभि0गण 01.हिमान्शु पुत्र रामदास उम्र 36 वर्ष 02.अवनीश उर्फ पुष्पेन्द्र पुत्र नरेन्द्र कुमार उम्र 29 वर्ष निवासीगण ग्राम नरुइया थाना तालग्राम उ0नि0 राम मनोज द्विवेदी मय हमराह अंकुश कुमार के द्वारा अभि0 के मसकन पर दबिश देने पर वारण्टी अभि0 महेन्द्र पुत्र हरी वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम को गिरफ्तार कर थाना हाजा पर लाकर दाखिल किया गया गया ।

## महिला मरीज ने अल्ट्रासाउंड के नाम पर 100 रुपए लिए जाने का लगाया आरोप



**छिबरामऊ कन्नौज।** सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय मैं एक मरीज ने अल्ट्रासाउंड में रु.100 लिए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से की शिकायत सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय मैं अल्ट्रासाउंड कराने आई एक महिला ने रु.100 लिए जाने का आरोप लगाते हुए बताया बह अल्ट्रासाउंड करने के लिए आई थी अल्ट्रासाउंड के लिए एक कर्मचारी द्वारा रु.100 लिए गए जबकि सरकार के स्तर से बिल्कुल फ्री अल्ट्रासाउंड है उक्त घटना पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं है यदि कोई शिकायत मिलती है तो जांच कर कठोर कानून कारवाई की जाएगी।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**विशुनगढ़ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के कुशल नेतृत्व में थाना विशुनगढ पुलिस द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाछिंत/वारण्टी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अभियुक्त/वारण्टी को अमित उर्फ परमानन्द पुत्र रमेश निवासी ग्राम सरैया भौराजपुर गोरेलाल पुत्र स्व बाबूराम निवासी ग्राम खबरिया थाना विशुनगढ कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# शैक्षणिक विकास के लिए उपयोगी है स्मार्टफोन

- ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने वितरित किए स्मार्टफोन हुआ जोरदार स्वागत

**समधन,समृद्धि न्यूज**

**क्षेत्र के** गांव टपकापुर उजागर लाल डिग्री कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह एवं भाजपा जिला महासचिव रामवीर सिंह कठेरिया ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करने के उपरांत कहा कि छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य एवं उनके शैक्षिक विकास के लिए स्मार्टफोन उपयोगी है। शुक्रवार को स्मार्टफोन टेबलेट वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार डिजिटल भारत के निर्माण का



कार्यक्रम में बच्चों को स्मार्टफोन वितरित करते प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर

कार्य कर रही है इसीलिए समान रूप से सभी छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरित कर उनके कल्याण के लिए एक मिशन की तरह काम कर रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं को दिए जा रहे हैं उनका सदुपयोग करें भाजपा जिला महासचिव रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा की नई पद्धति से ज्ञान अर्जित करने के लिए स्मार्टफोन बहुत उपयोगी है भाजपा सरकार युवाओं के चौमुखी विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंधक कृपा रामपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 2023 के पास आउट बीएससी के छात्र एवं छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं उधर कार्यक्रम के आयोजन प्रबंधक कृपाराम पाल, इंद्रपाल वेद, रामपाल, शिवेंद्र पाल, नीलेंद्र पाल, रवि पाल, श्रवण कुमार पाल पूर्व प्रधान कौशलेंद्र सिंह पप्पू ठाकुर, आदि ने तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह एवं भाजपा जिला महासचिव रामवीर कठेरिया का स्वागत किया इस मौके पर मुख्य रूप से संतराम पाल, राम रहीम पाल, रामलाल, सतीश यादव, राजवीर, अजय पाल, राम अवतार, प्रमोद कुमार, अंशुल मिश्रा आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** चिकित्सकों ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बचाव के उपाय बताएं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नोडल (एनसीडी) डॉ ओपी गौतम के नेतृत्व में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक रहे। शिविर में परीक्षण के बाद मरीजों को उनके रोग के अनुसार लक्षण बताकर दवांए व बचाव के तरीके बताए गए। चिकित्सकों ने नींद न आना, तनाव, उलझन, घबराहट, व्यवहार में चिड़चिड़ापन, आत्महत्या का विचार आने वाले लोगों को तुरंत चिकित्सक से सलाह लेने की नसीहत दी। इस मौके पर एमओआईसी डॉ मनोज कुमार, डॉ सुरेन्द्र चौधरी, अभिषेक, बीसीपीएम हुकुम सिंह, फार्मासिस्ट सतेंद्र सिंह, शशांक कटियार, नेहा यादव, कहकशाँ, पूनम राव आदि मौजूद रहे।

# जुमा की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस



**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या** में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से चौकन्ना बना हुआ है। कोतवाली पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर नगर व क्षेत्र में जुमा की नमाज को लेकर चौकसी बरती। जबकि मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा के नेतृत्व में नगर सहित क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात रहा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा कराई गई। जिसके चलते नगर के तिराहे पर स्थित जामा मस्जिद में जुमा की नमाज के समय पुलिस बल तैनात रहा। बताया कि 22 जनवरी सोमवार को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में कोई भी दिक्कत न हो इसके लिए अराजकतत्वों पर नजर रखी जा रही है। इस दौरान क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर उप निरीक्षक कमलेश कुमार, रोबिन सिंह, महिला उप निरीक्षक नीलम सिंह, राजेश प्रताप सिंह, विनय शर्मा, कांस्टेबल दीपांशु गंगवार, जीतू जितेंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# कबड्डी प्रतियोगिता में पं. आत्मप्रकाश विद्यालय ने मारी बाजी





- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में आयोजित हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में चलाये जा रहे युवा पखवाड़ा के तहत सिकंदरपुर में पंडित आत्म प्रकाश विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कस्बे के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे योगेंद्र भदौरिया ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समय-समय पर रचनात्मक कार्यक्रमों को करने के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियों का भी आयोजन करता है। कहा कि संगठन युवाओं के भीतर राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करता है व उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने का कार्य करता है। ऐसे में हम सभी युवाओं को भारत की भव्यता एवं दिव्यता को आगे बढ़ाने के लिए समाज एवं राष्ट्रहित में आगे बढ़कर हिस्सेदारी करनी चाहिए। वहीं चित्रांशु शुक्ला ने कहा कि भारत युवाओं का देश है जहां पर हर क्षेत्र में भारत देश को शीर्ष पर ले जाने का कार्य करते हैं। कबड्डी प्रतियोगिता में पं. आत्माप्रकाश विद्यालय की टीम विजेता रही। वहीं कुंवर योगेन्द्र सिंह की टीम उप विजेता रही। विजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक उत्कर्ष दुबे, विपिन, रजत, दीपक, मयंक, अभिषेक, अनुभव, नितिन मिश्रा सहित अभाविप के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संदिग्धों की तलाश में चलाया वाहन चेकिंग अभियान

- सीओ सदर ने समधन में किया रूटमार्च

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**आगामी 22** जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उच्चाधिकारियों ने कोतवाली पुलिस के साथ रूटमार्च कर भ्रमण किया। जबकि पुलिस ने जगह-जगह वाहन चेकिंग कर संदिग्धों व अराजकतत्वों की तलाश की। इससे वाहन चालकों सहित अराजकतत्वों में हडकम्प मच गया। पुलिस ने रूटमार्च कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी सदर ने कोतवाल जेपी शर्मा व पुलिस बल के साथ कस्बा समधन में रूटमार्च कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया और अराजकतत्वों की खोजबीन की। इसी प्रकार नगर के मुख्य चौराहे व तिराहे पर कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें करीब 40 वाहनों के चालान किए गये। वहीं वाहन चेकिंग अभियान को देख बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। वाहन



वाहन चेकिंग अभियान चलाती पुलिस — समृद्धि न्यूज



समधन में रूटमार्च करते सीओ व पुलिस कर्मी — समृद्धि न्यूज

चालक इधर-उधर की गलियों से निकलते हुए नजर आए। इसके अलावा रामाश्रम, तिर्वा रोड, पूर्वी बाईपास, मझपुर्वा क्रासिंग, जलालाबाद, समधन आदि स्थानों पर भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

**गेहूं क्रय** — गेहूं क्रय हेतु बनाए गये 32 सेन्टर, 15 मार्च से गेहूं क्रय का कार्य होगा शुरु

# सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया सर्वे का कार्य तीव्र गति के साथ करें: डीएम

- जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने, डिजिटल क्रॉप सर्वे, सर्वेक्षण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया को लेकर डीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट के** गांधी सभागार में आयोजित हुई बैठक में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने, डिजिटल क्रॉप सर्वे, सर्वेक्षण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया को लेकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गाँवो के सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया के सर्वे का कार्य तीव्र गति के साथ करें। कहा कि लोग कई वर्षो से परेशान हैं, उनकी परेशानी को दूर करें और अपने-अपने कार्यो को जिम्मेदारी के साथ करें।



उन्होने निर्देशित किया कि सर्वे की प्रक्रिया महाबलीपुर, गदनपुर बड्डू, तारपुर नौकास्त, मिश्रीपुर, जलालपुर अमरा आदि ग्राम में सर्वे का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। कहा कि शहर की जमीन में सावधानी पूर्वक कार्य करें, रिकार्ड रुम के नक्शे और अपनी कॉपी से मिलान अवश्य करें। उन्होने तहसीलदार को निर्देश दिये कि पेडिंग मुकदमो का निस्तारण समय से किया जाये, न्यायिक व्यवस्था अच्छी होनी चाहिये। निर्भीकता के साथ सुनकर निर्णय लें। उन्होंने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिये कि सर्वेयर द्वारा सर्वे किये जाने वाले 94405 गाटो की संख्या के सापेक्ष सुपरवाइजर द्वारा एप्रूव किये गये गाटो की संख्या 49248 है, शेष 45157 अवशेष गाटो को भी एप्रूव जल्द कराया जाये। किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा नही होना चाहिये। उन्होने धान खरीद पर कहा कि सरकारी धन को सही से उपयोग किया जाये। कहा कि बाजरा खरीद का कार्य हो चुका है और अब सेन्टर से बाजरा उठान का कार्य भी जल्द पूर्ण किया जाये। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि गेहूं क्रय करने हेतु 32 सेन्टर बनाये गये हैं और 15 मार्च से गेहूं क्रय का कार्य शुरु हो जायेगा। उन्होने 35 जले हुए ग्रामों में से अकबरपुर, उस्मानपुर, सरदामई, गढ़िया पाह, बरुआ सबलपुर, हाथिन, हरिबल्लभपुर के अभिलेख बनाए जाने के कार्य में और तेजी लाकर कार्य को किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# कलुआ गैंग का बदमाश देवेन्द्र उर्फ फौजी पर दोषसिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

▸ सजा पर फैसला 25 जनवरी को

**कुख्यात अपराधी** कलुआ गैंग व उसके सदस्यों द्वारा पुलिस पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। जिसमें तीन पुलिस कर्मियों व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। इसी मामले में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र/अपर सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने अभियुक्त कलुआ गैंग के सदस्य देवेन्द्र कुमार उर्फ फौजी पुत्र रक्षपाल निवासी परनिया थाना बीसलपुर पीलीभीत को दोषी करार दिया। सजा के बिन्दु 25 जनवरी की तिथि नियत की है। वहीं साक्ष्य के आभाव में अभियुक्त रामसिंह पुत्र मुंशीलाल निवासी पुंथर थाना कम्पिल को दोषमुक्त कर दिया। कोतवाली कायमगंज के उपनिरीक्षक आनन्द कुमार सिंह ने 9 सितम्बर 2005 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि हमराह कां0 सुनील कुमार, कां0 रमेश, कां0 महेन्द्र व पीएसी के एचसीपी चन्द्रपाल सिंह, कां0 समसुल, कां0 सरनाम, हे0कां0 दयाराम, नायक कमलेश दीक्षित, लांस नायक इशरत अली, कां0 राजेश सिंह राठौर, कां0 ओमप्रकाश यादव, कां0 दिलीप कुमार, कां0 कौशलेन्द्र दुबे, कां0 दीनदयाल व ग्रामीण सुरेन्द्र, बदन सिंह, रामनरेश, श्रीपाल, दृगपाल को साथ लेकर ग्राम गण्डुआ से दो नावों द्वारा इकलहरा से गंगा नदी मार्ग से काबिंग करते जुए जा रहे थे। वापस आते समय जब हम लोग 1 किलोमीटर आगे निकले, तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधी गैंग लीडर कल्लू यादव के सदस्यों ने हम लोगों पर जान से करने के नियत से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा हेतु जवाब में फायरिंग की। कल्लू यादव के साथ नरेश धीमर पुत्र बलवंत सिंह निवासी चाचुआपुर थाना जलालाबाद शाहजहांपुर, देवेंद्र उर्फ फौजी पुत्र राजपाल निवासी पारलिया थाना बीसलपुर पीलीभीत, विनोद पंडित निवासी कारक थाना कलान शाहजहांपुर व 5-6 अन्य बदमाश से मुठभेड़ की। सूचना थाना कपिल व उच्चाधिकारियों को दी गई। मुठभेड़ में पीएसी के एचपी चंद्रपाल सिंह, लांस नायक इशरत अली, कांस्टेबिल दिलीप कुमार तिवारी व ग्रामीण दृगपाल की मृत्यु हो गई। पीएसी के नायक कमलेश दीक्षित, कांस्टेबिल ओमप्रकाश यादव, कांस्टेबिल राजेश सिंह राठौर, थाना कपिल के आरक्षी रमेश बाबू व ग्रामीण सुरेंद्र, बदन सिंह यादव, रामनरेश, श्रीपाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने धारा 147, 148, 149, 302, 307 व 14 दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम में उक्त बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। सुनवाई के दौरान 2 नवम्बर 2006 को अभियुक्त विनोद पंडित, नरेश धीमर की शेष अभियुक्तगण की पत्रावली से प्रथक की गई। तथा 18 जनवरी 2024 के आदेश द्वारा अभियुक्त रामपाल उर्फ भगत पत्रावली की भी अन्य अभियुक्तों की पत्रावली से पृथक की गई। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र/अपर सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने अभियुक्त कलुआ गैंग के सदस्य देवेन्द्र कुमार उर्फ फौजी पुत्र रक्षपाल निवासी परनिया थाना बीसलपुर पीलीभीत को दोषी करार दिया। सजा के बिन्दु 25 जनवरी की तिथि नियत की है।

### कलुआ से पुलिस की हुई तीन बार मुठभेड़, दरोगा राजेश यादव सहित 8 पुलिस कर्मी हुए थे शहीद, एक ग्रामीण की भी हुई थी मौत

**फर्रुखाबाद।** करीब 20 वर्ष पहले राजाराम यादव उर्फ कलुआ यादव के गैंग का कायमगंज-कम्पिल क्षेत्र से लेकर जनपद बदायूं, शाहजहांपुर तक आतंक था। जनपद शाहजहांपुर के परौर थाने के गांव पूरन नगला निवासी कलुआ यादव का आसपास के जिलों में काफी आतंक था। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में 4 मार्च 2001 को गांव अहमदगंज के निकट बदमाश कलुआ से मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबिल शांतिराम शहीद हो गये थे। डकैत उनकी रायफल भी लूट ले गए थे और फिर 26 मार्च 2003 को कंपिल क्षेत्र में कारव की कटरी में कलुआ से मुठभेड़ में तत्कालीन कंपिल थाना प्रभारी राजेश कुमार, मेरापुर थाने के दारोगा उदयवीर सिंह, कंपिल थाने के कांस्टेबल उमेश चंद्र व पीएसी कांस्टेबल सेवाराम यादव भी मुठभेड़ के दौरान हुए शहीद हो गये थे। कलुआ गैंग पुलिस कर्मियों के असलहे व वायरलेस भी लूट ले गये थे। इस मुठभेड़ में दारोगा विवेक श्रीवास्तव, सिपाही मुन्ना सिंह, सूरज सिंह, मोहर सिंह, रक्षपाल सिंह, पीएसी के साधू राम सहित आठ लोग घायल हुए थे। उसके बाद जनवरी 2006 में बरेली पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कलुआ को पुलिस ने मार गिराया गया था।

# डीएम ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस को लेकर की बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी संजय** कुमार सिंह की अध्यक्षता में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह, यू0पी0 स्थापना दिवस व गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत, खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त सरकारी कार्यालयों, मंदिर, शिक्षण संस्थानों, पंचायत घरों की साफ-सफाई करा ली जाये व लाइटिंग की व्यवस्था कर ली जाये। 22 जनवरी को सभी मंदिरों पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाये। गरीबों को कम्बल वितरण किया जाये, 26 जनवरी को सभी शिलाफलकम की साफ -सफाई करा ली जाये व पंच प्रण की शपथ भी दिलाई जाये। खेल विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले के स्टेट लेवल के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाये। स्वन्त्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिवार को सम्मानित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

### भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस एलर्ट मोड में



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एसपी के निर्देशन में थाना अध्यक्ष ने रेलवे स्टेशन व कस्बे के मुख्य बाजारों में फ्लेग मार्च कर जनता से 22 जनवरी को शांति बनाये रखने की अपील की। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा मंझना तथा शमशाबाद रेलवे स्टेशन पर एसपी विकास कुमार के निर्देशन में थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने आगामी 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्रमाण प्रतिष्ठा में इंटेलीजेंस ब्यूरो की सतर्कता के अनुसार एसपी के निर्देशन में थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा शमशाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचे और उन्हें जगह-जगह फ्लैग मार्च कर जनता से अपील की कि वह 22 जनवरी को शांति बनाये रखें। साथ ही संभ्रांत व्यक्तियों कौ बैठक कर आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांतिपूर्ण माहौल में पूजा अर्चना करने के निर्देश दिये। कस्बे तथा अन्य जगहों के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों को बताया कि यदि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या किसी भी अराजकता फैलाने वाले व्यक्ति की कहीं भी सूचना मिले तो वह तत्काल थाना अध्यक्ष के सीयूजी नंबर पर सूचना दें। जिससे कठोर कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, कांस्टेबिल नीरज यादव, सौरभ कुमार, सुरेश बाबू तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उनके साथ मौजूद रहे।

### झूठ बोलकर बेची भैंस, दूध निकला कम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** झूठ बोलकर भैंस को बिक्री कर देने के बाद दूध कम निकलने पर पीड़ित ने भैंस वापस करने की बात कही, तो उसने गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम चंदनी निवासी सरवन कुमार पुत्र नेकराम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि दिनांक 13 जनवरी को एक भैंस पप्पू यादव पुत्र हवलदार यादव निवासी मढ़िया से 47000 रुपये में खरीदी थी, तो पप्पू ने पीड़ित से कहा था कि भैंस 6 किलो दूध देती है। जिस पर मैंने उनकी बातों पर विश्वास कर पूरा रुपया देने के बाद भैंस को खरीद लिया और भैंस को अपने घर ले आया। जब शाम को उसने भैंस का दूध निकाला, तो वह चार किलो ही निकला। जिस पर पीड़ित पप्पू यादव से मिला और भैंस का दूध दो किलो कम देने की बात कही, तो पप्पू ने कहा कि मेरी कोई गारन्टी नहीं है। जिस पर मैंने कहा कि आप अपनी भैंस वापस लो, तो वह गाली-गलौज करने लगा और भैंस लेने से मना कर दिया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

### घर के बाहर लघुशंका करने का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लघुशंका करने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार ताराचंद्र पुत्र राजेश निवासी भरहेपुर थाना कोतवाली फतेहगढ़ का रहने वाला है। पीड़ित के घर के पास मेन गली में 18 जनवरी को सुबह रामप्रताप पुत्र शिवराम निवासी भरहेपुर लघुशंका कर रहा था। जब पीड़ित के भाई उमाशंकर ने यहां पर लघुशंका करने का विरोध किया, तो रामप्रताप ने अपने पिता शिवराम पुत्र दलगंजन व चाचा मोहन लाल पुत्र दलगंजन को बुला लिया। रामप्रताप घर से कुल्हाड़ी लेकर आया और पीड़ित के भाई के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित जब घर से निकलकर आया, तो उपरोक्त लोग जानमाल की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़ित के भाई के सिर में काफी चोटें आयीं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली कलश यात्रा

▸ 22 जनवरी को सभी जनमानस से की दीवाली मनाने की अपील

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



कलश यात्रा में भाग लेते साधु संत — समृद्धि न्यूज

**अयोध्या में** भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर तैयार है। आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक दिन तथा क्षण को यादगार बनाने के लिए देश में लगभग हर कोई जोरदार तैयारियों में जुटा है। चारों ओर एक विशेष उल्लास का माहौल देखा जा रहा है। आगामी 22 जनवरी के दिन जिस वक्त भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा उस दिन उस वक्त हजारों लोग खुशियां मनाते हुए अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर दिवाली का त्यौहार मनाएंगे। इस पल को यादगार बनाने के लिए शमशाबाद नगर में शुक्रवार को जन जागरण अभियान के तहत कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा में तमाम साधु संत, महिला भक्तों एवं संभ्रांत लोगों को खुशियों के माहौल में प्रतिभाग करते हुए देखा गया। शमशाबाद नगर में स्थित बाला जी तिराहा से इस कलश यात्रा को निकाला गया। कलश यात्रा का शुभारंभ जय श्री राम के गगन भेदी नारों के साथ किया गया। कलस यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई हनुमान मंदिर तक पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार तथा भक्तों ने पुष्प वर्षा की। हनुमान मंदिर के निकट जनजागरण एवं कला यात्रा को विराम दिया गया। कार्यक्रम के आयोजक ने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के हम सभी लोग साक्षी होंगे। उन्होंने सभी लोगों से प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों में दीपक जलाकर दिवाली जैसी खुशियां मनाएं। इस दौरान नगर पंचायत शमशाबाद के अधिशासी अधिकारी इंजी आशीष कुमार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मनोज चतुर्वेदी सहित तमाम साधु व ग्रामीण मौजूद रहे।

# पत्रावली गायब करने के मामले में पटल सहायक समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया ने कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ को दी गयी तहरीर में कहा था कि ग्राम पंचायत खुदागंज विकास खण्ड कमालगंज की ग्राम प्रधान शशिलता एवं सचिव ग्राम पंचायत बृजेश यादव केक विरुद्ध ग्राम पंचायत में कराये गये कार्यों में वित्तीय अनियमिताओं के संबंध में जॉच की गयी थी। जांच आख्या प्राप्त होने पर पायी गयीं कमियों के आधार पर ग्राम प्रधान शशिलता वं सचिव ग्राम पंचायत बृजेश यादव से स्पष्टीकरण मांगा गया था। उपरोक्त लोगों से प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही हेतु पत्रावली सीडीओ के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित की जानी थी। सीडीओ द्वारा पत्रावली जिला विकास अधिकारी से परीक्षण कराकर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके उपरांत अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रधान सहायक/पटल सहायक, प्रधान शिकायत पटल का कार्य देख रहे इशरत अली एवं पत्रवाहक रमेशचंद्र कटियार द्वारा पत्रावली जिला विकास अधिकारी कार्यालय में लगाने हेतु प्रेषित की गयी। इसके बाद से जब पत्रावली इनके द्वारा कहीं रख दी गयी है या गायब कर दी गयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय पत्रांक 3532 दिनांक 15 जनवरी के माध्यम से पत्रावली ढूंढकर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने हेतु उपरोक्त दोनों संबंधित को पत्र निर्गत किया गया, परन्तु उनके द्वारा अभी तक पत्रावली ढूंढकर उपलब्ध नहीं कराई गई है। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा पत्रावली गायब कर दी गयी है या कहीं छुपा लिया या है। जिला पंचायत राज अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने पटल सहायक इशरत अली एवं पत्रवाहक रमेशचंद्र कटियार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मारुति कार और ई-रिक्शा में आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



मारुति व ई-रिक्शा में आमने सामने हुई भिड़ंत में क्षतिग्रस्त वाहन

**मारुति कार** और ई-रिक्शा में आमने-सामने टक्कर में हुई जबरदस्त टक्कर में दोनों के चालक सहिततीन लोग घाल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के हैवतपुर गढ़िया कॉलोनी निवासी ई-रिक्शा चालक शकील सुबह फर्रुखाबाद से शमशाबाद गए थे। शाम 6 बजे के लगभग अपने दोस्त सलमान निवासी हैवतपुर गढ़ियाा कॉलोनी के साथ फर्रुखाबाद वापस आ रहे थे, तभी शमशाबाद फर्रुखाबाद रोड पर नगला नान गांव के चौराहे पर असगरपुर की तरफ से बरहमपुर की तरफ जा रहे क्षेत्र के गांव कलुआपुर सानी निवासी विमलेश कुमार अपनी मारुति वैन से जा रहे थे, तभी दोनों में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें मारुति वैन चालक और ई-रिक्शा चालक व ई-रिक्शा सवार सहित तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर ई-रिक्शा चालक के परिजन और मारुति वैन के चालक के परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए ले गए। जहां सभी का उपचार जारी है।

# हत्या के मामले में एक को आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

▸ विचारण के दौरान दो की हो चुकी है मौत, एक चल रहा फरार

**विशेष न्यायाधीश** गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम ने राकेश कुमार सिंह ने हत्या के मामले में साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त मोहन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जबकि मुकदमा विचारण के दौरान दो की मौत हो चुकी है, जबकि एक फरार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के आजाद नगर बनपोई निवासी अमरपाल सिंह ने 26 नवंबर 1999 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि मेरे भाई सर्वेश कुमार व दिनेश कुमार अपने लहसुन के खेत में निकाई कर रहे थे और मैं भी साथ में लहसुन की निकाई करवा रहा था। मेरे खेत से दो खेत की दूरी पर सुघर सिहं पुत्र मुलायम सिंह, सुदामा देवी पत्नी सुघर सिंह व उनका लड़का सतीश अपने खेत में धान काट रहे थे। पास में ही उनका गन्ने का खेत है। समय लगभग 12.30 पर दोपहर हुल्ली पुत्र सियाराम, मुकेश पुत्र जगदीश, नरेश पुत्र बलवीर, मोहन पुत्र नामालूम सभी बहेलिया जाति के निवासी आजाद नगर सकवाई मोहम्मदाबाद सुघर सिंह के धान के खेत पर आये और सुघर सिंह से गन्ना मांगा। मना कर देने पर हुल्ली आदि चारों लोगों ने जबरिया गन्ना तोड़ने को तैयार हो गये,तो सतीश ने हम लोगों को आवाज लगायी कि यह लोग गन्ना तोड़ने जा रहे हैं। आवाज सुनकर मैं अपने दोनों भाइयों के साथ खेत पर पहुंचा और उन लोगों को गन्ना तोड़ने से मना किया। हुल्ली, मोहन, मुकेश, नरेश ने अपनी-अपनी गोट से तमंचा निकालकर हम लोगों को जान से मारने की नियत से फायर किया। जो हमारे भाई सर्वेश की दाहिनी आंख व चेहरे पर व दिनेश कुमार की दाहिने हाथ की हथेली में गोली लगी और सुघर सिंह के सिर में चोट आयी। बचाने के लिए शोर मचाया। आसपास खेतों में काम कर रहे दौड़कर आ गये। जिन्होंने बचाया और घटना देखी। पुलिस ने धारा 323, 504, 506, 307 आई.पी.सी. के तहत अभियुक्तगण हुल्ली, मुकेश, नरेश व मोहन सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद मेरे भाई सर्वेश की मौत हो गयी। जिसके बाद पुलिस ने धारा 302 की बढ़ोत्तरी मुकदमे में कर दी। मामला सीबीसीआईडी को सौंपा गया। जिसकी विवेचक मनोज कुमार चतुर्वेदी द्वारा की गयी। विवेचक/उप निरीक्षक लक्ष्मी नरायण तथा विवेचना साक्षियों के धारा 161 सी.आर.पी.सी. के बयान दर्ज कराने के उपरांत अभियुक्त मोहन के विरुद्ध वर्ष 2002 में धारा 323, 504, 506, 307, 302 के अपराध में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। अभियुक्त हुल्ली के फरार हो जो जाने के कारण उसकी पत्रावली पृथक कर 299 द0प्र0सं0 के तहत निस्तारित कर दी गयी तथा अभियुक्त मुकेश व नरेश की मृत्यु हो जाने के कारण उनके विरुद्ध मुकदमा उपशमित किया जा चुका है। जबकि मोहन पुत्र रतन उर्फ रामपाल पर लगाये गये आरोप में उसे दोष सिद्ध किया गया। अभियुक्त मोहन को धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया। धारा 323 के आरोप में एक वर्ष का कठोर कारावास व एक हजार रुपया जुर्माना किया गया। धारा 504 में एक वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रुपया जुर्माना किया गया। धारा 506 में एक वर्ष का कारावास व दो हजार रुपये जुर्माना किया गया है।

# ब्लड बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



जेल जाते आरोपी — समृद्धि न्यूज

**नाबालिग लड़कों** को बहला फुसलाकर चंद रुपयों का लालच देकर उनका ब्लड निकालकर बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना सुरेशचंद्र पुत्र शंभू दयाल निवासी ग्राम कुटरा थाना कोतवाली फतेहगढ़ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पीड़ित का पुत्र सक्षम कश्यप उम्र 13 वर्ष अपने दोस्त आदित्य उम्र करीब 16 वर्ष पुत्र मुकेश ग्राम कुटरा थाना कोतवाली फतेहगढ़ गांव के बाहर खेल रहा था, तभी उसके पास तीन व्यक्ति 1. अर्जुन रापूजत पुत्र भगवती प्रसाद निवासी बेवर रोड नलकूप कालोनी धनसुआ थाना कोतवाली फतेहगढ़, 2. विनय पुत्र महेशचंद्र निवासी बिजाधरपुर थाना कोतवाली फतेहगढ़, 3. राहुल शाक्य पुत्र अमित शाह निवासी नगला याकूतगंज थाना कोतवाली फतेहगढ़ आये और कहने लगे कि बच्चों थोड़ा सा काम हैं आपको 1200 रुपये मिलेंगे। आपको हमारे साथ चलना होगा, तभी मैं आ गया। जब मैंने उपरोक्त लोगों से पूछा बच्चों को कहां और किस काम के लिए ले जा रहे हो, तो तीनों ने बताया कि हम खून निकलवाकर बेचते हैं और उनको बदले में रुपये देते हैं। जब मैंने उनको ललकारा, तो उपरोक्त तीनों लोग भागने लगे, तभी मैंने ग्राम के ही सुनील कश्यप व मुकेश की मदद से उपरोक्त तीनों को पकड़ लिया। इससे पहले यह लोग दो बार सक्षम व आदित्य का खून निकलवाकर बेच चुके हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अनियंत्रित कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

▸ बाद में ई-रिक्शा से जा भिड़ी, दो युवतियां घायल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज



मृतक का फाइल फोटो

**तेज रफ्तार** अनियंत्रित कार चालक ने ई-रिक्शा व बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान दोनों बाइक सवार व ई-रिक्शा में बैठी दो सवारियां घायल हो गयीं। जिन्हें उपचार के लिए लोहिया अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सक ने एक बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार पांचाल घाट निवासी बबलू गुप्ता पुत्र ब्रजमोहन अपने साथी कमलेश कुमार पुत्र उमेश सिंह निवासी दिन दयाल बाग के साथ बाइक से जा रहे थे। पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछल कर सड़क पर जा गिरे और गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिसके बाद अनियंत्रित कार ने एक ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे उसमें बैठी पल्लवी व दुर्गा निवासी भगुआ नगला थाना कादरीगेट घायल हो गयी। सभी घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। जहां ईएमओ डॉ0 आकाश बंसल ने बबलू को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक बबलू के साथी कमलेश कुमार ने बताया की पुलिस ने आरोपित कार चालक को पकड़ लिया है। गाड़ी को चौकी पर खड़ा करवाया गया। घटना के बाद से पत्नी पूजा व भाई संजय आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते हैं कि मृतक पेठा की ठेली लगाकर अपना व अपने बच्चों का पालन पोषण करता था। वह अपनी बेटी खुशी और पूर्वी के लिए कपड़े लेने साथी कमलेश के साथ गया था,तभी रास्ते में प्राइमरी स्कूल के पास कार ने टक्कर मार दी।

# गली बंद करने का विरोध करने पर महिला को पीटा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**गली बंद** करने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार महिला मंजो जाटव पत्नी शिवमंगल निवासी जगत नगर कालोनी राजा नगला (रम्पुरा) की निवासिनी है। 17 जनवरी को समय लगभग 7 बजे पीड़िता की पुत्रवधू मुस्कान पत्नी अभिषेक घर पर खाना बना रही थी, तभी सरकारी गली बंद करने को लेकर पीड़िता के जेठ सर्वेश पुत्र रामनाथ व उनकी पत्नी सावित्री पत्नी सर्वेश, देवर टिंकू पुत्र रामनाथ व देवर की पत्नी बेबी ने पीड़िता की पुत्रवधू के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता की पुत्रवधू की चीख पुकार सुनाकर आसपास के लोग आ गये। उन्हें देखकर उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर करणी सेना ने किया याद

▸ अभियान को तेज करने का लिया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**करणी सेना** ने मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप की 427वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पदाधिकरियों ने माल्यार्पण किया। करणी सेना जिलाध्यक्ष ने कहा की महाराणा प्रताप मूर्ति का सुंदरी करण का काम पूरा हो गया है। अब शहर में प्रमुख चौराहे महाराणा प्रताप मूर्ति लगवाने का अभियान तेज किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों पर दीप प्रज्ज्वलित करने की अपील की गई।

बद्री विशाल कालेज में शुक्रवार को महाराणा प्रताप को श्रद्धा सुमन अर्पित करने करणी सेना के पदाधिकारी एकत्रित हुए। मुख्य अतिथि भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह राठौर ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शैलेंद्र सिंह राठौर ने कहा की आज के समय में महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र से युवाओं को सीखना चाहिए। महाराणा प्रताप के सब कुछ था। वह राजा के परिवार में पैदा हुए। फिर भी स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को भी पीछे नहीं हटे। घास की रोटियां भी खाकर स्वाधीनता के लिए लड़ते रहे। युवा व्यापार में भी हाथ आजमाए। सुशील गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप को जब कठिन परिस्थितियों में थे तब वैश्य समाज के भामाशाह ने मदद की थी। जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप और भगवान परशुराम की मूर्ति का सुंदरी करण का वायदा करणी सेना ने किया था। जिसमें एक मूर्ति का सुंदरी करण हो चुका है। फरवरी माह में भगवान परशुराम की मूर्ति का सुंदरी करण करा दिया जाएगा। अब संगठन का पूरा लक्ष्य जिले में महाराणा प्रताप मूर्ति लगवाने पर है। इसके लिए आने वाले समय में बड़ा आंदोलन भी करना पड़ा, तो अवश्य किया जाएगा। इस दौरान राहुल परिहार, अखिलेश प्रताप, विक्की ठाकुर, विभोर, गौरव राघव, सूरज, प्रांजल, सुशील गुप्ता, जानू ठाकुर, अमन, विशाल, विशाल, विपिन अवस्थी, अरुण, सोनू आदि मौजूद रहे।


महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण करते शैलेन्द्र राठौर व अन्य    समृद्धि न्यूज

# शिक्षकों को लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अन्तर्गत बांटे गये टैबलेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अन्तर्गत शिक्षकों को बीएसए कार्यालय बुलाकर टैबलेट वितरित किये गये। साथ ही आईटीसी लैब का शुभारम्भ किया गया। बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के नेतृत्व में टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता व विशिष्ठ अतिथि शैलेन्द्र सिंह राठौर एवं खण्ड शिक्षाधिकारी बढ़पुर सुरेशचन्द्र, खण्ड शिक्षाधिकारी नगर क्षेत्र आईपी सिंह ने टेबलेट वितरित किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। प्राथमिक विद्यालय जनैया सठैया के इंचार्ज प्रधानाध्यापक उत्कर्ष यादव, इंचार्ज प्रधानाध्यापक कटरी सोताबहादुरपुर की शिल्पा कश्यप, प्राथमिक विद्यालय महरुपुर सहजू की इंचार्ज प्रधानाध्यापक पारुल मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय याकूतगंज की इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजू राठौर, गोविन्द चौरसिया व शकील खान को टेबलेट दिये गये। नगर क्षेत्र से 5 शिक्षक व ब्लाक बढ़पुर बीआरसी से 10 शिक्षकों को टेबलेट दिये गये। इस मौके पर कार्तिक यादव, दीक्षा पाण्डेय, वंशिता गुप्ता, ज्ञानेन्द्र सिंह, निर्मल बौद्ध आदि लोग मौजूद रहे।


उत्कर्ष यादव को टैबलेट वितरित करते बीएसए व मौजूद भाजपा नेता

# अधिकारियों की लापरवाही के चलते वार्ड में अंधेरा

▸ सभासद विरमा देवी की शिकायत के बावजूद भी स्ट्रीट लाइट खराब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनता की** सुविधा के लिए क्षेत्रीय सभासद ने नगर पालिका की ओर से स्ट्रीट लाइट लगवायी, लेकिन वह कुछ ही दिन क्षेत्र में रोशनी दे सकी। उसके बाद लम्बे समय से खराब पड़ी हुई है। कई बार लिखित शिकायत करने के बाद भी आज तक नगर पालिका और न ही विद्युत विभाग ने इसकी सुद ली। नगर पालिका परिषद वार्ड नम्बर 29 की सभासद विरमा देवी ने बताया कि कई बार नगर पालिका कार्यालय में इसकी सूचना दी गई, उसके बाद भी स्ट्रीट लाइट ठीक नहीं की गई। स्ट्रीट लाइट के आसपास पेड़ टहनियां है। जिनको काटा जाये, तभी स्ट्रीट लाइट सही जल पायेगी। इसकी शिकायत पालिका कार्यालय में की और स्वयं चेयरमैन को भी बतायी, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ। जिस कारण जीआईसी स्कूल के बाहर अंधेरा बना रहता है। लोगों ने कई बार इसकी शिकायत सभासद से की, लेकिन उनकी पालिका कार्यालय में सुनी नहीं जाती है। क्षेत्रीय लोग स्ट्रीट लाइट बंद होने के चलते नाराज है।


जीआईसी स्कूल के बाहर बंद स्ट्रीट लाइट    समृद्धि न्यूज

# जिले का नाम पांचाल नगर रखने को मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमर ज्योति एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा गया गया कि पौराणिक काल से यह जनपद पांचाल का भाग रहा है। उत्तर प्रदेश के बनारस (काशी) के बाद सर्वाधिक शिव मंदिर यहीं पाये जाते हैं।

मां भागीरथी का जल प्रवाह भी काशी की भांति अर्द्ध चंद्राकार के रुप में यहां पर भी है। इसलिए इस प्राचीनकाल में अपराकाशी के नाम से जाना जाता था। महाभारत काल में इस नगर का संबंध पांचाल क्षेत्र से होने के कारण इसी भीष्म नगर भी कहा गया, परन्तु दुर्भाग्य से 1817 ई0 में नवाब बंगश ने इसका नाम दिल्ली के बादशाह फर्रुखशियर के नाम से फर्रुखाबाद कर दिया।

जो हमारी मुगल दास्ता का प्रतीक है। इस दासता के कलंक को मिटाकर इस जनपद का नाम पुनः प्राचीन शिव की नगरी (छोटी काशी) अर्थात अपराकाशी तथा पांचालप्रदेश का नगर होने के कारण फर्रुखाबाद नगर का नाम पांचाल नगर रखा जाना अति आवश्यक है।

ज्ञापन पर संस्था महासचिव प्रमोद कुमार तिवारी एडवोकेट, ओमवीर सिंह राठौर, ओमपाल सिंह, स्वदेश त्रिवेदी, विवेश यादव, अनिल एडवोकेट, अनिलेश मिश्र के नाम शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने 22 जनवरी को दीवाली मनाने का किया आग्रह



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष ने अयोध्या से आये अक्षत तथा श्रीराम का चित्र घर-घर जाकर ग्रामीणों को वितरण किया तथा सभी से 22 जनवरी को दीपावली मनाने की अपील की। जानकारी के अनुसार अयोध्या से आयी कलश यात्रा के दौरान आये अक्षतों का नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने सभासदों के साथ घर-घर जाकर वितरण किया। साथ ही उन्होंने जनमानस से अपील की ऐसी शुभ घड़ी 500 साल बाद आयी है। इसलिए सभी लोग खुशियां मनायें, घरों में दीप जलायें तथा भजन कीर्तन करें। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनने का सपना साकार हुआ है। जो सभी के लिए एक गौरव की बात है। अक्षत का वितरण वार्ड संख्या-07 रानी अवंतीबाई नगर, नगला हीरा सिंह में किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ क्षेत्र के कई सभासद मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष का कई स्थानों पर फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओ से भी रुबरु कराया। इस मौके पर कुलदीप राजपूत सभासद, वीर सिंह एवं समस्त राम भक्तों ने ढोल नगाड़ों के साथ श्रद्धाभाव से घर-घर दस्तक दी।

### विधायक ने शिक्षकों को वितरित किये टैबलेट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विधायक ने लैब का उद्घाटन कर शिक्षकों का टेबलेट का वितरण किया। इस दौरान टेबलेट पाकर शिक्षक काफी खुश नजर आये। खंड शिक्षा कार्यालय पर विधायक कायमगंज ने आईसीटी लैब का उद्घाटन कर शिक्षकों को टेबलेट बांटे। साथ ही शिक्षकों से छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य बनाने की बात कही। विधायक सुरभि गंगवार ने बताया कि मैं भी एक शिक्षित व्यक्ति हूं और मैं अध्यापकों के बीच में जाकर अपने को एक छात्रा की उपाधि से देखती हूँ। सभी अध्यापक मेरे सम्माननीय गुरु हैं। मैं उनका सम्मान करना जानती हूँ। इसके बाद जिले में आए लैपटॉपों की संख्या के अनुरूप विकास खंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों को टैबलेट की संख्या पूरे तौर पर आई है, लेकिन आज उन्होंने 30 लैपटॉप टैबलेट ही वितरित किये। बाकी खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि कल की तारीख में सभी शिक्षकों को टेबलेट वितरण कर दिए जाएंगे। सिकंदरपुर नेहरोसा के प्रधानाध्यापक शालिग्राम गंगवार को भी टेबलेट वितरण किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, विधायक कायमगंज सुरभि गंगवार, शिक्षक प्रशांत कटियार, पंकज यादव सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### अलाव की आग से अबोध सहित महिला जली

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** भीषण सर्दी का दौर जारी है। इस भीषण सर्दी के दौर में आम जनमानस सुरक्षा के लिहाज से अपने -अपने घरों में अलाव के सहारे वक्त कट रहा है। कहीं-कहीं घरों के जलाया जाने वाला अलाव आम लोगों के लिए बबाल-ए-जान साबित हो रहा है। घटना के संबंध में बताया गया है थाना क्षेत्र के ग्राम मसूदपुर पट्टी निवासी राजेंद्र प्रसाद की पत्नी पुष्पा देवी उम्र 30 वर्ष भीषण सर्दी होने के कारण घर के अंदर शाम के वक्त अलाव जलाकर ताप रही थी। गोद में अबोध बच्चा था। धुआं लगने के कारण बच्चा रोने लगा, तो महिला बच्चे को संभालने लगी। इसी दौरान महिला की साड़ी के पल्लू में आग लग गई। देखते ही देखते साड़ी धू-धू कर जलने लगी। घबराई महिला ने जब आग बुझाने की कोशिश की, तो उसका एक माह का अबोध बच्चा भी आग में गिर गया। जिससे अबोध शिशु भी झुलस गया। चीख पुकार की आवाज सुन घर परिवार तथा आसपास मोहल्ले के लोगों ने जैसे-तैसे आग बुझाई, लेकिन महिला तथा महिला का अबोध शिशु गंभीर रूप से घायल हो चुका था। घटना की जानकारी के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया। आनन-फानन में दोनो को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद लाया गया। जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सको ने लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### शासनादेश के निर्देशानुसार 22 जनवरी को रस्तोगी कालेज में होगा कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 22 जनवरी को रस्तोगी इंटर कालेज में संचालित होने वाले कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों ने प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि मुख्य सचिव व शिक्षा निदेशक के पत्रांक के अनुसार 11 जनवरी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के 12 जनवरी के पत्रांक के अनुसार प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रम फोटोग्राफ भेजने का निर्देश प्राप्त हुआ है। ऐसे में सभी शिक्षक-कर्मचारी शासन के द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस मौके पर राकेश प्रसाद, सुधाकर चतुर्वेदी, संजीव चौहान, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, अनुराधा मिश्रा, गौरीशंकर, देवेन्द्र कुमार, गजेन्द्र सिंह, विजेन्द्र पाल सिंह, महाराज सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुशील वर्मा, तनुजा सरकार, रामवीर सिंह, सुभाष चन्द्र शुक्ला, रामतीरथ अग्निहोत्री, सुधांशु शुक्ला, दिनेश चन्द्र आदि शिक्षक के हस्ताक्षर कर प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपा।

# विशेष लोक अदालत को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष लोक अदालत के संबंध में तैयारी बैठक जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार तृतीय की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन प्रभारी सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक प्राधिकरण नरेन्द्र प्रकाश ने किया। बैठक में जिला जज ने विद्युत मामलों एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को विशेष लोक अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु संबंधित अधिकारी व विधि सलाहकारों को निर्देश दिये। इसके साथ ही चिन्हित मामलों का विवरण प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिये। धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित अब तक कुल 286 मामले चिन्हित व विद्युत मामलों से संबंधित अब तक कुल 140 मामले चिन्हित किये जा चुके है। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी सुश्री शैली राय, धनश्याम शुक्ला, ज्ञानेन्द्र कुमार, पीयूष भारतीय, प्रियंका गांधी, शाम्भवी, साक्षी मिश्रा, यशार्थ विक्रम, माला कुमार मौजूद रही।

# रामधुन के साथ समरसता सह भोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्रीराम मंदिर** प्राण प्रतिष्ठा व रामोत्सव के अन्तर्गत नगर पंचायत संकिसा की अध्यक्ष अनुपम राजपूत के पति राहुल राजपूत द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रुप से सांसद मुकेश राजपूत ने आये हुए अतिथियों एवं साधु-संतों का स्वागत किया। सांसद मुकेश राजपूत ने सभी साधु-संतों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में हो रही है। पूरा देश राममय है। सभी लोग अपने घरों में भगवान श्रीराम की पूजा करें और दीपक जलाये। जिससे इस कार्यक्रम को भव्यता मिल सकें। कार्यक्रम में लखनऊ से आयी शीलू श्रीवास्तव एण्ड पार्टी द्वारा भजन-संकीर्तन का आयोजन हुआ। संतोष तिवारी, सुधीर, योगेश, लकी ने सहभोज के साथ संगीत के द्वारा रुचि के साथ सांसद ने सबरी की तरह सभी की प्रशंसा की और खिचड़ी भोज कराया। रामधुन की गीतों पर शीलू श्रीवास्तव पार्टी द्वारा समा बधां और सभी साधु-संत सहित भक्ति गीतों पर थिरकने को मजबूर हो गये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, कुलदीप गंगवार, वीरेन्द्र सिंह राठौर, अभिषेक त्रिवेदी, जितेन्द्र सिंह, सुधांशू दत्त द्विवेदी, संजय गर्ग, डीएस राठौर, दिलीप भारद्वाज आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था राहुल राजपूत ने देखी।


समरसता कार्यक्रम में भजन सुनते सांसद व अन्य    समृद्धि न्यूज

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह हेतु ऑनलाइन करें आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु सामूहिक विवाह योजना के आवेदन भरने हेतु ऑनलाइन पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। जनपद स्तर पर सामूहिक विवाह का आयोजन जनवरी के अंतिम सप्ताह में कराये जाने की सम्भावना है। इच्छुक पात्र व्यक्ति अपनी पुत्रियों की शादी हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेबसाईट पर सामूहिक विवाह हेतु अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए लोग कार्यालय आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

# विधायक डॉ. सुरभि ने आईसीटी लैब का उद्घाटन कर बांटे टैबलेट

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** आईसीटी लैब का फीता काटकर कायमगंज विधायिका डा0 सुरभि व बीईओ सतीश वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया और विद्यालयों के शिक्षकों को 25 टैबलेट वितरित किये। बीआरसी शमशाबाद को सजाया गया। विधायिका डॉ. सुरभि ने शिक्षकों को डिजिटल भारत के बारे में जागरुक किया। खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने विधायक डॉ. सुरभि का स्वागत किया।

खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने सभी शिक्षकों को टेबलेट की महत्वता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। 172 प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय को कल से टेबलेट वितरण किए जाएंगे। खंड शिक्षाधिकारी सतीश वर्मा ने बताया कि 25 विद्यालय के शिक्षक को टेबलेट वितरण किए गए। इस मौके पर अपना दल एस के जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार, एआरपी मनोज गंगवार, श्रीनिवास, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, अनुराग दुबे सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।


शिक्षिका को टेबलेट वितरित करती विधायिका साथ में बीईओ

# व्यापार मंडल ने गरीबों को बांटे कंबल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



**हाड़ कंपाऊ** शीत लहर के चलते लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों, महिलाओं को कम्बल वितरित किए गये। धीरे धीरे बढ़ रही कड़ाके की डन्ड एंव सर्दी के मौसम को देखते हुए वैश्य समाज की जिला अध्यक्ष राज्य महिला आयोग सदस्य डा0 मिथलेश अग्रवाल व उद्योग भारतीय व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने सीपी गेस्ट हाउस में गरीब एव जरूरतमंद व्यक्तियों को ठन्ड से बचाव के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों को 225 कम्बलों का वितरण किया। कम्बल बांटने के दौरान उद्योग व्यापार मण्डल के जिला महामन्त्री अनुपम अग्रवाल, भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अखलेश शर्मा, नगर महा मन्त्री अनुज सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राम यात्रा की तैयारियां जोरों पर, बच्चों ने बनाये धनुष

▸ आज 1008 श्रीराम स्वरुप की निकलेगी शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान श्रीराम की अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार 20 जनवरी को नगर में धूमधाम से रामस्वरुपों की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें स्वरुप मैं हू राम यात्रा में शामिल होंगे और भगवान श्रीराम के 1008 स्वरूप राम बनने वाले बच्चों ने संघ कार्यालय नुनाई पर एकत्र होकर धनुष तैयार किए। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जय श्री राम का उद्घोष करते हुए बच्चे पूरी तन्मयता और लगन के साथ अपने लिए धनुष तैयार कर रहे हैं। जनपद में मैं हूं राम यात्रा का आयोजन शनिवार स्वराज कुटीर से हो रहा है। बच्चों में राम के भाव का जागरण करने के लिए श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति द्वारा यह यात्रा आयोजित की जा रही है। आयोजकों ने सभी नागरिकों से यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है। इस अवसर पर चित्रांश मिश्रा, आकाश, कृष्णा, उज्जवल, हर्षित, आदृज, विनायक, यशवर्धन, कोको, सत्यम, लव आदि ने धनुष तैयार किये।


धनुष तैयार करते युवा    समृद्धि न्यूज

# नशा छोड़ राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवाः डॉ. राजेश बाबू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर युवा सप्ताह के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के द्वारा ब्लाक शमशाबाद की ग्राम पंचायत सादिकपुर में युवा सप्ताह समापन समारोह के तहत नशा मुक्ति संगोष्ठी और महिला सशक्तिकरण के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ0 राजेश बाबू दुबे ने कहां कि युवाओं को नशे की ओर न जाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए और नशे से हम सभी को बचना चाहिए, नशा एक ऐसी बीमारी है, जो व्यक्ति को बर्बाद और नाश कर देती है। कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दुष्यंत कुमार पाल ने कहा की नशा अगर करना ही है तो किसी अच्छे कार्य के लिए करना चाहिए, चाहे वह नशा किसी क्षेत्र का हो। जिसमें एजुकेशन खेलकूद या फिर राष्ट्र निर्माण में बहुत से ऐसे कार्य हैं, जो हमारे युवा कर सकते हैं। मास्टर रविंद्र सिंह ने कहा कि युवा देश की नींव है और हमारा देश में आधी आबादी तो युवाओं की है। युवा इस देश का निर्माण है, युवाओं को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलकर उनसे सीख लेनी चाहिए। स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन में कई ऐसी पुस्तके लिखी जो युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। जिसमें ध्यान एवं उसकी पद्धतियां कर्म योग राजयोग की पुस्तक युवाओं के मार्ग की रहा है और हम सभी युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद थे और हमेशा रहेंगे। कंपोजिट विद्यालय सादिकपुर की प्रधानाचार्य सुमन दीक्षित ने महिलाओं को संबोधित करते हुए आगे बढ़ाने का आवाह्न किया और कहां कि आज नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है चाहे वह एजुकेशन का क्षेत्र हो या फिर इसरो जैसी महान संस्था में महिलाओं का योगदान हो, चाहे राजनीति का क्षेत्र हो महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाती हैं। संचालन वालंटियर त्रिलोकी नाथ ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक सर्वेश कुमारी पाल, अवनीश पाल, प्रांशु पाल, इकलेषा देवी, मंगल यादव, जगराम बाथम, रविंद्र बाथम आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अतिथि व अन्य    समृद्धि न्यूज

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से नवाजे जाएंगे 19 बच्चे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु असाधारण उपलब्धि प्राप्त करने वाले 19 बच्चों को 22 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित करेंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश के सभी क्षेत्रों से चुने गए 19 बच्चों को कला और संस्कृति (7), वीरता (1), नवाचार (1), विज्ञान और प्रौद्योगिकी (1), समाज सेवा (4) और खेल (5) के क्षेत्र में उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए प्रदान किया जा रहा है।



पुरस्कार विजेताओं में दो आकांक्षी जिलों सहित 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से नौ लड़के और 10 लड़कियां हैं। मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी 24 जनवरी को राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई की उपस्थिति में बच्चों के साथ बातचीत करेंगी और उन्हें उनकी संबंधित श्रेणियों में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए बधाई देंगी। केंद्र सरकार बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पुरस्कार प्रदान करती है। यह पुरस्कार पांच से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को सात श्रेणियों में कला और संस्कृति, वीरता, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा तथा खेल में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए जाते हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता बच्चे को एक पदक और एक प्रमाणपत्र दिया जाता है।इस वर्ष महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने क्षेत्रीय समाचार पत्रों और सभी प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करके नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए। राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल को नामांकन के लिए नौ मई से 15 सितंबर 23 तक की लंबी अवधि के लिए खोला गया था। संबंधित मंत्रालयों, सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों एवं प्रशासकों, देश भर के जिलाधीशों से प्रिंट मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित करने का अनुरोध किया गया । इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य माध्यमों से पुरस्कार का प्रचार-प्रसार किया गया ताकि ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं सहित सभी स्तरों से नामांकन प्रस्तुत किए जा सकें।मीडिया सामग्री के माध्यम से पिछले दो वर्षों से डेटा विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया गया । योग्य उम्मीदवारों की सिफारिश करने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की भी सहायता ली गयी।दावों की सत्यनिष्ठा की जांच और सत्यापन जिला मजिस्ट्रेटों और विशेषज्ञों सहित कई माध्यम से किया गया, जिसके बाद एक छानबीन समिति बनाई गई जिसमें सामाजिक सेवा, पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला एवं संस्कृति, खेल आदि जैसे विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शामिल थे।छानबीन समिति की बैठक के बाद चुने गए प्रोफाइल की फिर से संगीत नाटक अकादमी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान तथा भारतीय खेल प्राधिकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों के राष्ट्रीय स्तर के स्वतंत्र विशेषज्ञों से जांच करायी गई। राष्ट्रीय चयन समिति ने अंतिम चयन के लिए प्रोफाइल की जांच की।

# ईडी ने 29-30 जनवरी के लिए लालू व तेजस्वी को भेजा समन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

> एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए पटना दफ्तर बुलाया

राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर फिर से समन जारी किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी जानकारी में बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस महीने के अंत में जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के मामले में लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को पटना कार्यालय में उपस्थित होने के लिए नया समन जारी किया है। लालू प्रसाद को 29 जनवरी को पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को बुलाया गया है। जांच एजेंसी की टीम समन देने के लिए लालू प्रसाद यादव की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आधिकारिक आवास पर गई थी।

समन के मुताबिक राजद प्रमुख और तेजस्वी यादव को पटना के बैंक रोड स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इस मामले में पूछताछ के लिए पूर्व में जारी समन पर दोनों पेश नहीं हुए थे। जमीन के बदले नौकरी घोटाला उस समय का है, जब लालू प्रसाद प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए वन) सरकार में रेल मंत्री थे।

## खबरें एक नजर में

### विधानसभा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे गृहमंत्री

**रायपुर, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एकदिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। वे विधानसभा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उसी शाम वे वापस दिल्ली लौट जाएंगे। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला भी उनके साथ आएंगे। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री शाह नये विधायकों के लिये विधानसभा में होने वाले प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे। समिति कक्ष में 'वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई)' पर एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता करेंगे। बैठक में राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और वामपंथी उग्रवाद के खतरे को लेकर चर्चा होगी। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा समेत केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के शीर्ष अधिकारी और केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

### अयोध्या का निमंत्रण ठुकराने वाले अभागे: सीएम

**भोपाल,एजेंसी।** उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में तैयार किए गए पांच लाख लड्डुओं की प्रसादी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अयोध्या भेजी। उन्होंने लड्डू प्रसादी के पांच कंटेनरों से भोपाल के मानस भवन से भगवा झंडी दिखाकर रवाना किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उज्जैन और अयोध्या का संबंध दो हजार साल पुराना है। उन्होंने इस मौके पर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने वालों पर निशाना साधते हुए उन्हें अभागा निरुपित किया। दरअसल, अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर महाकालेश्वर मंदिर समिति ने एक करोड़ रुपये की लागत से पांच लाख लड्डुओं की प्रसादी तैयार की है, जो गुरुवार देर रात पांच कंटेनरों के माध्यम से भोपाल पहुंची थी। यह लड्डू प्रसादी 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में वितरित की जाएगी। शुक्रवार को भोपाल के मानस भवन में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने इन कंटेनरों को भगवा ध्वज लहराकर अयोध्या के लिए रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रामगोपाल सोनी की किताब अयोध्या का विमोचन भी किया। सम्राट विक्रमादित्य ने बनवाया था मंदिरमुख्यमंत्री ने कहा कि यह तो उप्र के वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझे बताया कि हमारे सामने वर्तमान की अयोध्या नगरी का यह जो भौगोलिक स्वरूप है, उसे दो हजार साल पहले सम्राट विक्रमादित्य के काल में जीर्णोद्धार कर नया रूप दिया गया था। भव्य मंदिर भी सम्राट विक्रमादित्य द्वारा बनाया बनवाया गया था।

### वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष में नहीं है कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार को वन नेशन वन इलेक्शन के लिए गठित की गई समिति के सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि कांग्रेस केन्द्र सरकार के इस विचार से सहमत नहीं हैं। एक लोकतांत्रिक देश में यह विचार संविधान की मूल भावना के विपरीत है। खड़गे ने कहा कि इस समिति में विपक्ष का समुचित प्रतिनिधित्व नहीं है। यह समिति विपक्ष को दरकिनार कर गठित की गई थी, क्योंकि केन्द्र सरकार की मंशा ठीक नहीं थी।

### ब्रिक्स देशों के साथ उत्कृष्टता, सहयोग के जश्न का अवसर: कोविंद

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि ब्रिक्स देशों के साथ उत्कृष्टता, नवाचार और सहयोग के जश्न का अवसर है। कोविंद ने ब्रिक्स ब्लॉक के विस्तार के लिए सामूहिक दृष्टिकोण और एक स्थायी भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत विकास दृष्टिकोण, वसुधैव कुटुंबकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के तहत देश आगे बढ़ रहा है।

# ऊँ टीवी ऐप ने राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अपनी पहली संगोष्ठी राम, भूत..वर्तमान.. भविष्य किया आयोजित



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

भारत का पहला ऐसा ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म, ऊँ टीवी, प्रस्तुत करता है, जो हमें यह कहने के लिए कुछ प्रदान कर सकता है कि हम भारतीय हैं। लखनऊ में राम संगोष्ठी 2024 ने हिंदू देवता, राम के 5000 वर्ष पुराने विषय को चर्चा किया। संगोष्ठी में उनके यात्रा के बारे में बातचीत हुई और यह कैसे आधुनिक समय में राम विभिन्न साधनों और रूपों में रहते हैं और हमें विभिन्न तरीकों से पुनर्निर्मित करते हैं। संगोष्ठी ने दीप प्रज्वलन समारोह के साथ खुली और ऊँ टीवी ऐप के संस्थापक नितिन शुक्ला के भाषण के साथ खुली थी, जिन्होने हमें संगोष्ठी की महत्वपूर्णता की चर्चा की। उन्होंने मास्टरपीस राम मंदिर मामले के विवेचन की और हमें 15वीं सदी में ले जाकर और तथ्यों को जीवंत करके मामले की विवेचन की। अगला सत्र रंजना अग्निहोत्री के साथ था, जो राम मंदिर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लखनऊ उच्च न्यायालय की प्रसिद्ध वकीलों में से एक भी हैं। इसके बाद मनोरंजन विचारकों का सत्र था और शिव सागर, गौरव बजाज और राजेश कुमार ने राम और उसके अस्तित्व के बारे में अपने मूल्यवान दृष्टिकोण साझा किए। राम संगोष्ठी को उनके समर्पण के रूप में सोंग की एक गीत का शुभारंभ किया गया जिसका मुख्य फोकस सोशल मीडिया और राष्ट्र के युवाओं पर था।

**उद्धारण: श्री नितिन शुक्ला, ऊँ टीवी के संस्थापक:** यह हमारी पहली संगोष्ठी है और इसमें इतने महान महापुरुषों के साथ राम की चर्चा करना स्वयं में एक गौरव है। राम के पास कई अनकही सत्य हैं ऊँ और टीवी के साथ हम न केवल इन सत्यों को प्रमोट करने का उद्देश्य रखते हैं बल्कि हमारी संगोष्ठी के माध्यम से इसके साथ तथ्य और आंकड़ों को भी प्रमोट करने का उद्देश्य रखते हैं। हमें यह गर्व है कि हमने प्रसिद्ध राम मंदिर मामले पर चर्चा करने और लोगों को इसके इतिहास के साथ राम के समर्पण की महत्वपूर्ण बातें बताने का सौभाग्य पाया। हमारी संगोष्ठी राम के और उनके समर्पण की ओर एक छोटी सी योगदान था जो समाज के कल्याण की दिशा में एक बड़े चित्र का हिस्सा बनने का उद्देश्य रखती है। ऊँ टीवी कहानियों के माध्यम से कल्पना को कैप्चर करने का एक जीवन का तरीका बनने की आकांक्षा करती है।

**श्री विष्णु जैन, भारत के सुप्रीम कोर्ट के वकील:** राम मंदिर का इतिहास 15वीं सदी में वापस जाता है और मंदिर के अस्तित्व को साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं। मैं उद्घाटन की दिशा में आगे बढ़ रहा हूं। संगोष्ठी के लिए नितिन ने एक सही निर्णयता लिया है कि राम की यात्रा और यह कैसे आधुनिक समय में राम विभिन्न साधनों और रूपों में रहते हैं। विषय एक विशाल क्षेत्र है और इसे कुछ शब्दों में संक्षेपित किया नहीं जा सकता। मैं नितिन से आग्रह करूँगा कि वह ऊँ टीवी के माध्यम से उन सभी अछूछे विषयों को शामिल करें।

**अभिनेता राजेश कुमार ने कहा:** मैं बचपन से ही राम भक्त रहा हूँ और मैंने उनकी दिव्य शक्ति को व्यक्तिगत रूप से अनुभव किया है। जब मुझे ऊँ टीवी के संगोष्ठी का हिस्सा बनने के बारे में बताया गया, तो मैंने खुद को रोका नहीं सका। राम संगोष्ठी ने राम के बारे में उस से परे विषयों को छूने का मौका दिया और हमें उन्हें कैसे देखते हैं, उस पर चर्चा करने का एक महान मंच प्रदान किया। संगोष्ठी ने विभिन्न परिस्थितियों और स्थितियों के लिए एक महान चर्चा मंच प्रदान किया और इस आधुनिक युग में राम विभिन्न रूपों में कैसे मौजूद है, यह किसी ने कहा नहीं। मैं भी बहुत खुश हूँ और उन सभी को हार्दिक बधाई देना चाहता हूँ जिन्होंने राम मंदिर के अस्तित्व के लिए प्रार्थना की थी, यह हमारे राष्ट्र के लिए सच्ची ऐतिहासिक जीत है।

**अभिनेता गौरव बजाज ने कहा:** ऊँ टीवी की ओर से लखनऊ में 2024 में राम संगोष्ठी आयोजित करने का एक महान विचार था, खासकर अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के पहले। हमारे राष्ट्र के युवाओं के लिए ऐसे प्रमुख विषयों पर चर्चा करना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसके लिए राम जैसा कौन और क्या हो सकता है, इस पर चर्चा करने के लिए कौन और क्या हो सकता है। मुझे इस महत्वपूर्ण विषय के सुनने का एक ऐसा अवसर मिला है, इसमें शामिल होने के लिए मैं पूरी तरह से खुश हूँ।





- संगोष्ठी के वक्ता शामिल थे- श्री विष्णु जैन, जिन्होंने राम मंदिर के मामले को जीता, रंजना अग्निहोत्री, उच्च न्यायालय, लखनऊ के वकील, श्री सुब्रत पाठक, सांसद, कनौज, टेलीविजन अभिनेता, गौरव बजाज और राजेश कुमार, अमित आज़ाद, स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद के पोते, शिव सागर, रामायण निर्माता रामानंद सागर के पौत्र, नितिन जय शुक्ला, टीवी ऐप के संस्थापक।
- ऐप का उद्देश्य ऐतिहासिक, पौराणिक, सांस्कृतिक और धार्मिक भारत को सभी आयु समूह के लिए समृद्धि प्रदान करना है, और संगोष्ठी ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के पहले राम और सीता तत्व की मूल स्वरूप को दर्शाया।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की सदस्यता बहाली याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल करने की सात अगस्त 2023 की अधिसूचना रद्द करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लखनऊ के वकील अशोक पांडे की याचिका खारिज करने के साथ-साथ उन्हें आदेश दिया कि इस अदालत का समय बर्बाद करने के एवज (जुर्माने की तरह) में वह एक लाख रुपए जमा करा दें। पीठ ने पांडे की याचिका को तुच्छ बताते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाओं का मतलब केवल शीर्ष अदालत और इसकी रजिस्ट्री का कीमती समय बर्बाद करना है। राहुल गांधी की 'मोदी उपनाम को लेकर 2019 में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के आपराधिक मानहानि मामले में 2023 में दो साल की जेल की सजा के बाद लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी।

# आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करें युवा: राज्यपाल

**देहरादून, एजेंसी**



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने युवाओं से कहा कि अतीत से सीखें, वर्तमान में जिएं, भविष्य के लिए सपने देखें और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कर्मयोगी की तरह काम करें। 25 वर्षों का ये अमृत काल आपके लिए कर्तव्य-काल भी है। शुक्रवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने वर्चुअली प्रतिभाग करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने स्वर्ण जयंती समारोह के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि देश और समाज की उन्नति में योगदान देना आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। भारत विश्व गुरु के रूप में अपना स्थान पुनः प्राप्त करने की आकांक्षा रखता है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मेहनती, विचारशील और मजबूत नागरिकों के रूप में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। राज्यपाल ने कहा कि जब आप अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखेंगे तो समाज भी आगे बढ़ेगा, देश भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि एक-एक युवा अपने हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सामर्थ्य से पूरा करेगा। सशक्त, समर्थ और सक्षम भारत के संकल्प की सिद्धि से इसी अमृत काल में हम विश्व का भी नेतृत्व करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि आज भारत विश्व की टॉप फाइव इकॉनमी, दुनिया के टॉप थ्री स्टार्टअप इकोसिस्टम में आया है। आज भारत एक से बढ़कर एक इनोवेशन और रिकॉर्ड पेटेंट फाइल कर रहा है। आज भारत दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है, तो इसके पीछे भारत के युवाओं की ताकत है। आपको अमृत काल में भारत को एक नई ऊंचाई पर लेकर जाना है। राज्यपाल ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और सेवा के 50 वर्ष पूरे होने पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए प्रशंसा की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की ओर से मानद उपाधि से सम्मानित होने वाले पूर्व छात्र और पूर्व सचिव व विशेष कार्याधिकारी पर्यटन विभाग भास्कर खुल्बे और पद्मश्री डॉ गोवर्धन मेहता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# राम शब्द सत्य, शौर्य, दया, तप और त्याग का वाचक है

*विश्व महानायक राम का नाम युगो-युगो से जन के मन पर छाया हुआ है। राम का नाम चिरंजीवी रहेगा तथा अपनी गरिमा के समस्त वैभवों से विश्व मानस को संत अर्पण प्रदान करता रहेगा। सचमुच राम का नाम कल्पवृक्ष है। वाल्मीकि ने राम पर काव्य रचना की और आदिकवि की संज्ञा प्राप्त कर अमर हो गए। आचार्य रविषेण, आचार्य गुणभद्र, आचार्य विमलसूरि तथा स्वयंभू और पम्प ने एक से एक उत्तम भाव प्रवण पुराण एवं काव्य साहित्य में रामचरित लिखे हैं। संस्कृत के स्वतंत्र महाकवियों तथा मैथिलीशरण गुप्त ने राम पर काव्य रचना की है। एक हजार से अधिक दुनिया भर की विविध भाषाओं में राम की गाथा को पढ़कर ऐसा प्रतीत होता है कि काल की समस्त सत्ता को ललकार कर और विस्मृति के संपूर्ण उत्पादनों को निरस्कृत कर राम का यह अद्भुत चरित्र लोक मानस में प्रतिक्षण नवीन होकर चिरजीवी हो रहा है। श्रीराम का चरित्र श्रीराम का चरित्र वस्तुतः साकार और निराकार, निर्गुण एवं सगुण, अलख तथा लख, अव्यक्त एवं व्यक्त परमेश्वर 'ब्रह्म' का संशयरहित आभामय साकार प्रकटीकरण ही है। गोस्वामी तुलसीदास ने परमेश्वर के इन दोनों शाश्वत स्वरूपों का अत्यन्त स्पष्ट और पुष्ट रेखांकन प्रभु श्रीराम के अवतार वर्णन में किया है-*

***ब्यापक ब्रह्म निरंजन निर्गुन बिगत बिनोद। सो अज प्रेम भगति बस कौसल्या कें गोद।।***

*सनातन धर्म में निर्गुण और सगुण तथा निराकार एवं साकार परमेश्वर के भ्रम का निराकरण मजबूत आध्यात्मिक तर्कशक्ति से किया गया है और यह निराकरण इस धर्म की विशाल वैचारिक पृष्ठभूमि एवं उदारता के साथ इसकी अद्भुत विलक्षण विशेषता भी कही जा सकती है। तत्वतः निराकार परमेश्वर ही भक्तों के प्रेमवश उसके कल्याण हेतु साकार रूप में प्रकट होते हैं-*

***अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई।।***

*निराकार 'ब्रह्म' भक्तों के प्रेमवश तो साकार स्वरूप में प्रकट होते ही हैं लेकिन वह परमेश्वर लोकरक्षा के लिए भी साकार रूप ग्रहण करते हैं एवं विविध अवतार के माध्यम से अपनी मनोरम लीला के साथ विभिन्न कालखण्ड में इस लोक में अवतरित होते रहते हैं। रामचरितमानस के बालकाण्ड में भगवान शिव माँ पार्वती से इस सत्य को उद्घाटित करते हुए कहते हैं-*

**जब जब होइ धरम कै हानी। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी।।**
**करहिं अनीति जाई नहिं बरनी। सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी।।**
**तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।**

*भारतीय आध्यात्मिक चिन्तन यही कहता है कि लोकमंगल एवं सज्जनों की रक्षा हेतु निराकार परमेश्वर साकार स्वरूप में अवतार लेकर जगत के कल्याण के साथ अपने लोक-चरित्र से धर्म और मर्यादा की पुनर्स्थापना करते हैं। भारतीय आध्यात्मिक चिन्तन के अनुरूप ही प्रभु श्रीराम अपने अवतार की सार्थकता के प्रति संतों को आश्वस्त करते हैं। एक अन्य कोण से देखा जाए तो राम एक बहुत ही सौभाग्यशाली व्यक्तित्व है। उन्हें पिता, माता, पत्नी, भ्राताओं, गुरुजनों और मित्रों से भरपूर स्नेह व प्रेम मिला था। पिता उन्हें युवराज पद पर आसीन करना चाहते थे। माता कौशल्या का तो उन पर असीम स्नेह था ही। भ्राताओं पर राम का प्रगाढ़ स्नेह है तो भ्राताओं की उन पर परम भक्ति है। वचनबद्धता और आज्ञापालन राम के व्यक्तित्व के अन्य शाश्वत रेशे है। यही वजह है कि उनके द्वारा किया हुआ हां अथवा न स्वीकार और निषेध व अमिट वचन है। जब पिता की आज्ञा पाकर राम वनवासी हो गए, तब उन्हें लौटाने के भरत ने कई प्रयत्न किए, परंतु राम अपनी मर्यादा से कतई विचलित नहीं हुए। उन्होंने भरत को समझाते हुए यहां तक कह दिया कि पूज्य पिता का आदेश मेरे लिए अक्षरशः पालनीय है और तुम्हें भी उसका वैसे ही पालन करना चाहिए।राम का आर्यसूत्र है-शरणागत को अभय इसीलिए वे सीता अपहरणकर्ता रावण के प्रति भी बड़े उदारमत थे।*



# ईडी के विरोध में आदिवासी संगठनों ने निकाला आक्रोश मार्च

**रांची, एजेंसी**

> भाजपा सरकार का यही रवैया रहा तो आने वाले दिनों में विरोध का स्वरूप और तेज होगा

केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व में आदिवासी संगठनों से जुड़े लोगों ने शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक आक्रोश मार्च निकाला। ईडी के मुख्यमंत्री को समन भेजने के विरोध में विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोग एकजुट हुए हैं। सभी सरना झंडा और तख्तियां लिए हुए थे।

तख्तियां में लिखा था कि आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित करना बंद करो, केंद्र सरकार होश में आओ। मौके पर केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तुम बढे चलो हम तुम्हारे साथ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान किया जा रहा है। यदि केंद्र की भाजपा सरकार का यही रवैया रहा तो आने वाले दिनों में विरोध का स्वरूप और तेज होगा। उन्होंने कहा कि ईडी वाले भाजपा शासित राज्यों का रास्ता क्यों भूल जाते हैं। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री से ईडी की पूछताछ पर आदिवासी समाज की नजर है। यदि ईडी ने मुख्यमंत्री को अपमानित करने की कोशिश की तो जिस तरह से बंगाल में ईडी पर पत्थर चला था, यहां तीर-धनुष चलेगा। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाथ भी लगाया गया तो झारखंड में आग लगा देंगे।उल्लेखनीय है कि जमीन से जुड़े मामले में बयान दर्ज कराने के लिए ईडी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को एक के बाद एक आठ समन भेजा है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 20 जनवरी को ईडी को मुख्यमंत्री आवास आकर पूछताछ करने पर सहमति दी है।

# आईआईटी-बीएचयू छेड़छाड़ मामले में 200 पेज की चार्जशीट दाखिल

**वाराणसी।** वाराणसी पुलिस ने आईआईटी-बीएचयू की छात्रा से छेड़छाड़ मामले में 200 पेज की चार्जशीट दाखिल की है। आरोप पत्र में छात्रा के साथ हुई घटना का विवरण उसके अपने शब्दों में दिया गया है और इसमें उसके साथ मौजूद उसके दोस्तों, आईआईटी बीएचयू के प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सुरक्षा गार्ड और मेडिकल परीक्षण करने वाले डॉक्टर के बयान दर्ज किए गए हैं।

छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट का भी जिक्र है। सबूतों के तौर पर पुलिस ने घटना स्थल पर तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन की लोकेशन, आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज और उससे प्राप्त फोटो, उनका रूट चार्ट और मोबाइल से बरामद डेटा कोर्ट में पेश किया है। घटना के 60 दिन बाद यानि 31 दिसंबर 2023 को कुणाल पांडे, सक्षम पटेल और अभिषेक चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। कुणाल भाजपा की महानगर इकाई के आईटी सेल के सह संयोजक था।